रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 25 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 210 मूल्य 3.00 ₹


माँ कुष्माण्डा

# देश के लिए हर कीमत चुकाने को हूं तैयार : राहुल गांधी

## खड़गे ने कहा लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी नेताओं को जेल भी जाना पड़े तो जायेंगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा की सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया में कहा है कि वह देश की आवाज की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसके लिए उन्हें जो भी सजा मिले उसका सामना करने के लिए तैयार हैं।



गांधी ने ट्वीट किया मैं भारत की आवाज़ के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं। गौरतलब है कि लोकसभा सचिवालय ने सूरत की एक अदालत के गुरुवार के फैसले के आधार पर गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी है जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस ने भी यहाँ पार्टी मुख्यालय में आपात बैठक बुलाई गई। जिसमें इस संकट से निपटने की रणनीति पर विचार किया गया।

### सच बोलने के कारण राहुल गांधी की सदस्यता गयी : मल्लिकार्जुन खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता सच बोलने के कारण समाप्त की गयी है। खड़गे ने



यहां संवाददाताओं से गांधी की सदस्यता समाप्त किये जाने पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा, हम लोग सदन के अंदर और बाहर तथा आम सभाओं में सच बोलते रहेंगे। लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी नेताओं को जेल भी जाना पड़े, तो जायेंगे। आज भी 140 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अडानी मामले की संयुक्त जांच समिति से जांच की मांग आगे भी बनी रहेगी। खडगे ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि सच बोलने वाला कोई सदस्य सदन के अंदर रहे। उन्होंने कहा, हम अंदर भी सच बोलेंगे और बाहर भी सच बोलेंगे। उल्लेखनीय है कि गांधी की लोकसभा की सदस्यता मानहानि के एक मामले में दो साल की सजा दिये जाने के बाद समाप्त की गयी है। गांधी केरल के वायनाड सीट से लोकसभा सदस्य थे।

### सीएम भूपेश ने कहा-आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा 'डरो मत'

मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस



लगातार केन्द्र सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रायपुर में कांग्रेस ने गांधी मैदान में एकदिवसीय सत्याग्रह किया। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत कई कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद जैसे ही नेताओं को पता चला कि राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है, सभी ने तीखा रिएक्शन दिया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने लिखा तानाशाह का सबसे बड़ा डर होता है कि उससे लोग डरना बंद न कर दें, आप उसे डराना चाहते हैं जो पूरे देश को कह रहा है 'डरो मत'। इंदिरा जी के साथ भी यही भूल की थी कुछ लोगों ने, बाकि फिर इतिहास है, यहीं मिलेंगे जनता की अदालत में, जनता होगी, जननेता होंगे, नहीं होंगे तो सिर्फ़ डर और तानाशाह। वहीं पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा-राहुल गांधी के खिलाफ केंद्र सरकार का षडयंत्र है, हम सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। केंद्र विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है।

### भाजपा नेताओं के तस्वीर पर कालिख पोतने पर आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता



**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। राजधानी में भी उसका असर देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता राजधानी में रजबंधा मैदान स्थित भाजपा दफ्तर एकात्म परिसर पहुंचे, और वहां जमकर हंगामा मचाया। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश भाजपाध्यक्ष अरूण साव की तस्वीर पर कालिख पोत दी। युवकों ने वहां लगे झंडे का डंडा निकाल लिए। सूचना पाकर भाजपा के कार्यकर्ता भी वहाँ पहुंच गए फिर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच आपस में मारपीट हुई है। बताया जा रहा है कि इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता का सिर फट गया। वहीं मामले को देखते हुए कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के बाहर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी राजीव भवन में घुसने की कोशिश की। साथ ही पथराव भी किया। हालांकि, पुलिस मामले को काबू करने की कोशिश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक हंगामा चल रहा था। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

### राहुल की आवाज को कोई दबा नहीं सकता : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी नेता राहुल गांधी पर की गई कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि गांधी की आवाज बुलंद है तथा सत्तालोभी और तानाशाह के सामने वह कभी झुकने वाले नहीं है। वाड्रा ने मोदी को संबोधित करते हुए ट्वीट किया मोदीजी आप मेरे परिवार को परिवारवादी कहते हैं, जान लीजिए, इस परिवार ने भारत के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा, जिसे आप ख़त्म करने में लगे हैं। इस परिवार ने भारत की जनता की आवाज़ बुलंद की और पुश्तों से सच्चाई की लड़ाई लड़ी। हमारी रगों में जो खून दौड़ता है उसकी एक ख़ासियत है, आप जैसे सत्तालोभी तानाशाह के सामने कभी नहीं झुका और कभी नहीं झुकेगा। आप कुछ भी कर लीजिए। उन्होंने कहा मोदी आपके चमचों ने एक शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को देशद्रोही, मीर जाफ़र कहा। आपके एक मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी का पिता कौन है। कश्मीरी पंडितों का रिवाज निभाते हुए एक बेटा पिता की मृत्यु के बाद पगड़ी पहनता है, अपने परिवार की परंपरा क़ायम रखता है। भरी संसद में आपने पूरे परिवार और कश्मीरी पंडित समाज का अपमान करते हुए पूछा कि वह नेहरू नाम क्यों नहीं रखते लेकिन आपको किसी जज ने दो साल की सज़ा नहीं दी। आपको संसद से डिस्क्वालिफाई नहीं किय। उन्होंने कहा राहुल ने एक सच्चे देशभक्त की तरह अडानी की लूट पर सवाल उठाया। नीरव मोदी और मेहुल चौकसी पर सवाल उठाया।

### ममता ने राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द करने पर कड़ा ऐतराज जताया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द किये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बनर्जी ने ट्विटर पर कहा, पीएम मोदी के न्यू इंडिया में विपक्षी नेता भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को कैबिनेट में शामिल किया जाता है, वहीं विपक्षी नेताओं को उनके भाषणों के लिए अयोग्य ठहराया जाता है। उन्होंने कहा, हमने अपने संवैधानिक लोकतंत्र के लिए एक नया निम्न स्तर देखा है।



## क्विक न्यूज़

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जगदलपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया। सीमा सुरक्षा बल के विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचे गृह मंत्री शाह की अगवानी पूर्व मंत्री केदार कश्यप, महेश गागड़ा, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, उपस्थित रहे।

### ताकत शब्दों में होनी चाहिए : धनखड़

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में सदस्यों को अपने व्यवहार में गंभीरता बरतने की सलाह देते हुए कहा कि ताकत आवाज में नहीं बल्कि शब्दों में होनी चाहिए। धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि सदस्यों को अपने मुद्दे गंभीरता से उठाने चाहिए और शब्दों में वजन लाना चाहिए। उन्होंने कहा, ताकत अपने लफ्जों में डालो आवाज़ में नहीं, क्योंकि फ़सल बारिश से उगती है, बाढ़ से नहीं। इसके बाद धनखड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह शायर है लेकिन, इतना मत बोलो कि लोग चुप होने का इंतजार करें, इतना बोल कर चुप होओ कि लोग दोबारा बोलने का इंतजार करें। सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य लगातार हंगामा कर रहे हैं और कोई कामकाज नहीं हो पा रहा है। सभापति की यह टिप्पणी इसी संदर्भ में समझी जा रही है।

### लोकसभा में हंगामे के बीच वित्त विधेयक 2023 पारित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने अदानी मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर भारी शोर-शराबे और नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से शुक्रवार को सदन में पेश वित्त विधेयक 2023 के प्रस्तावों को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। वित्त विधेयक के पारित होने के बाद अब वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे पहले गुरुवार को सदन ने विपक्षी दलों के हंगामे के बीच विनियोग विधेयक 2023 पारित किया था। लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण एक बार स्थगित होने के बाद 12 बजे जैसे ही दोबारा शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी बीच वित्त मंत्री ने 2023-24 वित्त वर्ष के लिए वित्त विधेयक के प्रस्ताव पेश किए।

### गरीब, दलित का बेटा देश के सर्वोच्च पद पर जाए, यह कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं : योगी

वार्ता < वाराणसी
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को बांटने की राजनीति करने वाले कांग्रेस के नेताओं को गरीब, दलित के बेटे का देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होना फूटी आंख नहीं सुहाता है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से देश को बांटने की राजनीति की है। अपने राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस ने नक्सलवाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। देश ने कल देखा है कि किस तरह से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने संसदीय मर्यादा को ताक पर रखते हुए दलित, गरीब, पिछड़े और वंचितों के खिलाफबयान दिया और जब न्यायालय की ओर से इसे लेकर खरी खोटी सुनाई गई तो कांग्रेस नेता न्यायालय की अवमानना करने पर उतारू हो गये। कांग्रेस को गरीबों, दलितों और पिछड़ों के अपमान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत दुनिया के सबसे ताकतवर 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। जो दुनिया में भारत की नई ताकत का अहसास कराता है। भारत की प्रगति पर जहां एक तरफदुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है और इस मॉडल को अंगीकार करने के लिए लालायित है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं।

### दिल्ली अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित



**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवायी कर रही दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और बचाव पक्ष के वकील की ओर से दलीलें सुनने और दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 31 मार्च के लिए सुरक्षित रख लिया। सिसोदिया के वकील ने पहले जमानत अर्जी के माध्यम से अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया था कि उन्होंने ने हमेशा जांच एजेंसी के साथ सहयोग किया और तलाशी के दौरान उनके खिलाफकोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आवेदक सिसोदिया ने गवाहों को प्रभावित किया, सिवाय एक अस्पष्ट तर्क के कि वह गवाहों को प्रभावित करने की स्थिति में हैं। उन्होंने आगे कहा कि सिसोदिया के पास से एक पैसा भी नहीं मिला है। उन्होंने आगे कहा कि सिसोदिया की हिरासत में पूछताछ से कोई फायदा नहीं हुआ और उन्हें सलाखों के पीछे रखने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि जमानत दी जाती है तो वह अदालत द्वारा निर्धारित सभी नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए तैयार हैं। सीबीआई के सरकारी वकील ने अदालत में दलील देकर सिसोदिया की जमानत अर्जी का विरोध किया कि इस मामले में सिसोदिया द्वारा बार-बार फोन बदले जाते थे, जो कही से भी ठीक नहीं था और सबूतों को नष्ट करने के लिए ऐसा किया गया था। उन्होंने कहा कि अगर जमानत दी जाती है तो वह आबकारी नीति में सबूतों को नष्ट करने की स्थिति में जरूर हो सकते हैं। अतः जमानत अर्जी को आधारहीन होने के कारण खारिज किया जा सकता है।

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश के मंत्री और विधायक मौजूद थे**

## पीएम मोदी ने वाराणसी को दी 28 विकास परियोजनाओं की सौगात

वार्ता < वाराणसी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 1780 करोड़ रूपये की 28 विकास परियोजाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में मोदी ने बटन दबा कर परियोजनाओं की सौगात दी और लाभार्थियों को चेक वितरित किये। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश के मंत्री और विधायक मौजूद थे। मोदी ने वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक पैसेंजर रोपवे का शिलान्यास किया। इस परियोजना की लागत लगभग 645 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। पांच स्टेशनों वाली यह रोपवे प्रणाली 3.75 किलोमीटर लंबी होगी। इससे पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और वाराणसी के निवासियों का आवागमन सुविधाजनक होगा।



प्रधानमंत्री नमामि गंगे योजना के तहत भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास किया। इस प्लांट का निर्माण 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। प्रधानमंत्री खेलो इंडिया योजना के तहत सिगरा स्टेडियम के पुनर्विकास कार्य के दूसरे एवं तीसरे चरण का शिलान्यास किया। मोदी सेवापुरी के इस रवर गांव में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित किए जाने वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री भरथरा गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चेंजिंग रूम से लैस फ्लोटिंग जेट्टी सहित विभिन्न अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इसके अलावा उन्होने जल जीवन मिशन के तहत 19 पेयजल योजनाओं का लोकार्पण किया। पेयजल की इन योजनाओं से 63 ग्राम पंचायतों के तीन लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने से उद्देश्य से प्रधानमंत्री इस मिशन के तहत 59 पेयजल योजनाओं का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एटीसी टॉवर, भेलूपुर स्थित वाटर वर्क्स परिसर में दो मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र, कोनिया पम्पिंग स्टेशन में 800 किलोवाट क्षमता वालेसौर ऊर्जा संयंत्र, सारनाथ में नया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत विभिन्न परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
श्री बालाजी हॉस्पिटल
निःशुल्क हड्डी रोग
एवं बी.एम.डी जांच शिविर
दिनांक : 25/03/2023 | दिन : शनिवार
समय :10:00 से 4:00 बजे तक
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क एक्स-रे
MRI पर 50% डिस्काउंट
एवं अन्य सभी जांचो पर 50% की विशेष छूट


DR LUNIK YADU
MBBS, MS, (Ortho)
DNB (PM & R), DNB (Ortho)
SENIOR ORTHOPEDIC &
JOINT REPLACEMENT SURGEON


DR. RAMEEZ PATHAN
MBBS, MS (Ortho),FIJR, FAGE,Int'l
Clinical Fellowship ( UK)
ORTHOPEDIC, TRAUMA &
JOINT REPLACEMENT SURGEON


DR. AMINUDDIN QURESHI
MBBS, DNB ORTHOPEDIC, D'ORTHO.
TRAUMA, ARTHROPLASTY AND
ARTHROSCOPIC SURGEON

- कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण (टोटल हिप रिपलेसमेंट)
- घुटने के जोड़ो का प्रत्यारोपण (टोटल नी रिपलेसमेंट)
- दुर्घटना जनित फ्रैक्चर एवं पुराने जटिल फ्रैक्चर का अत्याधुनिक इलाज
- आर्थोस्कोपी
- लिगामेंट की सर्जरी
- वेरिकोज़ वेन की सर्जरी

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राशन कार्ड ) से इलाज की सुविधा
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
फोन : 9926191294, 9399729216, 0771-4241000/01/02

# छत्तीसगढ़ की बेटियों ने एनटीपीसी के कोचिंग कैंप में सीखे फुटबाल के गुर

## बिजली उत्पादन के मूल लक्ष्य के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की खेल प्रतिभा को भी तराश रहा है एनटीपीसी कोरबा

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



(ईएमएस) एनटीपीसी कोरबा में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय वरिष्ठ महिला फुटबाल चयन परीक्षण व कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया। दिनांक 02 से 23 मार्च 2023 तक चलने वाले कोचिंग कैंप में बालोद, रायपुर, बस्तर एवं दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। फूटबाल के साथ-साथ इन्हे अन्य प्रकार के प्रशिक्षण भी प्रदान किए गए। खिलाड़ियों को कैंप के दौरान सॉफ्ट स्किल्स, जेंडर संवेदीकरण आदि विषयों पे भी प्रशिक्षण दिया गया। अपने प्रवास के दौरान खिलाड़ियों ने होली मिलन, महिला दिवस आदि उत्सवों में भी भाग लिया। कोचिंग कैंप में 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे पहले टूर्नामेंट के आधार पर 30 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। इन 30 खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी गयी जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिध्तित्व करने के लिए 22 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। छत्तीसगढ़ की यह बेटियाँ अब राज्य का राष्ट्रिय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ियों के साथ कोचिंग कैंप में कोच योगेश जांगड़े, सहायक कोच और प्रबंधक ने भी हिस्सा लिया। 23 मार्च को कोचिंग कैंप का समापन हुआ जिसमे एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा खिलाड़ियों को किट प्रदान करी गयी। समापन समारोह के दौरान मधु एस. महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने कहा कि एनटीपीसी कोरबा द्वारा राज्य स्तरीय वरिष्ठ महिला फुटबाल चयन परीक्षण व कोचिंग कैंप का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। सभी खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी सुविधाएं प्रदान की गयी। सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली प्लेयर किरन पिसदा भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा रहीं।

कोचिंग कैंप के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होने कहा कि एक महीना तक चलने वाले प्रशिक्षण में हमें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। हमारे रहने, खाने-पीने एवं मेडिकल का पूरा ध्यान रखा गया। मैं एनटीपीसी का धन्यवाद देना चहुंगी कि उन्होने हमें सभी सुविधाएं उपलब्ध करायीं। राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर के मुझे गर्व को रहा है। इस कोचिंग कैंप के दौरान चयनित होने में भी मुझे खुशी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनिवार्य है। हैड कोच योगेश जांगड़े ने कहा कि हमने 22 बच्चों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित किया है जो भिलाई में होने वाली है। इसमे झारखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, लद्दाख एवं जम्मू कश्मीर5 और प्रदेश के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। यह मैच 26 तारीख से 08 अप्रैल तक चलेंगे। एनटीपीसी में हमारा अनुभव बेहद सुखद रहा। पहले दिन से प्रबंधन का पूरा सहयोग मिला। जो सुविधाएं हमें मिली वो काफी अच्छी थी ग्राउंड, क्लासरूम, खाने-पीने, मेडिकल सब सुविधाएं बहुत अच्छी थीं।

# किसानों ने बंद कराई ढेलवाडीह खदान



### पेयजल संकट दूर करने की मांग

### दिया सात दिन का अल्टीमेटम

### प्रबंधन ने किसानों को दिया लिखित आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

(ईएमएस) कोरबा जिले में किसान सभा की अगुआई में ग्रामीणों ने ढेलवाडीह कोयला खदान में काम ठप्प कर दिया। करीब तीन घंटे तक यह हंगामा चलता रहा। इस दौरान किसी भी मजदूर को अंदर या बाहर नहीं जाने दिया गया। सूचना मिलने पर अफसरों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण वहां से हटें। वहीं एक सप्ताह में मांग पूरी नहीं होने पर फिर खदान बंद करने की चेतावनी दी है। यह ग्रामीण खदान के प्रभावित गांवों से हैं। इसके चलते गांव में पेयजल संकट शुरू हो गया है। ढेलवाडीह कोयला खदान से प्रभावित गांव ढपढप कसरेंगा में पेयजल संकट शुरू हो गया है। साथ ही गांव के कुंओं, बोरहोल और घरों को भी नुकसान हुआ है। इसके चलते क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर ग्रामीण खदान के मुहाने पर बैठ गए। उन्होंने खदान के अंदर-बाहर किसी के भी जाने पर रोक लगा दी। इससे खदान में पानी निकासी की समस्या बढ़ने लगी। इसकी जानकारी अफसरों को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गए। प्रबंधन के समझाने पर चार कर्मचारियों को अंदर जाने दिया। प्रबंधन ने तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के साथ अन्य समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों से वार्ता की। प्रबंधन ने पेयजल समस्या का एक सप्ताह में निराकरण करने का आश्वासन दिया है। साथ ही ग्रामीणों के घर, कुंआ, बोर को हुए नुकसान के संबंध मे 29 मार्च को ढेलवाडीह में बैठक कर आगे कार्यवाही का लिखित आश्वासन भी दिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित किया और वहां से लौट गए। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में मांग पूरी नहीं हुई तो एक अप्रैल से फिर आंदोलन करेंगे।

# युवा कांग्रेस द्वारा केंद्रीय सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार, बालोद जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे के मार्गदर्शन में एवं डौंडीलोहारा विधानसभा के अध्यक्ष भरत देवांगन के नेतृत्व में राहुल गांधी जी को सूरत हाई कोर्ट द्वारा 2 साल की सजा सुनाने के बाद आक्रोश में 23 मार्च को युवा कांग्रेस दल्लीराजहरा द्वारा केंद्रीय में बैठी मोदी सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया और राहुल गांधी के ऊपर लगाए गए बेबुनियाद इल्जाम को हटाने के लिए जनाक्रोश कर नारे बाजी की गई। अध्यक्ष भरत देवांगन द्वारा कहा गया की राहुल गांधी के ऊपर लगाए गए ये आरोप और सजा सिर्फकेंद्रीय में बैठी मोदी सरकार की साजिश है और ये सिर्फ मोदी और अडानी को मिलाने का प्रयास है,ये सिर्फ हमारे नेता राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए साजिश रची जा रही है,जिसमे मोदी और अडानी भाई भाई का रिश्ता निभा रहे है। इस जनाक्रोश पुतला दहन कार्यक्रम में दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री विवेक मसीह, जसविंदर सिंह गिल, स्वप्निल तिवारी,सलमान खान,पूर्व जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष सेन, दिनेश यादव, हेमंत पटेल, चंदन ठाकुर, नीरज साहू, राहुल कड़पती, रंजीत बघेल, आदी भगत, विकास जैन, अयान अहमद, मुकेश पटेल, खिलेश पटेल, राहुल पाठक, नदीम, इरफान, विनय देवांगन, अक्षय, कृशांत कुमार आदि बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामानुजगंज भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने अशर्फी यादव



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बलरामपुर रामानुजगंज के घोषित नवीन कार्यकारिणी में रामानुजगंज युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष का दायित्व पार्टी सक्रिय युवा भाजपा नेता अशर्फी यादव को दिया गया है। असर्फी यादव पूर्व में सोशल मीडिया संयोजक एवं युवा मोर्चा मंडल महामंत्री का दायित्व के रूप में बेहतर काम किया है जिसके वजह से पार्टी ने उन्हें उनके ऊपर भरोसा जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है अशर्फी यादव हमेशा पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका में नजर आते हैं। अपने विपक्ष पार्टी के ऊपर सोशल मीडिया ग्रुप में इनके के द्वारा आए दिन कड़ा प्रहार देखने को मिलता है। मंडल अध्यक्ष का दायित्व मिलने के उपरांत अशर्फी यादव पार्टी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने हमें जो नई जिम्मेदारी दी है उसका मैं पूरी इमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा और आने वाला 2023 के विधानसभा चुनाव में रामानुजगंज विधानसभा में कमल खिलाने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका होगी।

# बालको ने उत्कृष्ट जल प्रबंधन के लिए किया चेक डैम का नवीनीकरण

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिलान्तर्गत वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बालको के कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के लोग दोंदरो गांव में चेक डैम के नवीनीकरण के लिए एक साथ आए। 2016 में बालको द्वारा निर्मित इस चेक डैम में गाद जमा होने के कारण इसकी जल धारण क्षमता कम हो गई थी। गाद को हटाने में 50 से अधिक बालको कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया। सफाई के बाद जल धारण क्षमता की बहाली से लगभग 100 किसानों को लाभ होगा। किसानों को ग्रीष्मकाल में दूसरे और तीसरे फसल के लिए पानी सुरक्षित करने के साथ ही आस-पास के जल संरचनाओं को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। लगभग 60 लाख लीटर की विशाल भंडारण क्षमता वाले इस चेक डैम के अलावा बालको कई अन्य संरचनाओं को आने वाले महीनों में नवीनीकरण करने की योजना बना रहा है। यह पहल गर्मी के महीनों के दौरान सिंचाई के लिए स्थायी जल आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र के किसानों को बेहतर फसल की पैदावार देने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगी। स्थानीय समुदायों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों में मदद करते हुए बालको ने अब तक इस क्षेत्र में 150 से अधिक जल संरचनाएं जैसे चेक डैम, कृषि तालाब, सामुदायिक तालाब आदि विकसित किए हैं। इससे वर्ष में एक से अधिक फसल के पैदावार होने से लगभग 32 से अधिक पड़ोसी गांव लाभान्वित होंगे। इन संरचनाओं ने मिट्टी की नमी को बढ़ाने और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी योगदान दिया है, जिससे क्षेत्र में कृषि पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।चेक डैम के नवीनीकरण के अलावा बालको विश्व जल दिवस के अवसर पर स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देकर जल सप्ताह मना रहा है। अपने विभिन्न पहल 'वाटर लीकेज स्पॉटिंग सुपरहीरो' अभियान, जल प्रबंधन पर वार्ता, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं की मदद से कर्मचारियों एवं स्थानीय समुदाय के बीच जल संसाधनों के संरक्षण और दैनिक जीवन में स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए जागरूकता पैदा की है।

# मुख्य महा प्रबन्धक बी.आर गहरवार ने रिबन काट कर मशीन को मांइस के उत्पादन हेतु खदान रवाना किया



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारत मे अपनी रेल जाल बिछाने वाला भिलाई इस्पात संयंत्र आज भारत का एक उप म है। इसे भरपूर मात्रा मे लौह अयस्क देने और संयंत्र को निरंतर चलाने के लिए दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान एक जीवन दायिनी खदान है। जहां हज़ारों मजदूरो की रोजी रोटी चलती है। जो एक रेल और सेल के लिए एक मील का पत्थर सबित कर चुका है जहां हजारों मजदूर अपने श्रम से संयंत्र के लिए कन्धे से कन्धे मिलाकर एक सशक्त भारत का निर्माण कर रहे हैं। जहां खदानों में बी.ई.एम.एल के मशीन का भी योगदान है। जो हर कार्य को सरल रूप से कम समय मे काम कर के देने मे योगदान देती है। बी.एस.पी.दल्ली व राजहरा मांइस मे डोजर, ,डम्फर, एक्सेवेटर. ग्राइंडर मशीनें जो उत्पादन को उच्च क्षमता और उत्पादन मे सहयोग कर भिलाई इस्पात संयंत्र का खदानों में सहयोग करती है। समय समय मे बी.एस.पी के आधिकारिक खदानों मे उत्पादन को लेकर मशीनों की बढ़ोत्तरी कर हर कार्य को संभव रूप से सार्थक परिणाम देते है। उत्खनन कार्य के लिए राजहरा मांइस मे बी.ई.एम.एल लिमिटेड BE 1000 सावल का उद्धघाटन दल्लीमांइस के सीजीएम बी.आर. गहरवार, राजहरा मांइस एम.श्रीकांत, एम.नडेस, विपिन. कुमार, बी.ई.एम.एल लिमिटेड जिला प्रबंधक ओंकार नाथ, मार्क इंचार्ज निशांत कुमार, आर.के.गर्ग, आदर्श श्रीवास्तव, अजय चतुर्वेदी, अमोल बेले, कपिल नायडू., सियाराम ध्रुव, आशाराम ठाकुर, सभी आधिकारिकगण की उपस्थित में सीजीएम. बी.आर गहरवार ने रिबन काट कर मशीन को मांइस के उत्पादन के लिए आपरेटर कुलदीप को मांइस में रवाना किया।

# 25 मार्च के खदान बंदी आंदोलन को इंटक का मिला समर्थन

### एसईसीएल प्रबंधन को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिलाध्यक्ष कोरबा श्यामू जायसवाल ने ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति जिला कोरबा के अध्यक्ष को समर्थन पत्र जारी किया है। पत्र में लिखा गया है कि आपका संगठन जिले के जल, जंगल, जमीन और रोजगार, बसाहट, मुआवजा जैसी मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रही है। इसी कड़ी में 25 मार्च से गेवरा और अन्य एसईसीएल क्षेत्रों में चरणबद्ध खदान बंदी का आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) परिवार जिला कमेटी समर्थन करती है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा अभिषेक कंवर की ओर से कलेक्टर को कुछ मांग के लिए भी ज्ञापन दिया जा रहा है। सीजीएम ऑफिस गेवरा में भू-विस्थापित किसान कल्याण संगठन के द्वारा 25 मार्च को गेवरा खदान बंद के आंदोलन का समर्थन किया गया एवं एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान श्यामू जायसवाल जिला अध्यक्ष इंटक कोरबा, अभिषेक कंवर ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा, नरेंद्र सोनी जिला उपाध्यक्ष, संत चौहान ब्लॉक उपाध्यक्ष कटघोरा, घासीराम भारद्वाज महामंत्री, खगेश बरेठ, कैलाश कर्ष, मनोज कुमार, बिनदेश कुमार, दयाराम सोनी, शिवचरण चौहान, चामू, मणि शंकर साहू, रोहित दास, किशन कुमार, पुलेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह राठौर, अशोक साहू समेत गेवरा-दीपका क्षेत्र के इंटक सदस्य उपस्थित थे।

# समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से जिले के किसान गदगद

### फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि किसनिहा मुख्यमंत्री ने किसानों के दर्द को समझा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री ह्न भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए किसानों से समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गयी है। धान खरीदी की मात्रा 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने के फैसले जिले के किसान गदगद हैं। उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। किसानों ने कहा कि आखिर किसान के दर्द को एक किसनिहा मुख्यमंत्री ने समझा। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री को बारंबार धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। सकरी तहसील के बहतराई में रहने वाले किसान संतोष कुमार कौशिक ने इस घोषणा को किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि वे दो एकड़ में खेती करते हैं और लगभग 40 क्विंटल धान की पैदावार होती है। 15 क्विंटल के बाद बाकी का धान औने-पौने दाम पर बाजार में 1200 क्विंटल में बेचते थे। इस फैसले से प्रति क्विंटल हमें 20 से 25 हजार रूपए की बचत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित में ऐसा निर्णय लिया गया है। अमेरी गांव के मनहरण लाल निर्मलकर ने बताया कि उनके पास पांच एकड़ खेत है। उन्होंने इस फैसले को किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। निरतू गांव की कला बाई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू से किसानों के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इस घोषणा से अब हमें औने-पौने दाम पर अपने धान को बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। बहतराई के लक्ष्मी प्रसाद कौशिक ने बताया कि वे पौने दो एकड़ भूमि में खेती किसानी करते है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त धान को औने पौने दाम में बेचना पड़ता था, जिससे हमें नुकसान होता था। सरकार द्वारा दी जा रही राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त से हम बच्चों की परवरिश और अपने सारे त्यौहार अच्छे से मना पा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। तखतपुर ब्लॉक के चिचिरदा निवासी बद्रीप्रसाद ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया है।

# जल संरक्षण करने ग्रामीणों को किया गया प्रेरित

**बिलासपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम बन्नाकडीह में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान सोसायटी के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जल के रख-रखाव, संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में जानकारी देते हुए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को जल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सामुदायिक सहभागिता एवं जलकर वसूली के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। वर्षा जल के संचय, रूफ्रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं सोक्ता गड्ढा बनाने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में अभियान सोसायटी के टीम लीडर विनोद सिंह, नोडल अधिकारी पी.के. महतो, क्वाडिनेटर हिमांगी बघेल, डब्ल्यूक्यूएमएस के क्वाडिनेटर सभ्या बंदे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

**छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है**

# महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में छत्तीसगढ़ की महिलाएं जागरूक नहीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वीकारा कि महिलाओं से संबंधित अपराध उप्र, हरियाणा में सर्वाधिक

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा का मानना है कि छत्तीसगढ़ में महिलाएं महिलाओं से संबंधित कानून के प्रति जागरुक नहीं है, वे इस कानून के बारे में पूरी जानकारी से अभी तक वाकिफ नहीं हुए है। जो आंकड़े सामने आए है उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है। न्यू सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तीखे सवालों पर वे उखड़ गई और सीधे आरोप लगा दी कि मैं जानती हूं आप कहां से प्रेरित होकर आए है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में वे कई बार आई है लेकिन यह उनका पहला बिलासपुर दौरा है, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष होने के नाते उनके पास सर्वाधिक शिकायत दिल्ली और उत्तर प्रदेश से आती हैं। ऐसा शायद इसलिए होता है क्योंकि उनका कार्यक्षेत्र इन दोनों राज्यों से सटा हुआ है। वहीं उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में आनुपातिक रूप से महिलाएं अधिक प्रताड़ित है लेकिन उनमें अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता की कमी है, इसी कारण शिकायत दर्ज कराने में भी वो पीछे हैं। श्रीमती शर्मा ने पिछले दिनों रायपुर में नाबालिक का बाल पकड़कर सड़क पर उसे लहूलुहान हालत में घसीटे जाने का भी जिक्र किया। इसे उन्होंने राज्य सरकार की नाकामी करार दिया। उन्होंने इसके लिए पुलिस के साथ आम लोगों की जागरूकता पर भी सवाल खड़े किए। शर्मा ने कहा कि ऐसी घटना के दौरान लोग संवेदनहीन होकर वीडियो बना रहे थे जबकि उन्हें युवती की मदद करनी चाहिए थी। इसलिए आयोग ने इस पर स्वत संज्ञान लिया है। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि एनसीआरबी के आंकड़ों में भी छत्तीसगढ़ की स्थिति ठीक नहीं है। यहां सरकारी योजनाओं में टारगेट बनाकर आदिवासियों का विवाह मुस्लिम से कराया जा रहा है लेकिन जगह का नाम पूछने पर वे निरुत्तर हो गई। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसी अपना टारगेट पूरा करने बिना जांच के ही आदिवासी बेटी का विवाह मुस्लिम युवक से करा रही हैं। जिससे दोनों ही परिवार परेशान है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की नाकामी के चलते 16 लाख प्रधानमंत्री आवास नहीं बन पा रहे हैं। आवास नहीं बनने का सबसे बड़ा खामियाजा महिलाओं को ही उठाना पड़ता है।

# सिंधु समाज द्वारा चेट्रीचंड महोत्सव मनाया गया



**दल्लीराजहरा।** सिंधी समाज के लिए चेटीचंड पर्व का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि संत झूलेलाल स्वर्ग के देवता वरुण के अवतार हैं। चेटीचंड का मतलब चैत्र का चांद से है। इस दिन से सिंधी नववर्ष की शुरूआत होती है। चैत्र माह से सनातन नववर्ष की भी शुरूआत होती है। यह पर्व हर साल चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है।इस दौरान साधक पूजा प्रार्थना कर सकते हैं। सिंधी समाज के लिए चेटीचंड पर्व का विशेष महत्व है। इसी अवसर पर 23 मार्च को दल्लीराजहरा के सिंधी समाज द्वारा चेटीचंड बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दोपहर को भगवान झूलेलाल जी की पूजा एवं भजन कीर्तन किया उसके पश्चात् भंडारे का आयोजन किया गया था। इस कार्य म में समाज के बच्चे बड़े एवं बुजुर्ग सभी उपस्थित रहे एवं इस कार्य म का आनंद उठाया।चेटी चंड के अवसर पर भक्त लकड़ी का मंदिर बनाकर उसमें एक लोटा जल रखकर ज्योति प्रज्वलित करते हैं, जिसे बहिराणा साहब कहा जाता है।

# किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय क्रांतिकारी कदम: पितांबर वर्मा

पायनियर संवाददाता ◂ बोड़ला
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पितांबर वर्मा में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कैबिनेट मंत्री अकबर भाई प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे है। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले श्री बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंवंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। श्री पितांबर वर्मा ने कहा 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है। इस वर्ष किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कैबिनेट मंत्री विधायक अकबर भाई का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## 8 लाख का एक, 5 लाख का एक, 1 लाख के दो ईनामी एवं 1 भरमार

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार हो रहे कैम्प निर्माण व विकासात्मक कार्यों व जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाये जा रहे ''पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह नई शुरूआत के तहत नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एंव उनके शोषण अत्याचार से तथा बाहरी नक्सलियो द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियो पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के कुल 16 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया, आत्मसमर्पित नक्सलियो को आत्मसमर्पण कराने में थाना चिंतागुफा, थाना पोलमपल्ली, थाना तोंगपाल जिला बल, 74 वाहिनी, 131 वाहिनी, 226 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का संयुक्त प्रयास रहा। विदित हो कि जिला सुकमा में प्रतिबंधित नक्सली संगठन के कुल 16 नक्सलियों द्वारा आज 24 मार्च को डी०एन० यादव, कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ, कुलदीप कुमार जैन कमाण्डेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, संदीप बिजानिया द्वितीय कमान अधिकारी 74 वाहिनी, किरण चव्हाण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन के समक्ष पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पित नक्सलियों का नामः- पदाम सोमा पिता स्व. पदाम कोसा निवासी तिमेलवाड़ा थाना पोलमपल्ली। अध्यक्ष/एसीएम, 05 लाख ईनामी, सोडी बुधरी पति पदाम सोमा निवासी तुमालपाड़ थाना चिंतागुफा, कवासी पाले उर्फ जोगी निवासी पेदाकुर्ती थाना दोरनापाल। ईनामी 08 लाख, पोड़ियम सुक्का पिता पोड़ियम हिड़मा निवासी पिड़मेल बड़ापारा थाना चिंतागुफा, पोड़ियम पोज्जा पिता पोड़ियम हिड़मा निवासी पिड़मेल बड़ापारा थाना चिंतागुफा, पदाम देवा पिता पदाम गंगा निवासी भटपाड़, थाना चिंतागुफा, ईनाम 01 लाख, माडवी आयता पिता स्व. हिडमा उम्र 38 निवासी भटपाड थाना चिंतागुफा, हेमला मासा पिता गंगा निवासी भटपाड थाना चिंतागुफा, माडवी हिड़मा पिता सुकडा निवासी भटपाड थाना चिंतागुफा, वेको पोज्जा पिता कामा निवासी भटपाड थाना चिंतागुफा, नीलम कवासी उर्फ नीला निवासी जैमर थाना तोंगपाल, ईनाम 01 लाख, कवासी मोटू पिता नंदा निवासी जैमर थाना तोंगपाल, कवासी सोमडू पिता देवा निवासी जैमर थाना तोंगपाल, मड़कम सोमडू पिता जोगा निवासी जैमर थाना तोंगपाल, मड़कम सुकडा उर्फ भूरिया पिता स्व. मड़कम हिडमा जैमर थाना तोंगपाल, मड़कम हड़मा पिता हिड़मा निवासी जैमर थाना तोंगपाल।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात



**बीजापुर।** बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं किसान पुत्र भूपेश बघेल जी का बीजापुर ज़िले के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए आने वाले ख़रीफ़ वर्ष में 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा को "ऐतिहासिक घोषणा" कहा है जो कि किसानों के लिए एक बड़ी सौग़ात है इस घोषणा से बीजापुर ज़िले के किसानों में ख़ुशी की लहर है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की ख़रीदी से किसान आर्थिक रूप से और अधिक संपन्न होंगे और किसानों को आर्थिक मज़बूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, पिछड़े वर्गों, छोटे व्यापारियों, ग़रीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों के विकास के लिये काम कर रही है। विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के आने वाले ख़रीफ़ वर्ष के लिए समर्थन मूल्य पर 2800 रुपये प्रति क्विंटल धान ख़रीदी की घोषणा से यह साबित होता है कि कांग्रेस पार्टी ही किसानों की सच्ची हितैषी है।

# सुरक्षा के साथ सड़क स्कूल स्वास्थ्य और शिक्षा की चिंता करती है सीआरपीएफ : डीजीपी

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन, करनपुर में महानिदेशक डॉक्टर सुजाय लाल थाऊसेन ने गृह मंत्री के आगमन पूर्व पत्रकार वार्ता ली उनका कहना है कि जैसा सीआरपीएफ का मोटो है सेवा और निष्ठा सेवा और वफादारी उसी के अनुरूप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का गठन स्वतंत्रता के पूर्व की गई परंतु ,अधिनियम के तहत 1949 में इसका गठन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था और आतंकवादी ,माओवादी विरोधी कर्तव्य के अलावा भारत के आम नागरिकों के लिए सुरक्षा तथा चुनाव में भी इनकी भूमिका है। सीआरपीएफ की विशेष इकाई जैसे रैपिड एक्शन फोर्स, जिसका उद्देश्य संकट की स्थिति में सहायता करना, तुरंत सुरक्षा देना व पार्लियामेंट ड्यूटी रूप सीआरपीएफ की एक इकाई है जो संसद भवन को सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करने का काम सौंपा गया है साथ ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग कर समन्वय एजेंसी की तरह कार्य करती है। विशेष कर्तव्य समूह जिसे स्पेशल ड्यूटी ग्रुप भी कहा जाता है प्रधानमंत्री के आवास के साथ-साथ बाहरी कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने का काम सौंपा गया है। कोबरा इकाई यह कमांडो बटालियन फॉर रिजालूट एक्शन जिसे संक्षेप में कोबरा कहा जाता है कहा जाता है। नक्सली आंदोलन के निपटने के लिए सीआरपीएफ की विशेष ऑपरेशन यूनिट है इस इकाई में विशेष रुप से छापामार युद्ध से लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है छोटे नक्सली समूह को ट्रैक करने शिकार करने और खत्म करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है वर्तमान में इसकी 10 इकाई हैं। साथ ही विगत वर्ष विगत वर्ष लगभग 53 एफ ओ बी . कैंप का निर्माण किया गया जो सड़क स्कूल आंगनबाड़ी और सरकार के कल्याणकारी योजनाओं लोगों का विश्वास बढ़ाना बाजार हाथ लगने में मदद करना का काम कर रहा है इसका संगठन का मुख्य उद्देश्य माओवादी के लीडरों को टारगेट करना और लोगों को विश्वास में लेकर काम करने का है डायमहानिदेशक ने मातृशक्ति का भी तारीफ किया और उन्होंने बताया कि वर्तमान में 5 महिला अधिकारी हैं जो अपने क्षेत्र के प्रमुख होने के साथ-साथ समन्वयक के साथ अच्छे काम कर रहे हैं। उन्होंने 75 महिला राइटर्स का नाम भी उल्लेख किया जिन्होंने 848 किलोमीटर की सवारी कर बस्तर मुख्यालय जगदलपुर के करनपुर कैंप में पहुंचने वाले हैं। यह महिलाएं कभी साइकिल चलाने में भी संकोच करते थे, इतने दूरी से बुलेट लेकर आ रही हैं जो कि सीआरपीएफ के लिए गर्व की बात है इस अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स के आईजी एनी इब्राहिम व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# डेंगू से बचाव के लिए तैयारी शुरू



पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

पिछले वर्ष जगदलपुर शहरी क्षेत्र में डेंगू के धनत्मक प्रकरण पाए गए थे। इसी के मद्देनजर इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से बचाव हेतु अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग, सी.पी.एम. संजीव दुबे ने मिलकर स्थिति से निपटने के लिए एक संयुक्त टीम बनाकर डेंगू के रोकथाम के लिए वार्ड वर टीम की गठन कर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा युवोदय वालंटियर को प्रशिक्षण दिया गया वह डेंगू से बचाव और रोकथाम के उपाय के बारे मे बताया गया मितानिन व स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है, व बुखार के सभी प्रकरणों का डेंगू की जांच की जा रही है डेंगू की रोकथाम हेतु प्रत्येक वार्ड में मच्छरदानी वितरण का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड पार्षदो के माध्यम से किया जा रहा है। स्वास्थ विभाग सभी नागरिकों से अपील करता है कि जैसे ही उन्हें बुखार का पता चले अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डेंगू की जांच अवश्य करवाएं।

## 24 लाख की ठगी करने वाली महिला आरोपी गिरफ्तार



**चारामा।** चारामा के आलू प्याज में किराना व्यापारी रितिक एवं राजा देवांगन के के 24 लाख की ठगी करने धमतरी में रहने वाली 20 वार्षिक महिला लेखा देवांगन को चारामा पुलिस ने बिलासपुर में गिरफ्तार किया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठगी करने के बाद महिला ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था उसे पकड़ने के लिए पुलिस को परेशानी की सामना करना पड़ा लेकिन चारामा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ सिन्हा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर व अनुविभागीय अधिकारी कांकेर मोहसिन खान के मार्गदर्शन में चारामा थाना प्रभारी नितिन तिवारी उप निरीक्षक रूपेन्द्र पटेल सहायक उप निरीक्षक टीकम सोने महिला प्रधान आरक्षक सुमति गोटी आरक्षक मंगलेश्वर बढ्ढी साइबर सेल की आरक्षक शैलेंद्र साहू के साथ टीम को गठन कर तत्काल कार्रवाई के लिए रवाना हुई उक्त महिला पूर्व के काल डिटेल अध्यापन कर लोकेशन नोहरु नगर बिलासपुर में होने पर तत्काल रवाना होकर बिलासपुर जिला कैंप पता शाजी कर महिला को ढूंढ कर पूछताछ किया गया खर्चे के उपरांत पर बचे हुए रकम को एवं ठगी किए गए रकम को बरामद कर जप्त कर लिया गया महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया उक्त महिला से जब्त वे सामग्री रकम मिला कर 14 लाख 66 हजार406 रुपये बरामद किया गया।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए समीक्षा बैठक

## 1 से 30 अप्रैल के मध्य किया जाएगा सर्वेक्षण कार्य

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए जिला स्तर पर आवश्यक तैयारी हेतु कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी व परियोजना अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला योजना एवं सांख्यिकी, खाद्य नियंत्रक, जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी पंचायत, मनरेगा, पंचायत के उप संचालक व पंचायत निरीक्षक, चिप्स और एनआईसी के अधिकारी को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य 01 से 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जना है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक प्रगणक दल का गठन करने तथा सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रगणकों को प्रशिक्षण देने के संबंध में भी चर्चा किया गया। सर्वेक्षण कार्य एसईसीसी 2011 की सूची, प्रधानमंत्री आवास स्थाई प्रतीक्षा सूची, आवास प्लस सूची, राशनकार्डधारी परिवारों की सूची, धान विक्रय का किसान पंजीयन सूची एवं मनरेगा जॉबकार्ड सूची को आधार बनाकर किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने सर्वेक्षण कार्य में राजस्व के पटवारी भी प्रगणकों को आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। प्रगणकों के नोडल अधिकारी के लिए ग्रामीण सचिवालय के अधिकारियों को रखा जाना प्रस्तावित किया गया। उन्होंने सर्वेक्षण हेतु सुपरवाईजर-सहायक सुपरवाईजर की जानकारी जनपदवार बनाने के निर्देश दिए। सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रशिक्षण जिला स्तर पर 27 मार्च को दिया जाएगा। इसके उपरांत ब्लाक स्तर प्रगणकों का भी प्रशिक्षण किया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र में इंटरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। जिला स्तर पर ट्रबल शूटर और तकनीकि सहायता के लिए भी नोडल अधिकारी के साथ-साथ संपर्क नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए। सर्वेक्षण कार्य मोबाईल एप के माध्यम से किया जाएगा। किंतु सर्वेक्षण प्रपत्र में भी जानकारी संधारित किया जाना है। सर्वेक्षण में घर के मुखिया का मकान के सामने, फोटो, शौचालय व आधार कार्ड का भी फोटो अपलोड करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

# प्रकाश विद्यालय किरन्दुल की नर्सरी कक्षा की परिणाम घोषित




पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रकाश विद्यालय किरन्दुल ने शुक्रवार को नर्सरी कक्षा की रिजल्ट कैपिंग सेरेमनी सेल्फी पॉइंट के द्वारा घोषित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत,दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ किया गया।मुख्य अतिथि के रूप रूप में डॉ मनीषा लाल उपस्थित रहीं।इस अवसर पर विशेष रूप से बच्चों के दादी-दादा एवं अभिभावक पहुँचे हुए थे।इस दौरान प्राचार्य फिलिप अब्राहम ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामभक्तों को पिलाया शीतल पेय पदार्थ

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com



हिंदू नववर्ष एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति किरंदुल के द्वारा हिन्दू नववर्ष का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर गुरुवार को देवस्थान राघव मंदिर परिसर से महिला और पुरुष वर्ग की संयुक्त बाईक और स्कूटी रैली निकालकर पूरे नगर को भ्रमण किया गया जिसमे यह संयुक्त रैली बस स्टैंड परिसर,रामपुर कैंप चौक,बंगाली कैंप,कोड़ेनार पंचायत,रेल्वे कॉलोनी,गाँधीनगर नगर चौक,फुटबॉल ग्राउंड को होते हुये पुनः राघव मंदिर परिसर में संयुक्त बाईक और स्कूटी रैली के साथ श्री राम भक्त पहुँचकर रैली का समापन किया गया।

इस दिवस सम्पूर्ण किरंदुल में सुबह से रात्रि तक जय श्री राम - जय सिया-राम की ध्वनि गूँजती रही और पूरा नगर भक्तिमय वातावारण में परिवर्तित हो गया।

इस अवसर पर नगर के विभन्न चौक चौराहो में भक्त जनो के लिये जल पान की ख़ासा इंतजाम की गई थी जिसमे प्रमुख रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकता व अखण्डता को बनाये रखते हुये शेख रहीस,नजमुल हक,शेख मुर्शीद ने रैली में सम्मिलित लोगो के लिये तेज गर्मी को देखते हुये ठंडे जलपान की व्यवस्था किया और इस पावन अवसर पर जन जन को भाईचारे का सन्देश दिया।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी से किसान होंगे सशक्त : जैन

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का माना आभार, जैन ने बघेल को बताया किसान पुत्र, कांग्रेस सरकार किसानों की सच्ची हितैषी जगदलपुर। संसदीय सचिव तथा जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

## कलेक्टर ने जारी किया अनुकम्पा नियुक्ति आदेश

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आदेश जारी कर भानपुरी तहसील कार्यालय में सहायक ग्रेड-03 के पद धनेश्वर ठाकुर को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश दिया गया। ज्ञात हो कि तहसील कार्यालय बकावंड के सहायक ग्रेड-03 गोविन्द सिंह ठाकुर की मृत्यु शासकीय सेवा में रहते हुए 07 मई 2019 को होने के फलस्वरूप उनके पुत्र धनेश्वर ठाकुर को तहसील भानपुरी में अनुकम्पा नियुक्ति दिया गया है।

## मानकलाल का सपना हुआ साकार

# स्वयं का वाहन होने से परिवार के पालन पोषण में मिल रही है मदद

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवकों को स्व-रोजगार स्थापित करने हेतु ऋृण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकें।

जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित दुर्गकोंदल विकासखंड के ग्राम मदले निवासी मानकलाल आंचला ने बताया कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मैं दूसरे के यहां वाहन चलाने का कार्य करता था, जिससे मुझे पर्याप्त आय नहीं मिल रहा था। मेरा सपना था कि स्वयं का पैसेंजर वाहन हो, जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हो सके, परंतु मैं वाहन खरीदने के लिए सक्षम नहीं था। इसी दौरान जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा पैसेंजर व्हीकल योजना के अंतर्गत स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित किया गया था, जिसे पढ़कर जानकारी मिला और मैं अंत्यावसायी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन करने के एक माह बाद अंत्यावसायी कार्यालय में चयन समिति के समक्ष उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराया, जिसके पश्चात समिति द्वारा पैसेंजर वाहन व्हीकल के लिए मेरा चयन हुआ। जिसमें 06 लाख 85 हजार के ऋृण स्वीकृत करने की कार्यवाही करते हुए मेरे पसंद के पैसेंजर व्हीकल वाहन प्रदाय किया गया।

मानकलाल आंचला ने बताया कि स्वयं का पैसेंजर व्हीकल का सपना साकार हो गया, अब मैं स्वयं का वाहन चलाता हूं, जिससे मुझे प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपये की आमदनी होती है और प्रतिमाह 11 हजार 950 रुपये का किस्त भी जमा कर रहा हूं। मेरे परिवार में माता-पिता बहन के अलावा पत्नी एवं दो पुत्र भी है, जिसका पालन पोषण करने में मुझे आर्थिक मदद मिल रहा है। मैं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना अंतर्गत संचालित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति का बहुत-बहुत आभारी हूं, जिसके कारण मैं अपने सपनों को साकार कर सका।

## विश्व क्षय दिवस के अवसर पर चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**कांकेर।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में क्षय रोग (टीबी।) के बचाव एवं रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय कांकेर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा टीबी जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. धमतरी, संभाग धमतरी (छ.ग.)

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-1308/NIT-14/2022-2023/व ले लि — दिनांक 17/03/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06/04/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12/04/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 13/04/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 14 T0082 | जिला न्यायालय भवन परिसर धमतरी में स्थित सायकल/मोटर सायकल स्टैंड के बगल में शेड निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण | 6.80 5100.00 300000.00 | A 750.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. धमतरी, संभाग
धमतरी (छ.ग.)

G-99541/2

# ग्राम टेकारी-2 में श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस ने किया जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विश्व क्षय रोग दिवस पर जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन





**पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर**
www.dailypioneer.com

विश्वक्षय रोग दिवस के अवसर पर श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस, मोवा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम टेकारी-2 के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में ''क्षय रोग (टीवी)'' पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक का आयोजन शुक्रवार 24 मार्च को एमबीबीएस में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री बालाजी इंस्टीट्यूट आफ मेडीकल साइंस सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण माकड़े, प्राध्यापक डॉ प्रियंका साहू, प्राध्यापक डॉ मनीष प्रसाद, सहायक प्राध्यापक डॉ राहुल पाल, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रावणी आर, सहायक प्राध्यापक डॉ नितिन अग्रवाल, स्टेटिशियन मनीष साह, मेडिको सोशल वर्कर मनोज साहू सहायिका उर्मिला सिंह राजपूत, एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी शासकीय पूर्व माध्यमिक के प्रधानाध्यापक, अध्यापक गण व सभी कक्षा के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में के शुरुआत में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा क्षय रोग पर सामान्य जानकारी दी इसके बाद कक्षा 7वीं व 8 वीं के विद्यार्थियों को विभाग द्वारा तैयार क्षयरोग की जानकारी अन्य सभी बच्चों के समक्ष बताने के लिए कहा गया जिसमें टी बी की सामान्य जानकारी, फैलने के कारण, बचाव के तरीके टी बी के टीके इत्यादि। इसके पश्चात एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सभी बच्चों व अध्यापकों के समक्ष क्षयरोग पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें यह संदेश दिया गया कि क्षय रोग एक घातक बीमारी है लेकिन समय पर इलाज होने पर इससे बचा जा सकता है। टी.बी का पूरा इलाज डॉट द्वारा संभव है। झाड़-फूंक से इसका इलाज नहीं होता। नुक्कड़ नाटक को बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी आनंदपूर्वक देखा। कार्यक्रम के अंत सहायक प्राध्यापक डॉ राहुल पाल द्वारा इस आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया व अंत में स्वल्पाहार वितरित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने की किसानों के हित में बड़ी घोषणा की जाएगी प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी

### किसानों ने कहा कि इस निर्णय से किसानों की आय बढ़ेगी

**पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद**
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरूवार को विधानसभा में किसानों के हित में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए यह घोषणा की। इससे जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से अतिरिक्त उत्पादन को बेचने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। विदित है कि विधानसभा में चर्चा के बाद विनियोग विधेयक 2023 पारित कर दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हमारे किसान भाई हैं। सम्पूर्ण विश्व आज खाद्य संकट की अग्रसर हो रहा है। इसका मुख्य कारण है कृषि का अलाभप्रद होना। हमारी सरकार बनते ही हमने किसानों की ऋण माफी की, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को सशक्त बना रहे हैं। उन्हें इनपुट सब्सिडी का लाभ भी दे रहे हैं। समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ धान की खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर अब 20 क्विंटल करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से जिले के किसानों के चेहरे खिल गए है। किसानों ने आभार जताते हुए कका धन्यवाद कहा। इस ऐतिहासिक निर्णय से किसानों को ज्यादा मात्रा में धान बेचने का अवसर मिलेगा जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। ग्राम टेका के किसान भावसिंह साहू, ढालूराम, बलदाऊ साहू ने कहा कि उनके पास 6 एकड़ जमीन है जिसमें वे खेती करते है। पहले 90 क्विंटल धान बेचते थे लेकिन अब 120 क्विंटल धान बेचेंगे। इस एतिहासिक निर्णय से रेगहा खेती करने वाले किसान लाभान्वित होंगे। वहीं ग्राम बोरिद के किसान महेश साहू ने उत्साह से बताया कि मैं हमेशा अतिरिक्त उत्पादन के विक्रय के संबंध में सोंचता था लेकिन अब यह चिंता अब दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि 10 एकड़ में खेती करते है। इस लिहाज से अब 200 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। जिसका लाभ आय के रूप में दिखेगा। इस तरह ग्राम पारागांव के किसान लक्ष्मी बारले ने बताया कि 6 एकड़ में खेती करते है।

# 20 क्विंटल धान खरीदी से किसानों के आर्थिक उत्थान में आएगी तेजी : संजय नेताम

**पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विधानसभा में किसानों से 15 क्विंटल की सीमा बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के लिए की गई घोषणा से प्रदेश के किसानों में हर्ष का माहौल व्याप्त है प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी से किसानों के आर्थिक उत्थान में और भी तेजी आएगी। उक्त बातें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की किसान कल्याण के लिए समर्पित भूपेश बघेल सरकार ने जिस दिन से सरकार गठन किया है उसी दिन से अपनी मंशा प्रकट कर चुकी थी कि वो किसानों के कल्याण के लिए हर वो फैसले लेगी जो किसानों के लिए आवश्यक होगी। इस तारतम्य में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री ने किसानों की कर्जमाफी का निर्णय लिया तथा उसी विपणन सत्र से 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने का निर्णय लिया था जो अब 2600 रुपये तथा आने वाले वर्ष में बढ़कर 2800 रुपये होगी जिससे किसान खुशहाल हुए हैं। पूरे देश में छत्तीसगढ़ एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहाँ किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य मिलता है। अब 20 क्विंटल धान खरीदी होने से किसान पहले से अधिक धान बेच सकेंगे और आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने सभी किसानों को इसके लिए बधाई देते हुए किसानों की ओर से प्रदेश सरकार का आभार भी जताया।

# सिन्धी समाज ने धूम धाम से मनाया चेटीचण्ड्र पर्व



**गरियाबंद ।** नगर के सिंधी समाज द्वारा बुधवार को भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड्र पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज के युवा अध्यक्ष अजय रोहरा के नेतृत्व में नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौंक में भंडारा एंव शरबत वितरण किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन, सिख समाज प्रमुख बलदेव सिंह हुंदल, गुजराती समाज प्रमुख हरीश भाई ठक्कर भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रकाश रोहरा, अशीष रोहरा, विकास रोहरा, अर्जुन रोहरा सहित सिंधी समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि चेटीचण्ड्र सिन्धी हिन्दुओं द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है जो हिन्दू चन्द्र नववर्ष के प्रथम दिन मनाया जाता है। यह दिन वरूणावतर स्वामी झूलेलाल के प्रकाट्य दिवस और समुद्र पूजा के रूप में मनाया जाता है।

# समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से जिले के किसान हुए गदगद

### अब बाहर नही बेचेंगे अतिरिक्त धान,पूरा धान का मिलेगा अब पूरा दाम : किसान मोहित वर्मा

**पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए किसानों से समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गयी है। धान खरीदी की मात्रा 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने के फैसले जिले के किसान बेहद गदगद हैं। उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। किसानों ने कहा कि आखिर किसान के दर्द को एक किसनिहा मुख्यमंत्री ने समझा। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री को बारंबार धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। बलौदाबाजार तहसील के ग्राम अकलतरा में रहने वाले किसान भागीरथी पाटले ने इस घोषणा को किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि वे 3.5 एकड़ में खेती करते हैं और लगभग 65 क्विंटल धान की पैदावार होती है। 15 क्विंटल के बाद बाकी का धान औने-पौने दाम पर बाजार में 1200-1300 रुपये प्रति क्विंटल में बेचते थे। इस फैसले से प्रति क्विंटल हमें 30 से 35 हजार रूपए की बचत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जहां किसानों के हित में ऐसा निर्णय लिया गया है। भाटापारा नगर निवासी संपन्न किसान मोहित वर्मा ने बताया कि उनके पास 6 एकड़ खेत है। उन्होंने इस फैसले को किसानों के लिए फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे जमीन उपजाऊ है एवं पानी भी अच्छी मात्रा में उपलब्ध है। जिसमें हमारे खेत मे लगभग प्रति एकड़ 19 से 22 क्विंटल तक धान हो जाती है। जिससे अतिरिक्त धान को अब बाहर नही बेचेंग,अब पूरा धान का मिलेगा पूरा दाम। भरसेला बड़ा गांव के निवासी गैंद राम वर्मा ने कहा कि अगले साल 28 सौ रुपये क्विंटल की दर से खरीदी की भी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री ने की है। जिससे आज की यह घोषणा सोने पे सुहागा साबित हो गयी है। वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू से किसानों के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इस घोषणा से अब हमें औने-पौने दाम पर अपने धान को बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। वर्मा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए इसे किसानों के हित में लिया गया बड़ा निर्णय बताया है।

# श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर उत्सव का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल का गणगौर उत्सव एवं गणगौर की गोट का आयोजन बड़े ही श्रद्धा भाव से सामाजिक कुंदन भवन में किया गया जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया व भगवान शंकर व माँ पार्वती के स्वरूप गौरा एवं ईशर जी की पूजा अर्चना की गई छत्तीसगढ़ के तीजा पर्व की तरह ही राजस्थान का यह महापर्व पूरे भारत वर्ष में रहने वाले राजस्थानी लोगों द्वारा बड़े ही श्रद्धा व विश्वास से मनाया जाता है जिसमे नवविवाहिता बेटियां इस पर्व को मनाने अपने मायके आती है इस सोलह दिवसीय महापर्व की शुरुवात होलिका दहन के दूसरे दिन से होती है जिसमे महिलाएं व कन्याएं समूह बना गौरा एवं ईशर जी की मूर्ति को प्रतिष्ठित कर उनकी गोर गोर गणपति ईशर पूजे पार्वती मंत्र बोल पूजा करती है व उन्हें प्रति दिन जल पिला पारम्परिक गीतों व भजनों के माध्यम से उनका श्रृंगार करती है महिलाएं भगवान शंकर व पार्वती स्वरूप ईशर व गौरा जी से अखंड सौभाग्य व परिवार की सुख समवृद्धि व कन्याएं अच्छे वर की कामना एवं प्रार्थना करती है ।गणगौर माता की बिदाई के साथ ही यह सोलह दिवसीय महापर्व सम्पन्न हो जाता है । श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष चंद्रकिरण शर्मा व उपाध्यक्ष रानी शर्मा के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम बड़े ही धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ श्रुति शर्मा व कन्चन केभजन् ओर गीतों ने सबको भाव विभोर कर दिया। जिसमें समाज के प्रत्येक घरों की महिलाएं उपस्थित थी चंदा शर्मा, स्नेहलता शर्मा, सरोज शर्मा, लता शर्मा, शिवानी, राधा, दीपा, किरण शर्मा, लता, बिस्सा, रेखा बिस्सा, संजना, स्वेता दवे, पिंकी, मोनी पांडे, शशि पांडे, उमा पांडे, इंद्रा शर्मा, किरण शर्मा, दीपा शर्मा, सुमन शर्मा, हेमा शर्मा, गंगा शर्मा, तारा शर्मा, भगवती ,सोनू, शालिनी उपाध्याय, गुड्डन शर्मा, रोमा शारदा शर्मा, मधु शर्मा, सीमा पांडे आदि ने इस कार्यक्रम मे हिस्सा लिया।

# चोवाराम वर्मा पिछड़ा वर्ग की प्रदेश टीम में शामिल

**पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग राज्य सलाहकार परिषद में चोवा राम वर्मा को स्थान मिलने पर पिछड़ा वर्ग के लोगो ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। वर्तमान में चोवाराम वर्मा छग मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर विराजित है। महानदी भवन स्थित पिछड़ा वर्ग एवम अल्प संख्यक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश सूची में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाह कार परिषद के सदस्य के रूप में चोवा राम वर्मा को मनोनीत किया गया है।इस परिषद के पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है। मूलतः ग्राम जरोंडा पोस्ट टर्रा निवासी चोवाराम वर्मा को सलाहकार परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने की खबर आते ही कुर्मी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगो ने भी हर्ष जताते हुए उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। वही चोवाराम वर्मा ने राज्य पिछड़ा वर्ग की सलाह कार टीम में सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री और परिषद के अध्यक्ष भूपेश बघेल के प्रति आभार जताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। इस बीच चोवाराम वर्मा को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के वरिष्ठ केंद्रीय उपाध्यक्ष डा केके नायक, चंदू साहु, मन्नत्राम यादव, हेम लाल वर्मा, अरुण वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, दीपक टिकरिहा, भंवर सिंह साहु, रूपेश वर्मा, अजय यादव, अमृत साहु, लखन कश्यप, संतोष नायक, संतोष साहु सहित अनेक लोगो ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# पंचायत सचिव हड़ताल पर पंचायतों में काम काज ठप

### भाटापारा ब्लॉक के पंचायत सचिव बैठे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



पंचायत सचिव की हड़ताल में चलने चलाने से प्रशासन के महत्वकांक्षी योजनाओं प्रभावित हो रही हैं। गोबर खरीदी रिपा कार्य गौठान के समस्त कार्य मनरेगा के कार्य जन्म मृत्यु पंजीयन राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन विधवा पेंशन दिव्यांग पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन दुखद सहारा पेंशन मुख्यमंत्री पेंशन राष्ट्रीय परिवार सहायता श्रद्धांजलि योजना पेयजल व्यवस्था शौचालय निर्माण वन अधिकार पट्टा वितरण स्वामित्व योजना सर्वेक्षण ग्राम सभा बजट निर्माण समस्त निर्माण कार्य एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम माह होने से लेखा-जोखा के कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हैं। विदित हो कि प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पंचायत सूची अपने 1 सूत्री मांग परीक्षा अधीन पश्चात शासकीयकरण को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉक मुख्यालय में कामबंद कलमबन्द अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठने से पूरा प्रदेश पंचायत कार्यों में ताला लटका हुआ है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रसेन भट्ट ने बताया गया कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में शासकीय करण करने का वादा किया गया था मुख्यमंत्री द्वारा उनके निवास में पंचायत सचिव के प्रतिनिधि मंडल से 24 जनवरी 2021 को पंचायत सचिव का दिसंबर 2021 तक शासकीय करण करने का वादा किया गया था पंचायत सचिव/शिक्षक सम्मेलन इंडोर स्टेडियम रायपुर में 29 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा मंच से पंचायत सचिव का शासकीय करण करने हेतु घोषणा की गई थी।

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मनोज वर्मा बनाएंगे गुरुबाबा घासीदास के जीवनी पर फिल्म

### सतनामी सामाज के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर बसंल ने ली बैठक

**पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभागार में गिरौदपुरी में संत शिरोमणि गुरू घासीदास जन्म स्थली निर्माण कार्य एवं गुरू घासीदास बाबा जी के जीवन संबंध में फिल्म निर्माण संबंधी सामाजिक परिचर्चा हेतु सामाजिक जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्री बंसल ने गिरौदपुरी में संत गुरु घासीदास जी की जन्म स्थली निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता है बहुत जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण करनें एवं राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता,भूलन द मेज के डायरेक्टर मनोज वर्मा के निर्देशन में संत शिरोमणि गुरुबाबा घासीदास के जीवनी पर फ़िल्म बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सतनामी समाज से जुड़े कलाकार, कथाकार की पहचान कर प्रोत्साहित करनें की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि वर्तमान में गिरौदपुरी में बाबा गुरू घासीदास जी के जन्म स्थली निर्माण प्रक्रियाधीन है। जिसकी गति बेहद धीमी है। भूलन द मेज÷ नेशनल फिल्म अवार्ड विजेता मनोज वर्मा करेंगे गुरु घासीदास जी की जीवनी पर फिल्म निर्माण। बाबा गुरू घासीदास जी की जन्म स्थली गिरौदपुरी की पहचान पूरे विश्व में है और यह स्थान आस्था का प्रतीक भी है। वर्तमान में गिरौदपुरी धाम पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है । कलेक्टर बसंल ने गिरौदपुरी धाम को प्रमुखता से रखते हुए बड़े स्तर पर गुरु घासीदास जी की जीवन चरितार्थ पर फिल्म निर्माण कराने की बात कही।

# भगवान झूलेलाल की जयंती हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई

**पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा**
www.dailypioneer.com



तिल्दा सिंधी समाज ने गुरुवार को इष्ट देव भगवान झूलेलाल की जयंती हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। झूलेलाल मंदिर के साथ भगवान झूलेलाल की घरों में भी पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर सुबह झूलेलाल मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना महा आरती की गई। सुबह 10 बजे समाज के द्वारा भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। मंदिर में बहराना साहब की विशेष पूजा अर्चना कर पुजारी सोनू हिंदुजा के द्वारा ज्योत प्रज्वलित की गई। दोपहर साढे 12 आम लंगर शुरू हुआ जिसमें समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी. पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल अपने काफिले के साथ पहुंचे और भगवान झूलेलाल के सामने मत्था टेका और पूजा अर्चना कर सिंधी समाज को चेटीचंड की बधाई दी सभी ने लंगर में बैठकर प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। इसके पहले बुधवार की शाम सिंधी समाज की महिलाओं के द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई थी। चेटीचंड पर्व को लेकर सिंधी समाज के लोगों में काफी उत्साह दिखा सुबह से ही मंदिर में समाज के लोग आने शुरू हो गए थे। सुबह 8 बजे मंदिर में स्थापित भगवान झूलेलाल की मूर्ति का दुग्धाभिषेक कर गंगाजल से स्नान कराकर नए वस्त्र धारण कराए गए। पश्चात भगवान कि विशेष पूजा अर्चना कर महा आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए, आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। आरती में धनराज खत्री वासुदेव थावरानी, सुरेश भागवानी. मीना तलरिया. राम पंजवानी. भगवानदास कृपलानी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे । सुबह 10 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से उत्साही युवकों द्वारा हाथों में बदलिए बाइक रैली निकाली गई। रैली को पूजा सिंधी समाज के अध्यक्ष शमनलाल खूबचंदानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.. मंदिर से शुरू हुई रैली सासा होली मौली मातामंदिर, डॉ खूबचंद बघेल चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक ,स्टेशन चौक, होते हुए हेमुकालानी चौक पहुंचा इस बीच कई जगहों पर रैली का भव्य स्वागत कर शरबत और मिठाइयां बांटी गई, स्टेशन चौक पर प्रकाश मेघानी और कन्हैया थावरानी के नेतृत्व में रेली का स्वागत कर आतिशबाजी की गई और प्रसाद वितरण किया गया7 रैली का हेमू कॉलोनी चौक सहित अन्य जगहों पर भी स्वागत किया गया गांधी चौक के बाद रैली पुनः झूलेलाल मंदिर में आकर समाप्त हुई। 12 बजे बहराना साहब को सजाने व अखंड ज्योत प्रज्वलित करने पूजा अर्चना शुरू हुई जो दोपहर 2 बजे तक चलती रही इस मौके पर महिलाओं के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गएज शाम 4 बजे झूलेलाल मंदिर से भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में सिंधी छेज डांडिया नृत्य की धूम रहीज/जहां जहां से शोभायात्रा निकली पूरा इलाका आयोलाल-झूलेलाल के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा.. पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष शमनलाल खूबचंदानी,खेमचंद विरानी, हीरानंद हरीरामानी, राम पंजवानी, हीरानंद भोजवानी आदि समाज के प्रमुख के अगवानी में निकली शोभायात्रा का स्टेशन चौक पर सिंधी व्यवसायियों के द्वारा भव्य स्वागत कर प्रसाद का वितरण किया गया इसी तरह हेमुकालानी चौक पर भी शोभा यात्रा का स्वागत कर मिठाई व शरबत वितरण किया गया, इसके अलावा कई स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया रात्रि 10 बजे शोभायात्रा नेवरा बड़े तालाब पहुंची जहां ज्योति का विसर्जन कर जल-देवता के सामने पलव पाकर शहर, प्रदेश और देश में सुख शांति कायम रहने की कामना की गई..। शोभायात्रा में श्रीचंद विरानी.रामचंद संतवानी. इंद्र लाल हरीरामानी.परमानद बल्चन्दानी , मोतीलाल हिंदुजा.आर,के चंदानी.श्यामलाल बालचंदानी. राजकुमार वाधवानी. मनोज वीरानी राजेश लालवानी अशोक हरीरामानी. हरीश छाबड़ा. निखिल वाधवा विकास सुखवानी परमानंद बालचंदानी. इंद्र कुमार बचवानी.सुनील निहिचलानी, जीतू माधवानी ,राजेश जेठवानी ,राशन आहूजा ,देवीदास देवानी.राजेश कोटवानी.राजेश लालवानी श्रीचंदबाल चंदानी, कुमार बचवानी; वीरभान डूलवानी. मनीष सेतपाल. राजेश लालवानी, रोशन आहूजा. रमेश विरानी. मुकेश कोटवानी. .श्याम वाधवा मोती देवानी ,आयुष कोटवानी रोशन देवानी दीनू कोडवानी,जतिन बचवानी विकास कृपलानी साहिल डोडवानी जीतू कृपलानी धोनी पंजवानी, सक्षम पंजवानी, सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के युवा बुजुर्ग शामिल थे

# मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा ।** थाना से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी गये मोटरसाइकिल को किया गया बरामद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में संपत्ती संबंधी अपराध में अंकुश लगाने मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी ईश्वरी धीरज के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19 मार्च को शाम करीब 5:00 बजे यह अपनी मोटरसाइकिल हीरो एच.एफ डीलक्स 4972 से सब्जी खरीदने बुधवारी बाजार नेवरा आया था, मोटरसाइकिल को बुधवारी बाजार नेवरा के पास खड़ी कर लॉक कर सब्जी खरीदने बुधवारी बाजार गया था, सब्जी खरीदकर वापस करीब 05:30 बजे आया तो देखा कि जहां पर मो0सा0 खडी किया था वहां पर नही था, आसपास पतातलाश किया, पता नहीं चला कि कोई अज्ञात चोर इसकी मोटरसाइकिल हीरो एच.एफ डीलक्स 4972 पुरानी इस्तेमाली कीमती करीब 20,000/ रू को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतातलाश में लिया गया।

# 1 करोड़ 48 लाख की लागत से हुडको में बन रहा खेल मैदान, विशेष ग्रास लगवाए जा रहे, फ्लड लाइट, चैनलिंग फैंसनिंग का काम पूरा होगा

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई के हुडकों में एक बड़ा सर्व सुविधा युक्त खेल मैदान बनाया जाएगा। लंबे समय से खाली पड़े मैदान में खिलाड़ियों के लिए बड़ी खेल सुविधा की व्यवस्था की जा रही। तेजी से चल रहे निर्माण कार्य का आज सुबह विधायक श्री यादव निरीक्षण करने पहुंचे। निरक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों का बारीकी से देखा, एक-एक जायजा लिया। इस दौरान निगम के इंजीनियर और सम्बंधित ठेकेदार भी मौजूद रहे। उन्हें विधायक श्री यादव ने सख्त निर्देश दिया कि वे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। किसी भी तरह की लापरवाही ,गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, टेंडर के शर्तो के तहत काम पूरा किया। लेटलतीफी भी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान हुडको क्षेत्र के पार्षद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कारपोरेट घास और हाई मास्क

स्टेडियम की सबसे बड़ी खासियत यहां की कारपोरेट ग्रास लगाई जा रही है। इसके अलावा यहां रात में भी खेल मैंच हो सकेंगे। इसके लिए 4 फ्लड लाइट लगाया गया है। जहां जिससे रात में भी खेल मैदान में पर्याप्त लाइट होगी। इतनी प्रकाश व्यवस्था होगी कि रात में भी खेल आयोजित किए जा सकेंगे।

## सभी जरूरी सुविधाएं होगी

निगम के इंजीनियरों ने बताया कि यह स्टेडियम काफी खास होगा। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से बनाएं जा रहे इस स्टेडियम में लेडिस-जेंस व दिव्यांग के लिए अलग-अलग टॉयलेट बनाएं जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूप बनाया जाएगा। साथ ही यहां एक सर्व सुविधा युक्त आधुनिक जिंम भी बनाया जाएगा। इसके अलावा बच्चों के खेलकूद के लिए भी सुविधा होगी। बच्चों के लिए खेल-कूद की सामाग्री भी यहां लगाई जाएगी।

## युवाओं की मांग जल्द होगी पूरी

क्षेत्र के युवाओं ने मांग की थी कि उनके खेल के लिए क्षेत्र में खाली मैदान तो है। लेकिन खेल स्टेडियम की सुविधा नहीं है। वे वर्षों से मांग कर रहे हैं। लेकिन कोई पहल नहीं होती है। इस वजह से उन्हें खेल का अभ्यास करने के लिए दूसरे जगह सेक्टर एरिया के खेल मैदान में जाना पड़ता है। क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों की मांग को देखते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की और एक बड़ा भव्य खेल मैदान बनाने का काम शुरू करवाया ।

## डेढ़ करोड़ से बन रहा खेल मैदान

हुडकों में भव्य सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। करीब 1 करोड़ 48 लाख की लागत से इस स्टेडियम को बनाया जा रहा है। जहां क्रिकेट मैंच के अलावा शहर के युवा फुटबॉल आदि सभी प्रकार के खेल खेल सकेंगे। हुडकों में एक बड़ा मैदान जो सालों से उपेक्षित पड़ा है। इस मैदान का उपयोग करने और क्षेत्र के भावी खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा देने विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। जल्द ही स्टेडियम बन कर तैयार हो जाएगा।

हुडकोवासी की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यहां खाली मैदान था,उसे भव्य सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम बनाया जा रहा है। खेल मैदान की मांग क्षेत्र के युवाओं ने की थी। जिसके लिए बड़ी पहल की जा रही है।

**देवेंद्र यादव,** विधायक देवेंद्र

# सक्ती शहर में खुलेगा नया सरकारी कॉलेज राज्य सरकार ने बजट में दी मंजूरी

## क्षेत्रीय विधायक महंत के प्रयासों से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग होंगी पूरी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





सक्ती शहर में वर्षो से सरकारी कॉलेज की मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है, तथा इस कॉलेज के खोलने की घोषणा विगत पूर्ववर्ती भाजपानीत डॉ. रमन सिंह की सरकार में भी मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने अपने शक्ति शहर में विकास यात्रा के आगमन के दौरान किया था, किंतु वह मांग पूरी नहीं हुई तथा उसके बाद प्रदेश के कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रीय विधायक डॉ चरणदास महंत की मांग पर शक्ति शहर में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत उद्यान के लोकार्पण अवसर पर बुधवारी बाजार ग्राउंड में आयोजित विशाल जनसभा में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी, तथा इस घोषणा को वर्तमान विधानसभा के सत्र में राज्य की सरकार ने बजट में मंजूरी दे दी है जिससे अब शीघ्र ही शक्ति शहर में शासकीय कॉलेज की स्थापना होगी,तथा वर्तमान में लोगों को शासकीय कालेज में पढ़ने के लिए जेठा जाना पड़ता है, जो कि अब शहर में ही स्वयं का कॉलेज खुल सकेगा, क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए स्थानीय विधायक डॉ. चरणदास महंत का आभार व्यक्त किया है, तो वही विधानसभा अध्यक्ष महंत के प्रयासों से बाराद्वार शहर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं सारागांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को भी बजट में मंजूरी मिल गई है, जिससे नगर पंचायत बाराद्वार के अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी सहित सारागांव शहर वासियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष महंत एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर ने ग्राम छेड़िया और भोथली में रीपा के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के ग्राम छेड़िया और भोथली पहुँचकर निर्माणाधीन महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रीपा के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों, मशीन यूनिट की स्थापना, ब्रांडिंग, लेबलिंग आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समयावधि तक निर्माण कार्य को पूरा करने तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क छेड़िया के खाली परिसर में मुनगा और केला का पौधा लगाने के निर्देश दिए। जिसे युनिट में प्रोसेसिंग हेतु उपयोग में लाया जा सकेगा। कलेक्टर ने ग्राम भोथली में भी रीपा के तहत् निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क के कार्य का निरीक्षण कर सम्पूर्ण तैयारियां शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम गंगाधर वाहिले, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत गुरुर के सीईओ राजेंद्र पडौती सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक प्रदर्शिनी ऐसी, जिसमें बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





अपने शिक्षा निति के लिए मशहूर माइलस्टोन अकादमी में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें 15 मार्च को कक्षा छठवीं से बारहवीं तक, और 16 मार्च को कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा सीनियर विंग माइलस्टोन में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। विभिन्न क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रस्तुति को देखते हुए डायरेक्टर डॉ ममता शुक्ला एवं अकेडमी डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी के योगदान की तारीफकरते हुए सभी को आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दीं है। मिली जानकारी के अनुसार माइलस्टोन अकादमी में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन 15 और 16 मार्च को किया गया था। जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया था। इनमें विभिन्न क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे देख कर सभी पालको का दिल खुशी से झूम उठा। वहीं विद्यार्थियों के परिश्रम की सराहना पालको एवं पूरे माइलस्टोन परिवार ने किया। साथ ही विद्यार्थियों की भागीदारी एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन इस सफ्लता के लिए वरदान साबित हुआ है।

### एक्स्ट्रा क्लासेस का भी किया ज़िक्र

कार्यक्रम के दौरान माइलस्टोन अकादमी में चलने वाले एक्स्ट्रा क्लासेस के बारे में भी पालकों को पूरी जानकारी दी गई। इसके अलावा शतरंज की प्रतियोगिता एवं उससे संबंधित सभी जानकारियों के लिए निशुल्क कक्षा का आयोजन किया गया था। साथ ही बालक एवं बालिकाओं के द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्ण तरीके से जिमनास्टिक का प्रदर्शन किया गया। वहीं जूडो एवं कराटे से संबंधित सभी दावों को पालको एवं विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पांडवानी, कवि सम्मेलन, शार्क टैंक, क्विज़, संगीत, नाटक आदि विभिन्न प्रकार के आयोजनों के द्वारा विद्यार्थियों ने मंच में समा बांध दिया। सभी क्लबों के द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति के लिए डायरेक्टर डॉ ममता शुक्ला एवं अकैडमी डायरेक्टर शुभम शुक्ला ने सभी के योगदान की तारीफकरते हुए सभी को आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# आयोलाल झूलेलाल के नारों से गुंजा शहर, निकली भव्य बाइक रैली सिंधी समाज की





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

23 मार्च को सिंधी समाज अपने इष्टदेव भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेट्रीचंद्र मनाया। इसके पूर्व चएट्रईचंद्र पर्व के उपलक्ष में दल्लीराजहरा सिंधी समाज द्वारा 21 मार्च 2023, को विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया बारिश व बदलते मौसम को दरकिनार कर शाम 5 बजे यह रैली सिन्धी भवन से आरंभ हो कर गुप्ता चौक, बस स्टैंड चौक, श्रमवीर चौक, पुराना बाजार से होते हुए गुप्ता चौक में समाप्त हुई । डीजे के सिंधी गानों की धुन पर यह रेली हुई जिसमें समाज के बच्चे, महिला ,युवा व वरिष्ठजन शामिल थे। जिसमें जैन भवन चौक पर आयोलाल - झूलेलाल की गूंज व जय जय झूलेलाल से नगर गूंज उठा साथ ही नगर के हृदय स्थल गुप्ता चौक पर भगवान झूलेलाल की आरती व भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में भारत माता की आरती की गई व हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा व हनुमान भगवान की आरती की गई। जिसमें नगर के अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए जिसके पश्चात पूज्य सिंधी भवन में प्रसाद पोहा, जलेबी व चाय की व्यवस्था से यह कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मोटर सायकल से दो लाख रूपये का उठाईगिरी करने वाला दूसरा फरार आरोपी बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मोटरसाइकिल से दो लाख की उठाईगिरी करने वाले दूसरे फरार आरोपी को बेमेतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता में बताया है कि दिनांक 22फरवरी2023को प्रार्थी घर से अपने मोटर सायकल से बैंक आफ बडौदा शाखा बेमेतरा गया अपने सेविंग खाता से नगदी 02 लाख रूपये को अपने जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए निकालकर उक्त रकम को हेण्ड पर्स सहित अपने मोटर सायकल के डिग्गी मे रखा और सब्जी मार्केट गया जहा उपरोक्त घटना स्थल से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा सब्जी खरीदते समय उक्त मोटरसाइकिल मे रखे नगदी रकम 02 लाख रूपये एवं बैंक संबंधित दस्तावेजो को हेण्ड पर्स सहित चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था दिनांक 04.03.2023 को आरोपी सुनील नट उम्र 30 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था तथा एक फरार आरोपी की पता साजा की जा रही थी प्रकरण में विवेचना के दौरान फरार आरोपी बाबू सिंह नट ऊर्फ पप्पू को दिनांक 24.03.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है । आरोपी के कब्जे से नगदी रकम और घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त कर बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में नगदी रकम 10 हजार रूपये 2मोटर सायकल कीमती करीन 01 लाख रूपये। जप्त किया है।

# रामनवमीं पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ, बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमीं पर 30 मार्च गुरुवार को पूरे देश भर सहित रायपुर में श्री हनुमान चालीसा की गूंज रहेगी। प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता का पारिवारिक एकता और सामंजस्य को लेकर व्याख्यान भी होगा जिसका विषय है विकास की दौड़ और परिवार मत तोड़। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति की आवश्यक बैठक अग्रसेन भवन, जवाहर नगर में की गई जिसमें विभिन्न सुझावों समेत कार्यक्रम को सफ्ल बनाने विस्तृत चर्चा की गई । श्री हनुमान महापाठ समिति के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा, रायपुर शहर संयोजक विजय अग्रवाल, मोहन पवार, योगी अग्रवाल व मुकेश शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि महापाठ का यह 15 वां वर्ष है।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़

### // अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना // (जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./65 बीजापुर, दिनांक 22/03/2023

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राथमिक शाला में नवीन भवन एवं शेड निर्माण . कार्य-1 चिन्नागेलूर, वि.ख. उसूर, 2. बुरजी वि.ख. बीजापुर 3. मनकेली वि.ख. बीजापुर, 4. हिरोली वि.ख. बीजापुर 5. पुसनार वि.ख. बीजापुर 6. बेचापाल वि.ख. भैरमगढ़ 7. सागमेटा वि.ख. भैरमगढ़ | 10.86/प्रति ईकाई | 8200.00/ प्रति ईकाई |
| 02 | कन्स्ट्रक्शन ऑफ **2x6.00m** माइनर ब्रिज ऑन मोदकपल्ली रोड एट सी. एच. 2/2 एमटीआर, अक्रॉस इत्तल नाला विकासखण्ड भोपालपटनम | 48.26 | 36200.00 |

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 05/04/2023 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 13/04/2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 13/04/2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य - सरल क्र. 1 का 750.00 सरल क्र. 2 का 1500 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - सरल क्र.1 का 01 माह सरल क्रं.2 का 3 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं चेक जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)

**टीप :- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।**

कलेक्टर
जिला बीजापुर

G-99571/5


## सम्पत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया

# आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com



ग्राम धनापाली में आदर्श क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पीसीएस रीयल ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। प्रतियोगिता आयोजनकर्ताओं सहित ग्रामवासियों के द्वारा फुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर डॉ. सम्पत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की आज हमारे ग्राम धनापाली के युवा साथियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता के साथ, भाई चारे के साथ एक साथ मिलकर एक बढ़िया महौल में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफ्ल आयोजन किया है। हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिये भी हमें खेल खेलना जरूरी है,मानसिक ङ्क शारीरिक संतुलन के लिए खेल अतिआवश्यक है।खेल से हमारे शरीर को हमेशा लाभ मिलता है। साथ ही साथ धन व मान सम्मान की प्राप्ति होती है। हम सभी क्षेत्रवासियों को उस दिन बहुत खुशी होगी जब हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर हमारे बसना का परचम पूरे विश्व में लहराएगा।

उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती राजकुमारी चौहान, सरपंच श्रीमती शकुन्तला पटेल, महिला समुह सदस्य रत्ना पटेल, विशाखा निषाद, तीजों बाई चौहान, दीपांजली यादव, बनिता सिदार, अगहन निषाद, जमुना यादव, सेक्टर प्रभारी कमलध्वज पटेल, सह प्रभारी मोहित पटेल, रोशन नायक, कुंजबिहारी पटेल सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहें।

# भाजपा का महत्व अमेरिकी स्वीकृति

**अमेरिका** के एक प्रमुख कंजरवेटिव विद्वान ने कहा है कि भाजपा दुनिया की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विदेशी पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विरले ही पश्चिमी विमर्श में स्थान पाते हैं और जब उनको स्थान मिलता है तो भी यह आमतौर पर आलोचना के लिए होता है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर रहने के नौ साल बाद और उनके द्वारा लगातार प्रमुख हिंदू मूल्यों पर जोर देने से अब यह स्थिति संभवतः बदली है। वहां स्पष्ट रूप से सरकार चलाने व निर्णय लेने तथा जनता की राय बनाने में महत्वपूर्ण लोग अपने पूर्वाग्रह छोड़ कर गहराई से संघ परिवार पर गौर कर रहे हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि ये पूर्वाग्रह अक्सर वाम-उदारवादी अवस्थापना द्वारा संचालित अकादमिया व मुख्यधारा मीडिया, आदि संस्थानों में तैयार किए जाते हैं। लेकिन लगता है कि अब पश्चिम के महत्वपूर्ण लोग भगवा परिवार व खासकर भाजपा के बारे में अपने दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन कर रहे हैं। यही कारण है कि एक प्रमुख कंजरवेटिव विद्वान ने प्रख्यात कंजरवेटिव समाचारपत्र 'वाल स्ट्रीट जर्नल'-डब्लूएसजे में प्रकाशित अपने लेख में भाजपा के बारे में महत्वपूर्ण बात कही है। उनके अनुसार, 'अमेरिकन राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भाजपा दुनिया की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विदेशी पार्टी है। लेकिन यह बात बहुत कम समझी गई है।' लेखक वाल्टर रसेल मीड को 'विश्वास है कि अमेरिकनों तथा पश्चिमी दुनिया के लोगों को आमतौर से जटिल एवं शक्तिशाली हिंदुत्व आंदोलन से ज्यादा गहराई से संपर्क करना चाहिए।' यह भी उल्लेखनीय है कि मीड चीन के सुपरिचित कटु आलोचक रहे हैं। तीन साल पहले उन्होंने डब्लूएसजे में एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक ही था 'चाइना इज़ द रियल सिक मैन आफ एशिया', यानी चीन एशिया की 'दुष्ट शक्ति' है। आश्चर्य नहीं कि इस पर चीन सरकार आगबबूला हो गई थी और उसने डब्लूएसजे के तीन पत्रकारों को देश से निकाल दिया था।

न्यूयार्क के बार्ड कालेज में शिक्षक मीड न केवल भारत, बल्कि भाजपा के प्रति बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा '2024 में पुनः विजयी होने जा रही है।' उन्होंने लिखा, एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा भारत जापान के साथ हिंद-प्रशांत में अमेरिकी रणनीति के केन्द्र में है। इसलिए निकट भविष्य में भाजपा का देश में महत्वपूर्ण स्थान बना रहेगा और बिना उसकी सहायता के उभरती चीनी शक्ति से मुकाबले के अमेरिकी प्रयास कमजोर पड़ सकते हैं। वास्तव में मीड भाजपा के प्रशंसक नहीं हैं। उन्होंने सरकार-विरोधी पत्रकारों की बात की है जो 'उत्पीड़न व इससे बुरी' स्थितियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने 'धर्मांतरण-विरोधी कानूनों तथा कभी-कभी भीड़ की हिंसा' की बात भी की है। उनके अनुसार भाजपा ऐसी पार्टी है जो पश्चिमी उदारवाद की प्राथमिकताओं तथा अनेक विचारों को खारिज कर सकती है, लेकिन 'उसने आधुनिकता के प्रमुख तत्व अंगीकार किए हैं।' उन्होंने ऐसी पार्टी के रूप में भाजपा की प्रशंसा की है जो 'मूलतः बाजार-समर्थक आर्थिक दृष्टिकोण अपनाते हुए उसे लोकरंजक व परंपरागत मूल्यों से जोड़ती है।' अमेरिकन कंजरवेटिव मुख्य रूप से इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। डब्लूएसजे के लेख को केवल एक विद्वान का अति-उत्साह नहीं समझना चाहिए। मोदी के नेतृत्व वाले भारत के साथ पश्चिम के गहरे संबंध एयर इंडिया द्वारा 470 विमान खरीदने के 70 बिलियन डालर के समझौते से भी प्रकट होते हैं। यह समझौता वैश्विक फाइनेंस तथा राजनीति के बड़े नामों के साथ सहमति के बिना नहीं हो सकता था। पश्चिमी देशों से भारत के संबंध निरंतर प्रगाढ़ होते जा रहे हैं।

# लोकतंत्र में नैतिकता महत्वपूर्ण

## निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसद व विधानसभाओं में समुचित व सूचना-आधारित बहसों तथा चर्चाओं को सुनिश्चित करना चाहिए। लोकतंत्र में नैतिकता महत्वपूर्ण है।



**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, शिक्षा व सामाजिक समरसता क्षेत्र में कार्यरत हैं)



मार्च 2023 में बजट सत्र के दूसरे अर्धांश में भारतीय संसद की कार्यवाही ने उन लोगों में भारी चिन्ता पैदा की है जो इसे एक 'पवित्र' संस्थान समझते हैं। यह हर भारतीय का जीवन बदल सकती है तथा उन लोगों का जीवन बेहतर बना सकती है जिनको समर्थन और सहायता की आवश्यकता है। देश के अनेक लोग ऐतिहासिक, सामाजिक व सांस्कृतिक सीमाओं के कारण पीढ़ियों से पृथक्करण व पीड़ा का शिकार हैं। कया जिम्मेदार लोगों की संस्था अपना कई सप्ताह का समय बरबाद कर सकती है? वे सभी आधिकारिक रूप से सम्मानित व्यक्ति, संविधान के संरक्षक, नीति निर्माता देश के विधि-निर्माता हैं। दुनिया भर में भारत की छवि तेजी से बदल रही है और उसे बहुत ध्यान से देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उससे बहुत उम्मीदें हैं।

पिछले दशक ने विश्व शक्तियों को विश्वास दिला दिया है कि भारत एक आत्म-स्वाभिमानी देश के रूप में उभर रहा है। अब उसे दुश्मन पड़ोसी दबा नहीं सकते हैं। भारत अब 'हजारों घाव' या आतंकी हमले सहने को तैयार नहीं है। राष्ट्रीय गौरव की नई उभरती भावना व्यावहारिक रूप से हर घर में दिख रही है। यह भारत के खेतों, मैदानों तथा उच्च श्रेणी की शोध प्रयोगशालाओं में स्पष्ट है जहां कृत्रिम बुद्धि से लेकर अंतरिक्ष शोध तक अनेक क्षेत्रों में खोजें हो रही हैं। भारत ने पूरे विश्वास व आत्मविश्वास से परिवर्तनों की गति तेज की है। लेकिन उसे अपना रास्ता भी ठीक करना है। उसे महात्मा गांधी को याद करना चाहिए। मनु बहन द्वारा गांधीजी की नोआखाली यात्रा पर संग्रहीत रचना 'द लोनली पिल्ग्रिम' में बताया गया है कि गांधीजी ने राष्ट्रीय सेवा की भावना कैसे खोजी थी। आज बहुत से लोग उसकी नकल की कोशिश कर रहे हैं और अखबारों में छपे फोटो से तथा जेल जाने के पुरस्कार स्वरूप मंत्री पद पाने का प्रयास कर रहे हैं।

आज हर व्यक्ति मंत्री पद पाने के लिए शक्ति प्राप्त करना चाहता है। लेकिन अच्छे मंत्री भी बिना जनता के समर्थन के उल्लेखनीय काम कैसे कर सकते हैं? गांधीजी ने कहा था, देश को मंत्रियों की जरूरत है, पर योग्य होने पर ही मंत्री अपने पद के उपयुक्त होता है। इसी संदर्भ में उन्होंने 'स्वार्थी तत्वों' की बात करते हुए जोर दिया था कि 'हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना होगा कि राष्ट्रीय हित को हमेशा हम सबसे ऊपर रखा जाए।' उन्होंने मंत्रियों का संदर्भ पहले भी दिया था। 18 सितंबर, 1938 को जब प्रांतीय सरकारें 'सत्ता' में केवल दस महीने से थीं, चीजें बहुत अलग नहीं थीं। महात्मा गांधी को एक नागरिक का पत्र मिला जिसमें संकेत था कि 'कांग्रेस मंत्रिमंडल सार्वजनिक रूप से आपकी मूर्ति पूजा करते हैं, पर गोपनीय रूप से उसे तोड़ते हैं। वे गोपनीय रूप से साम्राज्यवाद के प्रतीकों की पूजा करते हैं और सार्वजनिक रूप से उसे खारिज करते हैं। सच्चे और वैध तरीकों से विरोधियों पर विजय न पाने के कारण वे दुष्टतापूर्ण षडयंत्र करते हैं।' गांधीजी ने 'सबसे कड़वे हिस्सों को हल्का करने' के बाद इसे समेकित किया। पत्र लेखक ने एक ऐसे वाक्य से उसे समाप्त किया था जो आज 85 साल बीतने के बाद भी भविष्यवाणी जैसा लगता है, 'जनता की सरकार ऐसे समान तर्क से नहीं चलाई जा सकती है जिसमें खैरातों का वादा किया गया हो और उम्मीद कर रहे निर्वाचकों को भ्रष्ट बनाया गया हो।' इससे स्पष्ट सबक मिलता है कि केवल सत्ता की खुशबू ही मंत्रियों को अच्छी सरकार के नैतिक आधारों को चोट पहुंचाने के लिए प्रेरित करती है। पत्र लेखक ने आश्चर्य प्रकट किया था कि आखिरकार गांधीजी की 'आत्मा ऐसे मंत्रिमंडलों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं करती है जिनके बनाने की पूरी नैतिक जिम्मेदारी आप की है।'

स्वतंत्रता के सात दशक बाद आज भारत में सेवारत मंत्रियों की तुलना में भूतपूर्व-मंत्रियों की संख्या अधिक है। सत्ता का लाभ उठाने का नशा बहुत गहरा होता है। हमारे यहां महत्मा गांधी के नाम पर शपथ लेने वाले ऐसे 'लोक सेवकों' की बड़ी संख्या है जिन्होंने इतनी अधिक संपदा एकत्र की है जिसके बारे में सबसे अच्छे अर्थशास्त्री भी नहीं सोच सकते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधि, मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद जनता ने अनेक राजनेताओं की समृद्धि व उसका प्रदर्शन देखा है। वास्तव में ग्राम पंचायतों के अधिकांश पंचों व सरपंचों ने भी राजनेताओं से ऐसे सबक सीखे हैं। इसलिए देश के समक्ष सवाल है कि निर्वाचित प्रतिनिधि उन लोगों की नजर में अपनी विश्वसनीयता क्यों खो देते हैं जो उनको सत्ता तक पहुंचाते हैं? लोकतंत्र के काम करने का तरीका हाल में दिल्ली में मेयर के चुनाव में दिखाई दिया। इसने भारतीय लोकतंत्र पर गर्व करने वाले हर व्यक्ति को झकझोर दिया है। पूरे देश और दुनिया ने इस शर्मनाक कृत्य को देखा। दुःख की बात है कि आज हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो प्रतिनिधियों तथा उनको निर्वाचित करने वाले लोगों के बीच असंतोष प्रदर्शित करते हैं। 12 मार्च, 1920 को गांधीजी ने कहा था, 'यदि मैं आज राजनीति में भाग लेता दिखता हूं तो इसका कारण केवल यह है कि आज राजनीति ने हमें चारों ओर से सांप की कुंडली की तरह लपेट लिया है। हम चाहे जितनी मेहनत करें, इससे मुक्ति नहीं पा सकते हैं। मैं इस सांप से लड़ना चाहता हूं।' उन्होंने ऐसा किया थी और एक ऐसा माडल तैयार किया जिसमें लोगों को स्वर तथा अहिंसक दृष्टिकोण मिला। इससे न केवल भारत, बल्कि अनेक अन्य देशों को साम्राज्यवाद, जाति व्यवस्था व नस्लवाद के शिकंजे से मुक्ति का अवसर मिला। एक शब्द में कहें तो उन्होंने लोगों को नैतिक शक्ति में विश्वास करना सिखाया। 7 नवंबर, 1920 को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे बहुत अच्छी तरह स्पष्ट किया था। उन्होंने कहा था, 'हमें वह सारी नैतिक शक्ति चाहिए जिसका प्रतिनिधित्व महात्मा गांधी करते हैं और केवल वे ही दुनिया में इसका प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।' उम्मीद थी कि हर भारतीय इसी नैतिक शक्ति को समझेगा, उसे अंतर्निहित करेगा तथा उसका व्यवहार करेगा।

स्पष्ट रूप से जनता के प्रतिनिधियों से उम्मीद थी और है कि वे हर चरण पर गांधीजी की विरासत के ध्वजावाहक बनेंगे। उनमें से प्रत्येक को आत्मावलोकन की जरूरत है। उनको इस बात का विश्लेषण करना चाहिए कि वे राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करने, लोकतंत्र को मजबूत करने तथा 'कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति' की परेशानियां दूर करने के लिए किस सीमा तक काम कर सकते हैं। 75 वर्ष से अधिक आयु वाले भारतीयों की पीढ़ी ने राजनीतिक क्षेत्र में नैतिक और मानवीय मूल्यों का पतन देखा है जिसके परिणामस्वरूप हमारे नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा पदों पर बैठे लोगों की विश्वसनीयता में लगातार गिरावट आई है। इसका विपरीत प्रभाव लोकतंत्र के महत्वपूर्ण अंगों, उसके संस्थानों तथा सबसे ज्यादा लोगों और उनके सरोकारों पर पड़ा है। अनेक मंत्रियों को आज जेलों के सीखचों के पीछे जाना पड़ता है, पर उनको अपने पद का सम्मान, वेतन व भत्ते तथा विशेषाधिकार मिलते रहते हैं। इस स्थिति की लोकतंत्र में कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

आखिरकार भारत नैतिक आधार पर टी.टी. कृष्णामाचारी, केशव देव मालवीय व लाल बहादुर शास्त्री जैसे लोगों के इस्तीफों व उनकी विश्वसनीयता को अनदेखा कैसे कर सकता है? वृद्ध लोगों की यह पीढ़ी अक्सर गांधीजी और उनके द्वारा अभिव्यक्त 'स्वतंत्र व्यक्ति व स्वतंत्र राष्ट्र' की गहरी अवधारणा को याद करती है। गांधीजी ने स्वीकार किया था कि ब्रिटिश संसद के सतही अध्ययन से वे सोचते थे कि जनता को सारी शक्ति उनकी संसदों से मिलती है।

लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने स्वयं अनुभव किया, 'सत्य यह है कि शक्ति जनता के पास होती है और उसे वह थोड़े समय के लिए अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को दे सकती है। जनता से अलग स्वतंत्र रूप से संसदों की न कोई शक्ति होती है और न कोई अस्तित्व।' उम्मीद की जानी चाहिए कि हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि समझेंगे कि उनकी शक्ति का स्रोत जनता है और वे संसद तथा विधानसभाओं में सूचनाओं पर आधारित बहसों व चर्चाओं को सुनिश्चित करेंगे। इस नैतिक दिशा से उनकी भूमिका मजबूत होगी तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा कर उनमें संतोष की भावना भी पैदा होगी।

# विद्यालयी शिक्षा और कम उम्र में विवाह

> दंडात्मक कार्रवाइयों के बजाय स्कूलों में लड़कियों के नामांकन में सुधार के लिए एक सक्षम ढांचा तैयार करने के और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए।

**अर्चना दत्ता**
(लेखिका दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)



असम यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम और बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) के तहत दंडात्मक कार्रवाइयों के माध्यम से एक जोरदार अभियान पर है। 4,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 3,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें कई पिता, भाई और मुस्लिम और हिंदू पुजारियों को सुविधाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। असम के मुख्यमंत्री ने 2026 तक राज्य में बाल विवाह के खतरे को खत्म करने की कसम खाई।

बड़े पैमाने पर सार्वजनिक आक्रोश के बीच, गौहाटी उच्च न्यायालय ने गैर-जमानती आरोपों के साथ इस तरह के बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों की आलोचना की और समाज संचालित परिवर्तन पर जोर दिया। विपक्ष ने दावा किया कि यह राजनीतिक लाभ के लिए है।

कई कानूनी विशेषज्ञ नए मानदंडों और प्रथाओं को स्थापित करने के साधन के रूप में कानून की पुष्टि करते हैं। भारत में बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 था, जिसे बाद में मौजूदा पीसीएमए, 2006 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया, जिससे महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और पुरुषों के लिए 21 वर्ष कर दी गई।

अब, इसे 21 साल की उम्र में लैंगिक-तटस्थ बनाने के लिए एक कदम उठाया जा रहा है। संशोधन विधेयक के समर्थकों द्वारा यह दावा किया गया था कि इस कदम से लड़कियों की एजेंसी, उनकी प्रजनन स्वायत्तता बढ़ेगी और लैंगिक असमानता कम होगी। हालांकि, विरोधियों ने तर्क दिया कि लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने के लिए यह पर्याप्त स्थिति नहीं है, क्योंकि यह उन अंतर्निहित सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों को संबोधित करने में विफल है जो कई संसाधन-गरीब परिवारों को धक्का देते हैं, जो सबसे ज्यादा शिकार भी हैं। आपात स्थिति, जैसे कि आंतरिक संघर्ष, प्राकृतिक आपदा या महामारी, कम उम्र में लड़कियों की शादी, या तो उच्च दहेज से बचने के लिए या लड़कियों की रक्षा करने के तरीके के रूप में।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के किशोरों के एक राष्ट्रीय नेटवर्क ने इस उद्देश्य के लिए गठित टास्क फोर्स को सुझाव दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, गतिशीलता और स्वतंत्रता के लिए पर्याप्त संसाधन के माध्यम से वंचित ग्रामीण संदर्भों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। चुनें कि कब, और किससे शादी करनी है, क्योंकि बाल विवाह शिक्षा और गरीबी के निम्न स्तर से निकटता से जुड़ा हुआ है।

जबकि, एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, पीसीएमए के तहत दर्ज किए गए मामलों की संख्या बहुत कम है, 2020 में केवल 785, और पार्टनर्स फॉर लॉ इन डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि उनमें से 65 प्रतिशत भागी हुई बेटियों के खिलाफ माता-पिता को अस्वीकार करके दायर किए गए हैं, और उनकी पसंद के पुरुष भागीदारों को अपराधियों के रूप में दंडित किया गया है। बाल अधिकार कार्यकर्ताओं को डर है कि प्रस्तावित कानून कानून के दुरूपयोग को और बढ़ा देगा, सभी किशोर कामुकता को अपराधी बना देगा।

हालांकि, आज के समाज में, मौजूदा पीसीएमए ने निस्संदेह कुछ जागरूकता पैदा की है, जिससे कई लड़कियों को अपने विवाह को रोकने या देरी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। क्रमिक एनएफएचएस डेटा ने एनएफएचएस-3 (2005-06) में 47 प्रतिशत से 18 वर्ष से कम आयु में शादी करने वाली लड़कियों के अनुपात में गिरावट की प्रवृत्ति को एनएफएचएस-4 (2015-16) में 27 प्रतिशत दर्ज किया, और अब, एनएफएचएस-5 (2020-21) में 23 प्रतिशत। अध्ययन इस बात से भी इनकार करते हैं कि कम उम्र में शादी उच्च प्रजनन क्षमता से जुड़ी होती है। बाल विवाह की अपेक्षाकृत उच्च दर वाले राज्यों सहित अधिकांश राज्यों में प्रजनन दर गिर रही है।

एनएफएचएस-5 डेटा ने पुष्टि की कि एमएमआर जैसे मातृ और शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में 80 प्रतिशत की कमी आई है (1990 में 556 से 2016-18 में 113 प्रति लाख जीवित जन्म), और, ढ्ढरूक्रमें 69 प्रतिशत (35 प्रति 1,000 जन्म) 2019-21 में, 1990 में 114 से)। 2021 में एक संसदीय प्रश्न ने पुष्टि की कि यह सुझाव देने के लिए कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है कि बाल विवाह पोक्सो और पीसीएमए को प्रभावित करने का प्रमुख कारण है। इसके बजाय, स्वास्थ्य, पोषण और चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसे कारक उन पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

इसके अलावा, सीआरवाई द्वारा 19 राज्यों के 109 जिलों में सहसंबंध अध्ययन, एनएफएचएस-5डेटा और शिक्षा मंत्रालय के प्रदर्शन ग्रेडिंग इंडेक्स स्कोर ऑफ डिस्ट्रिक्ट्स (2019-20) का विश्लेषण प्रभावी कक्षा लेनदेन, बुनियादी ढांचे और छात्रों के प्रदर्शन जैसे संकेतकों पर किया गया है। अधिकार, स्कूल सुरक्षा, आदि ने पाया कि बाल विवाह को रोकने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में 10 या उससे अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा वाली महिलाओं का प्रतिशत तुलनात्मक रूप से अधिक है, जैसे लखनऊ (51.9 प्रतिशत), गौतम बुद्ध नगर (51.9 प्रतिशत), वाराणसी (55 प्रतिशत), और इलाहाबाद (47.6 प्रतिशत)। प्रतिशत) में बाल विवाह के मामलों का प्रतिशत काफी कम था- क्रमशः 9.9 प्रतिशत, 13.5 प्रतिशत, 10.4 प्रतिशत और 13.8 प्रतिशत। जबकि बदायूं (21.6 प्रतिशत), लखीमपुर-खीरी (28.7 प्रतिशत), और कौशाम्बी (31.9 प्रतिशत) जैसे जिलों में 10 या अधिक वर्षों की स्कूली शिक्षा वाली महिलाओं का प्रतिशत कम है, बाल विवाह का प्रतिशत 22.9 प्रतिशत अधिक है। क्रमशः 19.7 प्रतिशत और 17.6 प्रतिशत। यूनिसेफ की पिछले साल की रिपोर्ट के अनुसार, महामारी के परिणामस्वरूप 10 मिलियन से अधिक लड़कियों की शादी हो चुकी है। एक मारक के रूप में, इसने देशों से लड़कियों की शिक्षा, विशेष रूप से माध्यमिक शिक्षा में अधिक निवेश करने का आग्रह किया। इसके अलावा, यह पाया गया कि बेहतर शिक्षित महिलाएं औपचारिक श्रम बाजार में अधिक भाग लेती हैं, उच्च आय अर्जित करती हैं, और इस प्रकार, उन्हें ऊपर उठाती हैं।

## फरमाया



**क्या** कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को लोगों को गाली देने की पूरी आजादी हो? देश में कानून का राज है और रहेगा।

**– रविशंकर प्रसाद**
भाजपा नेता



**गांधी** जी ने कहा था 'मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा ईश्वर है, अहिंसा उसे पाने का साधन है।'

**– राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**लोगों** ने दिल्ली में मेरे खिलाफ पोस्टर लगाए हैं। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है।

**– अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## वायरस का खतरा

**एच3एन2** वायरस देश भर के लगभग सभी सभी क्षेत्रों में फैल चुका है और अस्पतालों में इसके मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यह कोरोना जितना घातक नहीं है मगर जनता द्वारा किसी प्रकार की सतर्कता नहीं बरते जाने और प्रशासन की सक्रियता कोरोनावायरस वैश्विक महामारी जैसी नहीं दिख रही है। मास्क किसी के मुंह पर नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी हालत में यह संक्रमण बड़े पैमाने पर फैल सकता है। पूर्व में जिन्हे कोरोना संक्रमण हो चुका उनके लिए यह घातक भी सिद्ध हो सकता है। एच3एन2 वायरस के लिए किसी प्रकार का टीका भी नहीं बना है। अतः सरकार के आयुष विभाग को इसके लिए दवा कंपनियों के सहयोग से तत्काल टीका बनाने की प्रक्रिया शुरू कर देना चाहिए। लोगों को खुद ही ही आत्मानुशासन का परिचय देते हुए मास्क व अन्य सभी प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री ने जीनोम टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं तथा केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को भी इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं, पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता अभी नजर नहीं आ रही है। ऐसा लगता है कि अब जनता को वायरस संक्रमणों के साथ रहने व मास्क लगाने, सेनिटाइजर प्रयोग आदि आदतें डालनी पड़ेंगी।

**–विभूति बुपक्या,** खाचरोद

## फांसी का तरीका

**अभी** तक भारत में फांसी पर लटका कर मृत्यु दंड दिए जाने का प्रावधान रहा है । मगर हाल ही में फांसी पर कुछ देर तक लटके रहने के बावजूद मृत्यु नहीं होने पर जो त्रासदी अपराधी ने पाई उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में विमर्श जारी है। जब अपराधी संगीन अपराध करता है तब वह भी जिसके साथ अपराध करता है उसे क्रूरता पूर्वक व्यवहार करता है। ऐसे में कुछ लोगों का मानना है कि यदि उसे मृत्युदंड देने में कष्ट भुगतना पड़े तो इससे उसे बचाने की क्या जरूरत है। अतीत में मृत्युदंड चौराहे पर जनता के सामने दिया जाता था जिसमें उसे लोगों द्वारा पत्थर मार-मार कर या अन्य प्रकार से सार्वजनिक रूप से मार दिया जाता था। लेकिन लोकतंत्र के वर्चस्व वाले वर्तमान युग में फांसी की सजा को कम कष्टदायक बनाने के प्रयास हो रहे हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्था तो मृत्यु दंड समाप्त करने की पैरवी भी कर रही है। दुनिया के अनेक देशों ने मृत्यु दंड समाप्त किया है और इस बात के खास प्रमाण नहीं हैं कि वहां जघन्य अपराधों में वृद्धि हुई है। अपराध रोकने के लिए बेहतर कानून-व्यवस्था तथा आरोपी को शीघ्रातिशीघ्र दंड भी प्रभावी सिद्ध हुए हैं।

**–सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## बढ़ता आतंकवाद

**ब्रिटेन** में जब प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बागडोर संभाली थी तब हमारे देश में भी उत्साह था। उम्मीद थी कि एक भारतवंशी के प्रधानमंत्री बनते ही भारतीय हितों की पूरी सुरक्षा होगी लेकिन बीते महीनों में घटित घटनाएं इसके उलट जा रही है। पंजाब में खालिस्तान आंदोलन की वर्तमान जड़ ब्रिटेन व कनाडा जैसे देशों में ही है और वहीं से इसे ताजी हवा भी मिल रही है। इसके अलावा अलगाववादी झंडे लहराते हुए प्रदर्शनकारी लंदन स्थित भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ कर एक नई चुनौती दे रहे हैं। इससे ब्रिटेन में भारतीय नागरिकों, राजनयिकों व भारतीय मूल के लोगों पर खतरा बढ़ गया है। इस तरह की घटनाएं चिंता पैदा करती है। अगर इन्हें नहीं रोका गया तो इसके दुष्परिणाम ब्रिटेन को भी भुगतने पड़ेंगे। ब्रिटेन को यह भी समझ लेना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तथा देश की सभी राज्य सरकारें किसी कीमत पर खालिस्तान या अन्य आतंकवादी या अलगाववादी आंदोलन को सहन करने को तैयार नहीं हैं और उसे पूरी कठोरता से कुचलने के प्रयास कर रही हैं।

**–अमृतलाल मारू,** इंदौर

# किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय किसान हित में : शमशाद बेगम

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के सच्चे हितैषी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



सभापति, नगर पंचायत बोड़ला एवं उपाध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला शमशाद बेगम ने जारी बयान में कहा है कि 17 दिसंबर 2018 में छ.ग.के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही किसान पुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की लगभग 80 प्रतिशत खेतिहार किसान व मजदूर वर्ग की समृद्धि खुशहाली एव सशक्तिकरण के लिए सत्ता के पहले ही पल से कार्य करते आ रहे है जिससे न केवल छत्तीसगढ़ के खेतिहार किसान मजदूर समृद्ध हुआ बल्कि प्रदेश की तमाम छोटे,मध्यम,एव उच्च श्रेणी के व्यापारी,व्यवसाई कि व्यापार में खूब तरक्की आई है और इसी के चलते प्रदेश में बेरोजगारी दर बिलकुल नगण्य रह गई है भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार ने महज सवा चार साल के शासन काल में ही प्रदेश को विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ मॉडल के रूप में उभरा है शमशाद बेगम ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का एलान कर इतिहास रच दिया। भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह प्रदेश के किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे है। प्रदेश की सत्ता संभालने के चंद घंटों बाद सबसे पहले बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों का बढ़ाया मान अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ होगी किसानों से धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा विधानसभा के समापन में बड़ी घोषणा करते हुए किसानों के धान खरीदी मामले में कहा है कि आज किसानों से प्रति एकड़ 15 की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी किया जाएगा, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद से पूरे प्रदेश में किसानों में हर्ष और उल्लास देखने को मिल रहा है। एनएसयूआई नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अंशु केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकारऔर हमारे नवागढ़ के लाडले विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे सदा किसान और गरीब हितैषी सरकार है आए दिन इनका फैसला किसानों और गरीबों के हित में होता है चाहे वह कर्जमाफी हो या धान खरीदी हो या बेरोजगारी भत्ता मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की जो अप्रैल से शुरू भी हो जाएगा वहीं बीते जीवन विधानसभा समापन के दौरान उन्होंने किसान हित में एक बड़ा फैसला लिया है जिसमें अब किसानों से 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी मुख्यमंत्री के इस फैसले को लेकर पूरे क्षेत्र में किसानों में खुशी की लहर है और हम सभी इस फैसले से बहुत खुश हैं इनके लिए भूपेश बघेल जी और स्थानीय विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे जी को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के वाहन किराया का भुगतान करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू के गाड़ी का किराया भुगतान करने के लिए शासन को आदेश दिया गया है बता दे विगत 7 महीने से जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता वर्मा को शासन के द्वारा वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया और ना ही किराए के वाहन का किराया का भुगतान किया गया जिस के संबंध में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा गया था उसके बाद भी इस तरफ कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया जिसे परेशान लहोकर अध्यक्ष सुनीता साहू ने अपने वकील टीके झा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर किया गया जिस जहां पर हाई कोर्ट के द्वारा फैसला दिया गया है।

इस संबंध में जानकारी मिली है कि जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू को विगत 21 जुलाई 2022 से लेकर 25 जनवरी2023 तक का वाहन का किराया का भुगतान नहीं किया गया था बता दें कि बीते सन 2021 में राज्य सरकार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्षों के वाहन के संबंध में नया गाइडलाइन जारी किया गया है जिसके मुताबिक ऐसे जिला पंचायत अध्यक्ष जिनके पास शासकीय वाहन नहीं ऐसे जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रतिमाह ?60000 का प्रावधान रखा गया है इस ?,60000 में वाहन चालक , डीजल पेट्रोल तथा वाहन की मरम्मत को शामिल किया गया है इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू ने कहा कि यह सत्य की जीत है उन्होंने कहा कि वाहन के लिए कई बार ज्ञापन सौंपा गया है कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को किंतु इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया था इसका हाईकोर्ट में जाना पड़ा।

### 11 करोड़ रुपए को रोका गया है जारी नहीं होने पर जाएंगे न्यायालय

ज़िला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहु ने बताया कि 15 वित्त राशि विगत 2 साल का करीब 11करोड़ रुपए जिला पंचायत में आ गया हैं जो जिले के विकास के लिए है जिसे अभी तक के रोक कर रखा गया है जिसे जारी करने के लिए जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा तालाबंदी किया गया था एवं इस संबंध में शीघ्र ही राशि जारी करने के संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपा गया उसके बावजूद राशि को विकास राशि को जारी नहीं किया गया है उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा पूरे छत्तीसगढ़ में केवल बेमेतरा जिला ही एक ऐसा जिला है जहां पर विकास के लिए आए हुए राशि का उपयोग नहीं किया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि महिला अध्यक्ष को यहां प्रताड़ित किया जा रहा है उन्होंने इस संबंध में आगे जानकारी देते हुए बताया है कि इस राशि को जारी करने के लिए कलेक्टर को फिर एक बार ज्ञापन दिया गया है और 15 दिन का समय दिया गया है यदि 15 दिन के समय के भीतर विकास राशि को जारी नहीं किया जाएगा तो कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा इसके साथ ही हाईकोर्ट का दरवाजा फिर खटखटाएंगे।

# चिल्फीघाटी स्थित जांच चौकी में बिना धर्मकांटे के वाहनों पर होने वाली कार्यवाही को लेकर विधानसभा में डॉ. रेणु जोगी ने मामला उठाया



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

चिल्फीघाटी स्थित परिवहन विभाग के जांच चौकी में बिना धर्मकांटे के वाहनों पे होने वाली कार्यवाही को लेकर विधानसभा में जोगी कांग्रेस की सुप्रीमो डॉ रेणु अजित जोगी ने मामला उठाया । डॉ रेणु अजित जोगी ने पूछा कि (क) कबीरधाम जिले के चिल्फी घाटी में स्थित परिवहन जांच चौकी में कितने अधिकारी कर्मचारी पदस्त है ?पदनाम और नियुक्ति दिनांक बताए ? (ख)परिवहन जांच चौकी चिल्फी में वर्ष 2021-22,2022-23 में दिनांक 31/1/2023 तक कितनी गाड़ियों पर कार्यवाही हुई है ?कार्यवाही से कितना राजस्व प्राप्त हुआ है ?वर्षवार आंकड़े दे । (ग ) क्या चिल्फीघाटी बेरियर में धर्मकाटा लगा है ? यदि नही तो बिना धर्म कांटे के किस आधार पर कार्यवाही की जा रही है ? चिल्फी बेरियर पर धर्म काटा कब तक लग जाएगा ?

वन परिवहन मंत्री अकबर ने जवाब दिया कि चिल्फी घाटी में धर्म काटा नही लगा है । कार्यवाही मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 113 एवम 114 के प्रावधानो के अंतर्गत की जाती है ।धर्मकांटे लगाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है निश्चित समयसीमा बताया जाना सम्भव नही है ।

# फोर्स एकेडमी के विजेता टीम ने सॉफ्टबॉल खेलने दक्षिण कोरिया जा रहे खिलाड़ी का किया सहयोग

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में गठित ग्राम खेल समिति खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों का आर्थिक मदद कर रहे हैं। सॉफ्टबॉल खेलने दक्षिण कोरिया जा रही कुमारी कविता सिन्हा को फोर्स एकेडमी के विजेता खिलाड़ियों ने अपने जीते हुवे पुरूस्कार के 5 हजार राशि को सहयोग के रूप में प्रदान किया है, जो सराहनीय है। फोर्स एकेडमी की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला में पहुंची और जिला सिवनी की टीम को 5 अंक से पराजित करते हुवे जीत हासिल किया।

मध्यप्रदेश के मंडला जिला अंतर्गत ग्राम रामदेवरी के तत्वाधान में अंतर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 में फोर्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने फिर से अपनी खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। फोर्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए अंतराजीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अपना मुकाम हासिल किया। आज पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए फोर्स एकेडमी का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह से आज फोर्स एकेडमी के राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की। पुलिस अधीक्षक डॉ. सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी जिले का गौरव हैं। भविष्य में इसी तरह अपने प्रतिभा से जिले, फोर्स एकेडमी का नाम रौशन करते रहें। उन्होंने कहा कि आप लोग खेल के साथ साथ अन्य खिलाड़ियों का मदद का रहे है, जो सराहनीय है। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि फोर्स एकेडमी की टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला में पहुंची और सिवनी जिला के टीम को 5 अंक से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों को 15 हजार रूपए नगद और शिल्ड मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया है।

## कुलदीप शर्मा ने बरही में आयोजित 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही में आयोजित 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम से चर्चा कर मरीजों के दिए जा रहे स्वास्थ्य जॉच की सुविधा व निःशुल्क दवाईयों के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य टीम ने बताया की सामान्य बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, बुखार आदि का मौके पर इलाज किया जा रहा है साथ ही मरीजों का बीपी, शुगर आदि की जांच भी की जा रही है। कलेक्टर शर्मा ने शिविर में आयुष्मान कार्ड के संबंध में भी जानकारी ली तथा सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किसानों को बी-1 और सब्जी बीज मिनीकीट भी प्रदान किया।

# कलेक्टर ने चिरचारी के आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम चिरचारी में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहॉ अपने समक्ष बच्चों का वजन कराकर उनके पोषण स्तर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में कुपोषण से मुक्ति दिलाने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के रसोई कक्ष का अवलोकन कर बच्चों व महिलाओं को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता आदि का जायजा लिया। कलेक्टर ने सेक्टर सुपरवाइजर को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली भोज्य पदार्थ में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए, हितग्राहियों को गर्म व पौष्टिक भोजन ही दे।

**कलेक्टर ने सुपोषण आहार की ली जानकारी-** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हें बच्चों से आत्मीय बातचीत की और बच्चों से कहानी, कविता, इंग्लिश अल्फाबेट पूछा। इस दौरान जान्हवी, सौरभ, दावेश, गुंजन आदि ने कलेक्टर शर्मा को कविता सुनाया जिस पर कलेक्टर ने खुश होकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें चॉकलेट एवं बिस्किट भी प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं से चर्चा कर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत मिल रहे सुपोषण आहार की जानकारी ली।

## महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने की कार्यकारिणी की घोषणा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बेमेतरा जिले की कार्यकारिणी की घोषणा मोर्चा की जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत की स्वीकृति एवं भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की सहमति से की है। जिला कार्यकारिणी में 25 पदाधिकारी, 88 कार्यसमिति सदस्य एवं 10 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। जिला मंत्री मधु राय नवागढ़ वा सावित्री रजक महामंत्री बेमेतरा से जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी वर्मा भिम्भौरी, उमा ठाकुर थान खम्हरिया, संतोषी साहू किरकी, राजेश्वरी पांडे बेमेतरा, सुमिता यादव बेमेतरा, टामिन साहू साजा एवं मीना निषाद नवागढ़ को बनाया गया है। जिला महामंत्री मधु सन्तोष राय नवागढ़ एवं सावित्री रजक बेमेतरा बनाई गईं हैं। जिला मंत्री द्रोपति साहू देवादा, जामीन बंछोर बेमेतरा, दुर्गा सेन एरमशाही, कल्याणी साहू भीम्भौरी, ममता देवांगन देवरबीजा, मैनादेवी मांडले रजकुड़ी एवं बबीता रोहरा बेमेतरा को बनाया गया है। जिला कोषाध्यक्ष सरिता जैन थान खम्हरिया एवं सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा बेरला को बनी है। जिला मीडिया प्रभारी पुष्पा यादव बेमेतरा, सोशल मीडिया प्रभारी पुष्पा मात्रे घूरसेना, सोशल मीडिया सह प्रभारी यामिनी चौबे बेमेतरा, आईटी सेल प्रभारी लक्ष्मी वर्मा बेरला, कार्यालय मंत्री राजकुमारी मानिकपुरी झलमला एवं सह कार्यालय मंत्री दीपिका साहू आनंदगांव को बनाया गया है।

# छत्तीसगढ़ पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक पारित होने पर सिटी प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक पारित होने पर सिटी प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह कानून आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभ में पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक पारित होने पर जिले के पत्रकारो ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

बता दें कि बीते दिनों छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक-2023 विधानसभा में पारित हो चुका है। इस संबंध में सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक महेश दुबे ने कहा कि बहुत दिनों से छत्तीसगढ़ में पत्रकारों के लिए कानून बनाने की आवश्यकता महसूस किया जा रहा था जिसे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में पारित कराकर पत्रकारों को समुचित सुरक्षा की व्यवस्था किया है जिसके लिए पत्रकार सदैव आभारी रहेंगे वहीं संरक्षक प्रकाश जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री ने सदैव पत्रकारों के हित को ध्यान में रखे और अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून पास कराया गया है जो निसंदेह प्रशंसनीय है जिसके लिए हम सब पत्रकार मुख्यमंत्री के आभारी हैं सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून 2023 पास होना आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने मुख्यमंत्री को इसके लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है सलाहकार किशोर तिवारी ने भी मुख्यमंत्री का को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कानून से निश्चित तौर पर पत्रकारों की सुरक्षा एवं स्वतंत्रता बनी रहेगी सिटी प्रेस क्लब के महासचिव अमीन पप्पू रवानी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर मुख्यमंत्री ने अपने किए गए वादे को अमलीजामा पहनाया जिसके लिए सभी पत्रकारों को निश्चित तौर पर सुरक्षा मिलेगी इसके लिए हम सब पत्रकार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आभारी हैं।

इसके अलावा पत्रकार प्रसून शुक्ल दिनेश दत्त दुबे अनिल त्रिपाठी आनंद साहू अरविंद पुरी गोस्वामी सुरेंद्र मेडी धीवर योगेश राजपूत अजय शुक्ला ममता ग्वाल वंशी आशीष कांठले अनीश मेमन ने भी पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## भ्रष्ट समूह के खिलाफ नहीं हो रही कार्यवाही

# ग्रामीणों ने दी एसडीएम कार्यालय घेराव करने की चेतावनी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भ्रष्ट समूह के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर बेरला एसडीएम कार्यालय के घेराव करने की चेतावनी दिया गया है इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परपोड़ा ,कुम्हिगुड़ा व बुढ़ेरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित कर समूह को माह मई 2022 के कोरोना काल के दौरान गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल प्राथमिकता कार्ड धारी जिसमें परपोड़ा के 540 कार्डधारी जिसमे लगभग 2300 व्यक्ति ,कुम्हिगुड़ा के 390 कार्डधारी जिसमे लगभग 1600 व्यक्ति व बुढ़ेरा के प्राथमिकता व अन्त्योदय दोनों 190 कार्डधारी जिसमे लगभग 1000 व्यक्ति शामिल थे जिसके राशन ग़बन करने के आरोप सिद्ध होने पर तत्कालीन एसडीएम संदीप ठाकुर द्वारा परपोड़ा राजेश्वरी स्व. सहायता समूह को 21 जुलाई 2022 ,कुम्हिगुड़ा श्री सत्य कबीर स्व सहायता समूह को 28 सितम्बर 2022 को व बुढ़ेरा जय बूढ़ा देव स्व सहायता समूह को 03 अक्टूबर 2022 को निलबिंत किया था। समूह को निर्लंबित करने के बाद आगे की कार्यवाही राशि वसूल व समूह के ऊपर एफ आई आर दर्ज करने के लिए तत्कालीन एस डी एम से आगे कार्यवाही के लिए बार बार जाकर ग्रामीण ने मिले परन्तु कार्यवाही नहीं बढ़ाया तो जिलाधीश के पास दिशा कार्यसमिति के सदस्य जिज्ञासा दुबे के माध्यम से जिलाधीश के पास 25 नवम्बर 2022 को जाकर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जल्द कार्यवाही का आश्वासन मिला परन्तु कार्यवाही आगे नही बढ़ाया गया अंत मे दुर्ग संभाग कमिश्नर के पास 12 दिसम्बर 2022 को जाकर ग्रामीण मिले उन्होंने जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### कमिश्नर व कलेक्टर के पास से एस डी एम को कार्यवाही का पत्र मिलने के बाद भी कोई रुचि नहीं दिखाया गया

इस संबंध में बताया गया है कि कमिश्नर द्वारा कलेक्टर को 14 दिसम्बर 2022 को पत्र के माध्यम से समय सीमा के अंतर्गत राशि वसूल व अपराध पंजीबध के लिए कार्यवाही कर की गई कार्यवाही को कार्यलय में अवगत कराने को कहा कलेक्टर के माध्यम से एस डी एम को वही बात को उल्लेख कर जल्द कार्यवाही के लिए एस डी एम को 17 जनवरी को जिलाधीश ने पत्र लिखा परन्तु आज 24 मार्च तक इस बारे में कोई जांच हुआ न ही कोई आगे की कार्यवाही आखिरकर अधिकारी भ्रस्ट समूह जो तीनो समूह मिलाकर लगभग 8 लाख रुपये शासन को चपत लगा चुके ऐसे भ्रस्ट समूह पर राशि वसूल व अपराध दर्ज के लिए अधिकारी करना छोड़ उल्टा इस पर रुचि नही दिखाना दूर भाग रहे है यह स्थिति बना हुआ है।

# सिंध समाज के पर्व चेट्री चंड के शुभ अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित सिंध समाज के झूले लाल मंदिर में स्थानीय सिंधी वरिष्ठ जनों तथा युवा जनों ने अपने इष्ट झूले लाल का जन्म दिन अत्यंत भव्यता पूर्ण एवं धूमधाम से मनाया। सिंध समाज के पदाधिकारियों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संचालनकर्ता संतोष रमानी ने बताया कि राजकुमार बजाज अध्यक्ष, टीकम दास आडवानी उपाध्यक्ष, कैलाश डोडवानी सचिव, कुल ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों तथा वरिष्ठ जनों अमृतलाल आडवानी, डॉ मोहन आनंद वाधवानी दयाल दास आडवानी, सुरेश राजानी के मार्गदर्शन में चेट्री चंड के शुभ अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें बच्चों ने नृत्य, गीत गायन प्रस्तुत किया। विजेताओं के साथ सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। युवाओं, महिलाओं ने संयुक्त रूप से बाईक रैली कर नगर भ्रमण किया। सायं 6.30बजे झूले लाल जी की भव्य झांकी सजाकर नगर भ्रमण किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने समस्त सिंधु समाज के जनप्रतिनिधियों एवं अनुयायियों को चेट्री चंड पर्व की शुभकामनाएं, हार्दिक बधाई दी और समाज में किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता पर उन्होंने सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। समाज के पदाधिकारियों ने मुख्य मंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ द्वारा झूले लाल जयंती पर अवकाश घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी जितेंद्र कुशवाहा ने भी सिंध समाज को पावन पर्व चेट्री चंड के अवसर पर झूले लाल जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। नगर भ्रमण पर निकाली गई शोभायात्रा का कुम्हारी व्यापारी संघ द्वारा स्वागत सत्कार एवं सम्मान किया गया।

# सूरत कोर्ट के फैसले का स्वागत किया पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने मामला प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी का

## पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने करी शक्ति के रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

केंद्र की एनडीए सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विगत महीनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर गुजरात प्रदेश के सूरत कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है तथा इस फैसले का जहां शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के महामंत्री डॉ खिलावन साहू ने स्वागत किया है तथा डॉ खिलावन साहू ने कहा है,कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी एवं पूरे मोदी( तेली साहू)को लोकसभा चुनाव के समय कर्नाटक में जातिगत गाली देने व्यथित होकर समाज के लोगो ने सूरत कोर्ट में याचिका दायर की थी, दोनों पक्षों को सुना गया। अदालत ने आरोप को सही पाया और राहुल गांधी के इस कृत्य के लिए अदालत ने उन्हें 2 साल की सजा सुनाई है,और इस फैसले का सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ,भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं जिला साहू संघ सक्ती के अध्यक्ष डॉ. खिलावन साहू ने स्वागत किया है,24 मार्च को शक्ति के शासकीय विश्राम गृह में पूर्व विधायक द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ खिलावन साहू ने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा जातिसूचक अपमान, मोदी जी के सरनेम पर एक मानहानि के दावा पर, माननीय सत्र न्यायालय सूरत ने अपने फैसले में राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा सुनाया है, राहुल गांधी ने सिर्फ मोदी जी का अपमान नहीं किया है बल्कि पूरे तेली समाज का अपमान किया है और माफी मांगने को भी तैयार



नहीं है। राहुल गांधी को अपनी शब्दों की मर्यादा पर ध्यान रखनी चाहिए। पूर्व विधायक ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी हमेशा जाति समाज एवम् संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते रहा है, जिसे सभी कांग्रेस के लोग समर्थन करते हैं । यह कांग्रेस का मूल चरित्र हो गया है। आने वाले समय में तेली समाज इस जातिगत अपमान के लिए कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाएगी और प्रदर्शन भी करेगी,डॉक्टर खिलावन साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का क़ानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी,राहुल गाँधी ने देश के मोदी (तेली,साहू) एवं ओबीसी समाज के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 के लोकसभा चुनाव में की थी, उसकी हम सबने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं क्योंकि उनकी बातें काफी अपमानजनक थी,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री डॉ खिलावन साहू के अनुसार अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं, वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और देश के ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। राहुल गाँधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं,क्या देश की जनता के खिलाफ देश के एक बड़े नेता का ऐसा निंदनीय बोलना उन्हें शोभा देता है? क्या यह देश के संविधान का अपमान नहीं है? क्या यह आत्मसम्मान के साथ जीने वाले सभी गरीब लोगों का अपमान नहीं है? क्या राहुल गाँधी देश से और देश के संविधान से इतने बड़े हो गए हैं कि हमें गाली देने का उन्हें अधिकार मिल गया है? माफी मांगना तो दूर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के तमाम नेता जिस तरह से इसे सही ठहराने में जुटे हुए हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि वे हमारा अपमान ही अपना नैतिक धर्म समझते हैं।

# जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने करी पार्टी पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी सकती जिले की 23 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय कामकाजी समीक्षा बैठक में मन की बात एवं बूथ सशक्तिकरण विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, बैठक का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में किया गया था ,जिसमें प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात के कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाने के लिए तैयारी कर अधिक से अधिक संख्या में मन की बात के कार्यक्रम को सुनना एवं फोटोज विडियों लिंक पर अपलोड करना एवं बूथ सशक्तिकरण के लिए बूथों पर जाकर बूथ की टीम बनाए जाने पर जोर दिया गया,इसके लिए प्रत्येक मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर पर



बूथ अध्यक्ष आई टी सेल, सोशल मीडिया युवा मोर्चा के एक कार्यकर्ता,मिडिया प्रभारी सह प्रभारी की टीम बनाकर बूथ लेबल पर मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही साथ ही बूथों पर कार्यो की प्रगति की जानकारी सभी मण्डल के अध्यक्ष से प्राप्त कर कार्यो को समयसीमा में किये जाने हेतु बोला गया एवं मोर्चा प्रकोष्ठ का जल्द गठन हेतु निर्देशित किया गया,साथ ही विगत दिनों शक्ति जिले में प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार सम्पन्न बूथ सशक्तिकरण अभियान की भी समीक्षा की गई एवं प्रमुख प्रभारी पदाधिकारियों से बूथ स्तर पर हुए बैठकों की जानकारी भी ली गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ,जिला के उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री जिला के प्रवक्ता, कार्यसमिति सदस्य, आई टी सेल, मीडिया प्रभारी, सहप्रभारी महिलामोर्चा जिलाअध्यक्ष, युवामोर्चा जिलाअध्यक्ष,उपाध्यक्ष, महामंत्री गण उपस्थित रहे,बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में हमको जिले की तीनों सीटों पर रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करनी है, तथा पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनाने हेतु जुट जाए एवं यह चुनाव हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## कलेक्टर ने नये एसडीएम कार्यालय भवन के लिए चिन्हांकित स्थल का लिया जायजा

**सक्ती।** सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज नवीन तहसील कार्यालय भवन के लिए मालखरौदा तहसील कार्यालय परिसर में स्थित भूमि का भवन निर्माण के लिए जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए पारदर्शिता के साथ गुणत्तापूर्ण भवन निमार्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित नक्शा के अनुरूप निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मालखरौदा एसडीएम रजनी भगत, तहसीलदार संजय मिंज, मालखरौदा जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाराद्वार शहर में खुलेगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रयास से बजट सत्र में सक्ती विधानसभा को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण कार्यों को बजट में शामिल किया। जिसमें नगर पंचायत बाराद्वार में स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी एवं उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने बताया कि सक्ती तथा सारागांव में स्वामी आत्मानंद विद्यालय डॉ महंत के प्रयास से संचालित होंगा, नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी तथा पार्षदों



के द्वारा नवीन तहसील भवन लोकार्पण के अवसर पर तथा इसके पूर्व भी नगर में स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोलने की मांग की गई थी जिस पर डॉ महंत ने मंच से ही सभी को आश्वस्त किया था की बाराद्वार नगर में जल्द स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोला जाएगा।बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में बजट में इसकी स्वीकृति प्रदान की। स्वामी आत्मानंद विद्यालय की मांग पूर्ण होने पर नगर में हर्ष का माहौल है नगरवासियों तथा जनप्रतिनिधियों ने डॉ महंत का आभार व्यक्त किया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी,उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी , प्रेस क्लब बाराद्वार के अध्यक्ष सुनील जिंदल, रूपनारायण साहू मंडी अध्यक्ष सक्ती, ऋषि राय, संदीप शर्मा, सुशील जिंदल, पार्षद रूपा यादव, अनिल यादव, सुशीला राय, गीता देवी चौबे, वंदना दूबे,अजय सिंह राजपूत एल्डरमैन रामावतार अग्रवाल, कल्पना साहू, वृंदा बरेठ, अभिषेक राय, सुनील शर्मा, विमल चौबे, अंकित मौगा सेन, दीपक अग्रवाल बुट्टी सहित नगरवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत को धन्यवाद प्रेषित किया है।

# कलेक्टर नूपुर का जिले में मिशन हेल्थ- कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है अस्पतालों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारीयो द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जिले के सीएचसी, पीएचसी एनआरसी सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया,कलेक्टर ने मालखरौदा में सीएचसी निरीक्षण के दौरान आपरेशन थियेटर मरमम्मत कार्य, सीएचसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी में निर्धारित दिशानिर्देशानुसार भोजन उपलब्ध कराने, साथ ही कार्यरत एफडी को प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया । उन्होने मालखरौदा एचडब्ल्यूसी में प्रदत्त राशि का व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने और डिलिवरी टेबल अन्य



आवश्यक सामग्री क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डभरा सीएचसी में आवश्यक मरम्मत कार्य में प्रगति, एनआरसी में अच्छे भोजन की व्यवस्था आपेशन थिएटर, प्रसव कक्ष में रिनोवेशन कार्य करने के निर्देश, सुखदा एचडब्ल्यूसी में अतिआवश्यक चिकित्सा सामग्री की व्यवस्था न होने तथा 36 बिंदु पर जानकारी प्राप्त न होने पर उक्त जानकारी तत्काल अपडेट करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने देवरघटा पीएचसी में सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की और साफ सफाई में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। टुंडरी पीएचसी में गर्भवती माताओं के रेफर होने के कारणों की संपूर्ण जानकारी पीएचसी में पदस्थ स्टाफ नर्स को उच्च चिकित्सा केंद्र में प्रशिक्षित करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान डभरा एसडीएम दिव्या अग्रवाल, जिला मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, बीएमओ डभरा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मंडी चांपा की अध्यक्ष नियुक्त की गई रत्ना गुलजार सिंह, कांग्रेस नेताओं ने करी प्रसन्नता व्यक्त

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा (52)की उपधारा (2) के अंतर्गत संचालक में विहिप शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए पूर्व में कृषि उपज मंडी समिति चांपा जिला जांजगीर चांपा हेतु गठित भारसाधक समिति को अतिष्ठित करते हुए रत्ना सिंह पति गुलजार सिंह को अध्यक्ष, बलराम राठौर पिता परसराम राठौर को उपाध्यक्ष तथा रामदास वैष्णव, कार्तिक राम पटेल,सनत कुमार तिवारी, वेदराम कश्यप, मेलाराम साहू को सदस्य के रूप में कृषि उपज मंडी चांपा के भारसाधक समिति के रूप में नियुक्त किया गया है, कृषि उपज मंडी भारसाधक समिति की अध्यक्ष रत्ना सिंह विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह की पत्नी हैं,उनके अध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत बाराद्वार अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी,प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील जिंदल, कृषि उपज मंडी सक्ती अध्यक्ष रूपनारायण साहू, ऋषि राय, संदीप शर्मा, सुशील जिंदल बंटी, दीपक अग्रवाल बुट्टी, सुनील शर्मा, पार्षद रूपा यादव, अनिल यादव, अभिषेक राय,विमल चौबे,अजय सिंह राजपूत,हेमचंद राठौर सहित सरपंचगण तथा ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## पीसीसी प्रदेश प्रतिनिधि व पूर्व विधायक प्रत्याशी अनिल चंद्रा के कार पर हमला



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नवीन जिला सक्ति के जैजैपुर विधानसभा के 2018 में विधायक प्रत्याशी रहे अनिल चंद्रा के ऊपर हमला हुआ है दरअसल रोज की तरह कल रात्रि को भी छाया विधायक अपने पुत्र और ड्रायवर के साथ अपने कार में बैठ कर चिखलरौन्दा की ओर से वापस आ रहे थे तभी मोड़ के पास घात लगाकर पिकअप वाहन लिए बैठे हुए अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी कार को बड़ी ही तेजी से ठोकर मार दिया गया। जिससे कार पलटते हुए गड्ढे में जा गिरी हालाँकि कार में लगे सभी एयर बैग का समय खुल जाने से कार सवार तीनों व्यक्तियों को मामूली चोटें आई है जिसकी प्राथमिकी जैजैपुर थाने में दर्ज कराते हुए प्रेस वार्ता कर जानकारी सांझा किया गया । गौरतलब है कि इससे पहले इनके निजी निवास में दो बार चोरी की घटना भी घटित हो चुकी है और अब ये घटना घटित होना प्रदेश की क़ानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है कि कैसे कोई सत्ताधारी पक्ष के नेता के साथ बार बार घटना हो रही है लेकिन एक बार भी पुलिस किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है।

# गणगौर के मौके पर सिंधारा क्वीन का किया आयोजन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला इकाई ने

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

गणगौर का पर्व जहां मारवाड़ी समाज में पूरी दुनिया में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता है, तो वहीं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई ने भी पहल करते हुए इस पर्व को सुंदर ढंग से आयोजित किया, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांत महिला इकाई द्वारा प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रम में गणगोर सिंघाड़ा क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें बहनों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक सोलह सिंगार कर ईशर गौरा जी का भजन मारवाड़ी भाषा में गाया व जज के रूप में सक्ती की समाजसेविका गुड्डी अग्रवाल उपस्थित



थी उन्होने गंगौर से संबंधित प्रश्न भी बहनों से पूछे, गणगौर आयोजन में सफल रहने वाले प्रतिभागीयो का रिजल्ट इस प्रकार रहा-नेहा अविनाश गोयल चाम्पासिंधारा क्वीन, प्रतिमा गुप्ता सिंधारा सर्वश्रेष्ठ गायिका, कुसुम अग्रवाल सिंधारा रानी व मोनिका नैला सुलोचना अग्रवाल व मोनिका कोरबा श्वेता अग्रवाल को सिंधारा सुंदरी का टाइटिल दिया गया व संगीता नेहा को सिंधारा सर्वोत्तम जोड़ी का टाइटिल दिया गया,अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन के इस आयोजन की जहां सभी ने प्रशंसा की तो वही समाज की बहनों ने भी बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी करी वह आयोजन समिति का भी आभार व्यक्त किया।

# चेट्रीचंड पर सिंधी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com

चेट्रीचंड के पर्व पर सिंधु युवा समिति चांपा के द्वारा नगर में 23 मार्च गुरुवार को भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत शाम 5 बजे सोझीघाट स्थित गुरुद्वारा से हुई। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन खास तौर पर महिलाएं बच्चे भी शामिल हुवे।चेटीचंड उत्सव सिंधु युवा समिति के तत्वावधान में नगर के प्रमुख मार्गों सोझीघाट,सदर बाजार, समलेश्वरी मंदिर कदम चौक, थाना चौक गौशाला बाजार होते हुवे डोंगाघाट मंदिर परिसर में शोभायात्रा का समापन किया गया।इस शोभायात्रा में मंजू इलेक्ट्रिकल, चांपा सेवा संस्थान, प्रेस क्लब चांपा एवं जय माँ वैष्णोंदेवी यात्रा सेवा समिति ने शोभायात्रा में शामिल समाज के लोगों का पुष्प वर्षा, शीतल पेयजल,आइसक्रीम कोल्डड्रिंक आदि का वितरण कर अपनी सहभागिता निभाई।विगत कई वर्षों से समाज द्वारा ये शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में डीजे के धुन पर थिरकते समाज के महिला-पुरूष आकर्षण के केंद्र रहे, लेकिन मुख्य रूप से आकर्षण केंद्र बहराणा साहब भी थे। बहराणा साहब विशेष सुसज्जित रथ पर सवार थे। इस रथ को सिंधी समाज के युवा पूरे यात्रा मार्ग पर विशेष परिधान में अनुशाषित व व्यवस्थित नजर आये।दिगर समाज के लोग भी उनके दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए चल रहे थे।पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबंद थी।इस मौके पर सिंधु युवा समिति के नवीन थवाणी,मनोज वीरानी,राम खूबवानी,अनिल मनवानी, राकेश खूबवानी,सुनील मनवानी,पप्पन चेतानी,मनोज धमेचा,डॉ अजय थवाणी,दीपक चंदानी,डॉ नंदलाल वीरानी,पिसी धामेचा,मन्नू जेठानी, राजेश थवाणी,विशाल धमेचा सहित समाज की बड़ी संख्या में बुजुर्ग,महिलाएं पुरूष एवं युवा इस शोभायात्रा यात्रा में शामिल हुए।

## अंर्तजिला संगठित गिरोह का पर्दाफाश

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर मोटर सायकिल बिक्री करते पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

23 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चांपा शहर में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं जिसकी तस्दीक हेतु थाना चांपा से टीम रवाना की गई जहॉ 04 संदिग्ध व्यक्ति दो मोटरसाइकिल में मिले जिसके संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया गया। उक्त संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ किये जाने पर उनके द्वारा जिला जांजगीर चांपा, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सक्ती एवं कवर्धा जिले से मोटरसाइकिल चोरी कर गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही के क्षेत्र में मोटरसाइकिल खपाने के लिए





अपने सहयोगियों के पास रखना बताया गया। जिस पर विशेष टीम का गठन कर कर जिला गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही भेजा गया। जहॉ चोरी करने वालों के अलावा 5 अन्य सहयोगी मिले जिनके द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल को खपाने का प्रयास किया जा रहा था। उक्त आरोपियों से कुल 36 मोटरसाइकिल तथा आपराधिक घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त 02 मोटर सायकल बरामद की गई। चोरी की घटना का मास्टरमाइंड दिनेश कुमार चक्रधारी के घर की तलाशी लेने पर चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने हेतु फर्जी रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं दस्तावेज तैयार करने वाली कंप्यूटर प्रिंटर एवं अन्य सामग्रियों के साथ.साथ बड़ी मात्रा में फर्जी रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रयुक्त प्लास्टिक कार्डस मिले जिसे धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया । मोटर सायकल चोरी करने एवं उसे खपाने वाले कुल 09 आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(1)(4) जाफौ/379 भादवि के तहत् कार्यवाही की जा रही है।

गिरोह से 36 मोटरसायकिल कुल कीमती 17 लाख 40 हजार रूपया किया गया जप्त, साथ ही कम्प्यूटर, प्रिंटर, लैपटाप एवं मोबाईल भी किया गया जप्त। मोटरसायकिल चोरी करने वाले 04 एवं चोरी करके खपाने वाले 05 कुल 09 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, चोरी करके मोटरसायकिल को सुने पेट्रोल पंप एवं रेल्वे स्टेशन में रखते थे जिसे 02-03 दिन बाद लेकर जाते थे, गिरोह के सदस्य रात्रि में मोटरसायकिल चोरी की घटना को अंजाम देते थे, घर के बाहर रखी मोटरसायकिल को चोरी करते थे। विगत 05 महीनों में मोटरसायकिल चोरी की घटना को अंजाम दिये है। गिरोह के सदस्यों द्वारा जिला जाजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, सक्ती एवं बलौदा-बाजार में चोरी की घटना को दिया गया अंजाम, गिरोह के सदस्यों द्वारा जिला जांजगीर चांपा, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सक्ती एवं कवर्धा से मोटरसायकल की चोरी किये थे। गिरोह के सदस्य रात्रि में पेण्ड्रा से 01 मोटरसायकिल में तीन सवारी निकलते थे, दो तीन स्थानों में चोरी करते थे। गिरोह के सदस्यों के पास 35 अलग-अलग मोटरसायकिल की चाबी मिली है जिसका प्रयोग करके चोरी करते थे। प्रत्येक गाड़ी का फर्जी दस्तावेज तैयार कर गौरेला- पेण्ड्रा -मरवाही क्षेत्र में 30-35 हजार में बेचते थे मोटर सायकिल चोरी की गिरोह का पर्दाफाश करने वाले पुलिस अधि./कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा रूपये 5000 नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया।

# केशरवानी महिला समिति चांपा ने मनाया हिंदू नववर्ष और नवरात्र उत्सव

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com

केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता के निवास स्थान पर हिंदू नववर्ष मनाया केसरिया रंग की परिधान में सजी सभी सदस्यों ने सर्व प्रथम दुर्गा माता और भगवान श्रीराम जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर द्वार पर ध्वजा और नौ दीप जलाकर नववर्ष स्वागत किया तत्पश्चात माता दुर्गा और भगवान श्रीराम जी की पूजा आराधना कर माता चुनरी ओढ़ाकर वंदना कर परिवार,समाज, और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना किए इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को हिंदू नववर्ष और नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि नववर्ष आता है साथ में नवरात्र अर्थात शक्ति संचय करने, और माता के आराधना के



नौ दिन लेकर आता है नवरात्र के ये दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की भक्ति के साथ शक्ति संजोने के दिन होते हैं नववर्ष हमें हर पल कोई न ई ऊर्जा और उत्साह के साथ नया करने का संकल्प की प्रेरणा देता है नववर्ष का संदेश यही है कि हमें सकारात्मक सोच के साथ केवल कल्पना ही नहीं कर्म भी करना चाहिए आरती के पश्चात प्रसाद वितरण कर स्वल्पाहार कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नपा सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो के खिलाफ सख्त हुए कलेक्टर इंजीनियर तिवारी का बयान, मैडम के भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त

## जनता के सामुदायिक भवन के बनाया अपना आवास, करोड़ों का टेंडर चहेते को

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जशपुर नगरपालिका में मुख्यमंत्री घोषणा मद सहित अन्य कार्यों में 5 करोड़ रुपए राशि की गड़बड़ी करने के गंभीर मामले सामने आने पर जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय उच्च अधिकारियों की समिति गठित की गई थी, जिसने जाँच करके अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है. वही व्यवस्थापन के मामले में एसडीएम श्यामा पटेल ने जाँच रिपोर्ट दी है, जिसके बाद कलेक्टर ने नगर पालिका जशपुर की सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है. जशपुर नगरपालिका में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से दस्तावेजों के साथ शिकायत की जा रही थी।

### जांच समिति को मिली गड़बड़ी

मुख्यमंत्री घोषणा मद सहित अन्य कार्यों में 5 करोड़ रुपए राशि की गड़बड़ी की गई इसमें पीआईसी मेंबर के बैठक के बिना 5 करोड़ के 37 कामों का टेंडर, प्रशासकीय स्वीकृति, अपने चहेते ठेकेदार संजय जैन के फर्म शीतल कुमार जैन को लाभ पहुंचाने के मामलों को काफी गंभीर अपराध माना है. इसके अलावा 31 कार्यों में वित्तीय अनियमितता बरती गई। वार्ड नंबर 6 के कई कार्य नियमों को ताक में रखकर संजय जैन को दिया गया। सीएमओ द्वारा अनधिकृत रूप से सामुदायिक भवन को आवास बनाकर उसमे नगरपालिका का 11 लाख 37 हजार खर्च किया। जैन मंदिर चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य अधूरा छोड़ा। अपने पसंदीदा ठेकेदार को जोनल नियम के विरुद्ध 15 लाख से अधिक का काम दिया।

### सब इंजीनियरों का बयान

नगरपालिका में पदस्त दो सब इंजीनियर नवीन तिवारी और वसुंधरा भगत ने जाँच समिति को बताया कि नगरपालिका सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो ने नगरपालिका क्षेत्र के 20 वार्डों को चार भागो में बांटा है। जोन में पंद्रह लाख तक के कार्य कराया जाता है। लेकिन सीएमओ अपने चहेते ठेकेदार संजय जैन को ग्यादा पहुचाने के लिए 15 लाख से अधिक के काम उनकी फर्म शीतल कुमार जैन को बिना पीआईसी की स्वीकृति के आबंटित कर देती है। संजय जैन नगरपालिका में सीएमओ के एजेंट के रूप में काम करते है। उनके द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत किए जाने पर सीएमओ हमलोगो का वेतन काट देती है हमलोगो को नोटिस जारी कर दिया जाता है। ठेकेदार संजय जैन से सीएमओ का लाखो का लेनदेन है। ऑफिस के लोगो के प्रति सीएमओ का रवैया तानाशाही पूर्ण है।

### 5 करोड़ 37 लाख का हेरफेर

कलेक्टर ने जशपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो के पीआईसी मेंबर के बैठक के बिना 5 करोड़ के 37 कामों का टेंडर, प्रशासकीय स्वीकृति, अपने चहेते ठेकेदार संजय जैन के फर्म शीतल कुमार जैन को लाभ पहुंचाने के मामलों को काफी गंभीर अपराध माना है. कलेक्टर ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा के अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जांच दल गठित की है. जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.सीएमओ पर वार्ड नंबर 16 की पार्षद और वार्डवासियों ने सामुदायिक भवन पर गलत तरीके से कब्जा करने और व्यक्ति गत उपयोग के लिए नगरपालिका का 11 लाख 37 हजार व्यय करने का आरोप लगाया था जिसे समिति ने अपनी जाँच में सही पाया है। शासन अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने और लोगो को कब्जे की भूमि में हक दिलाने के लिए नगरीय क्षेत्र में सरकारी भूमि को बेचने का निर्णय लिया था। इसे लेकर राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर दिया है। यह सरकारी भूमि केवल नगरीय निकाय क्षेत्र की नजूल जमीन होगी। कलेक्टर द्वारा भूमि आवंटन एवं व्यवस्थापन के मामले में केवल ऐसी भूमि का ही आवंटन करने का अधिकार आवंटन योग्य भूमि का चिन्हांकन कर भुइयां सॉफ्टवेयर में अपलोड कराकर शासकीय विभागों को उक्त भूमि की आवश्यकता के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त करेंगे। जमीन व्यवस्थापन पाने के लिए नगरपालिका से एनओसी लेना होता है। सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो पर आरोप है कि उन्होंने जमीन व्यवस्थापन की फाइलों को अनावश्यक रूप से लटकाकर रखा।

### विमल जैन ने की शिकायत

विमल जैन ने कलेक्टर से शिकायत किया की वह उनकी पत्नी के नाम से नजूल जमीन प्राप्त करने के लिए आवेदन किये थे इस संबंध में सीएमओ से मिलकर कहा कि मैडम मुझे जमीन का अभिमत दे दीजिए तो सीएमओ ने कहा कि बाहर संजय जैन ठेकेदार बैठे है उनसे मिल लीजिए। उनसे बात करने गया तो उन्होंने मुझसे 50 हजार की मांग की मैंने कहा मेरे पास इतना पैसा नहीं है तो उन्होंने कहा 25 हजार अभी दे दीजिए शेष बाद में। इसके बाद मै सीएमओ से मिलने गया तो उन्होंने मुझसे दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद पूरे मामले की शिकायत मैंने कलेक्टर से की। इस संबंध में सीएमओ ने कहा कि बस स्टैंड के निकट की शासकीय भूमि विमल जैन द्वारा मांगी जा रही थी इसलिए अभिमत नहीं दिया। सीएमओ पर विमल जैन ने आरोप लगाया है कि नगरपालिका में कई आई के होते हुई समयपाल के पद पर पदस्त भोला राम से जमीन का निरीक्षण कराया। जाँच टीम ने पाया की नगरपालिका ने जमीन व्यवस्थापन के मामले में व्यापक गड़बड़ी की अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कई को अनुमति दी तो कई मामलो को बेवजह लटकाया। बिजली के खंभे नाली ,सड़क जैसे मसलो को नजरअंदाज किया।

सभी कार्य नियमानुसार कराया गया है। सामान्य सभा की अनुमति ली गई थी।
ज्योत्सना टोप्पो, सीएमओ नपा जशपुर

# श्री बालाजी हॉस्पिटल में आज निःशुल्क हड्डी रोग एवं बी एम डी जांच शिविर का आयोजन

## परामर्श एवं एक्सरे निःशुल्क एमआरआई पर 50 प्रतिशत की छूट





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में हड्डीरोग के मरीजों के लिए निशुल्क जांच शिविर एवं एवं निशुल्क बी एम डी जांच का आयोजन 25 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें हड्डीरोग के विशेषज्ञ एवं टीम अपनी सेवाएं देगें। इस शिविर मे परामर्श एवं एक्सरे निशुल्क रहेगी व एम. आर. आई. एवं अन्य जांचो पर 50 प्रतिशत की विशेष छुट दी जा रही है। बालाजी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि इस निशुल्क जांच शिविर मे हड्डी रोग विभाग के डॉक्टर्स जिसमे डॉ लुनिक यदु, डॉ अमीनुद्दीन कुरैशी एवं डॉ रमीज़ पठान अपनी सेवाएं देंगे। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ लुनिक यदु बताते है कि हॉस्पिटल मे कूल्हे और घुटने के प्रत्यारोपण कि सर्जरी, नए व पुराने जटिल से जटिल फ्रैक्चर के ऑपरेशन कि सुविधा के साथ , आर्थोस्कोपी , लिगमेंट कि सर्जरी , वेरिकोसवेंस कि सर्जरीएवं हड्डी रोग से सम्बंधित सभी सर्जरी कि सुविधा उपलब्ध है। हड्डियों और जोड़ों का दर्द आज के दौर में बेहद आम बात हो गयी है। उम्रदराज लोग ही नहीं कम उम्र के युवा भी हड्डियों के दर्द से अछूते नहीं हैं। आज के दौर की लाइफ स्टाइल और खानपान के चलते ज्यादातर लोग इससे निजात पाने के लिए डॉक्टर के पास जाने की बजाय घर पर ही तरह-तरह के ट्रीटमेंट लेते रहते हैं। जो कि आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। बोन मिनरल डेंसिटी बीएमडी टेस्ट हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए करवाया जाता है, इस टेस्ट के जरिये हड्डियों की कमजोरी की वजह का पता लगाया जाता है साथ ही हड्डियों में मौजूद कैल्शियम और अन्य मिनरल्स की जानकारी मिलती है 7 बालाजी हॉस्पिटल द्वारा लगातार शिविर लगाकर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रोगियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक कर रही है। बालाजी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक पद्धति से सुसज्जित मशीन एवं मध्यभारत के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध है।

# टाटा मोटर्स ने व्यावसायिक वाहनों की कीमतें बढ़ाई

**मुंबई।** भारत में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स 1 अप्रैल 2023 से अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करेगी। वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला अधिक सख्त बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा की गई कोशिशों का परिणाम है। टाटा मोटर्स ने इन मानदंडों को पूरा करने के लिए अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो में बदलाव किया है। ग्राहक और बेड़े के मालिक अब पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन गाड़ियों की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं जोकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा फायदे और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करेंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी व्यावसायिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। हालांकि, बढ़ी हुई राशि वाहन के व्यक्तिगत मॉडल और वैरिएंट के अनुसार होगी।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

## लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए एक से दो वर्ष वाले लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा है। अधिकारियों को समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री आई एल ठाकुर सभी एसडीएम सभी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार उपस्थित थें। कलेक्टर ने ग्राम वार खसरों को अपडेट करने के लिए कहा हैं। भू अर्जन के प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। और बकाया राशि हितग्राहियों को वितरण करवाने के लिए कहा हैं। उन्होंने नक्शा बटांकन के कार्यो को भी गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है और पटवारीयों की डियूटी लगा कर ऑनलाईन अपडेट करने के लिए कहा हैं।

# मूमेंटम रूटीन इम्युनाईज़ेशन ट्रांसफॉर्मेशन और ईक्विटी प्रोजेक्ट का टीकाकरण अभियान

## – ग्रामीण इलाकों में कोविड टीकाकरण में मदद कर रहा संगठन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्रामीण इलाकों में कोविड के खतरे को कम करने के लिए टीकाकरण बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए कई संगठनों की मदद ली जा रही है। जॉन स्नो इंडिया लिमिटेड में भारत में अपनी विभिन्न परियोजनाओं द्वारा माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य, और पोषण से लेकर टीकाकरण तक अनेक गतिविधियों के लिए स्वास्थ्य विभागों को अपना सहयोग देते हैं। यूसैड/इंडिया के साथ मिलकर मूमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉरमेशन और इक्विटी प्रोजेक्ट भारत के 18 राज्यों में वंचित और ऐसी आबादी जो टीकाकरण के लिए बची है, उनके लिए काम कर रहा है। इसके लिए पिछले एक साल से लोगों के बीच पहुंचकर टीका लगवाने की झिझक को दूर करने का काम किया जा रहा है। डॉ. गोपाल कृष्ण सोनी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मूमेंटम रूटीन इम्युनाईज़ेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशन ईक्विटी प्रोजेक्ट ने बताया कि पिछले साल अगस्त माह में अभियान चलने के साथ भारत में 18 राज्यों की सरकारों को सहयोग देना शुरू किया था। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले अनेक एनजीओ का साथ लिया जा रहा है, जो स्थानीय लोगों को काम देने के साथ ही, उनके लिए काम करते है। साथ ही उनके स्वास्थ्य की स्थितियों को अच्छी तरह जानते हैं। ये एनजीओ, समुदायों और स्थानीय सरकारी अधिकारों के साथ अच्छे संबंध होने के कारण लोगों तक सीधे पहुंचने में हमारी मदद कर रहे है। डॉ. गोपाल कृष्ण सोनी का कहना है कि कई जगह चुनौतियाँ भी है, लेकिन हम हर राज्य और जिले की व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखकर उनका सहयोग कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे आदिवासी बहुल इलाकों में इन एनजीओ से काफी मदद मिली। ये एनजीओ पोलियो अभियान में भी काम कर चुके थे, इसलिए हम यह सुनिश्चित कर पाए कि कोविड-19 टीकाकरण का अभियान भी आदिवासी एवं अन्य इलाकों में नाजुक और वंचित समुदायों के लिए सफल रहे।

# अमेजन फैशन के स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन के साथ कीजिए सीज़न के लेटेस्ट ट्रेंड्स की खरीदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन फैशन ने सीजन के सबसे बेहतरीन फैशन एवं ब्यूटी ट्रेंड्स के साथ अपने स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन को पेश कर दिया है। फ्लोई सिल्हूट्स और रिलैक्स्ड टी-शर्ट्स से लेकर फैशनेबल ड्व2य एक्सेसरीज और जेन ज़ी के लिए एक नॉस्टैल्जिक कलेक्शन तक, यह स्प्रिंग समर कलेक्शन आपके आउटफिट को कंपलीट लुक प्रदान करेगा। इसी के साथ ही अमेजन फैशन का यह कलेक्शन स्प्रिंग एवं समर सीजन के चटख धूप वाले दिनों में खूबसूरत रंगों, डिजाइनों, फैब्रिक और पैटर्न की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहा है। आप यहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के वेस्टर्न वियर, कैजुअल और एथनिक वियर, खास मौकों से लेकर वर्क वियर, स्पोर्ट्सवियर, फुटवियर, समर ज्वेल्स, ब्यूटी, समर ट्रैवल एसेंशियल, पर्सनल केयर जैसी कैटेगरी में 100से अधिक ब्रांडों के 1 लाख से अधिक स्टाइल्स के ट्रेंडी और आरामदायक समर फैशन का आनंद ले सकते हैं। अमेजन फैशन इस साल स्प्रिंग-समर के दौरान चिक कट्स, बोल्ड फ्लोरल, फिट एंड फ्लेयर ड्रेसेस, मैक्सी स्कर्ट्स, समर ब्रालेट्स, डेनिम ड्रेसेस, इन-वोग एक्सेसरीज, चिक वॉचेज़, ट्रेंडी हैंडबैग्स, कलर-पॉप टी-शर्ट्स, कैजुअल शर्ट्स, फैशनेबल स्नीकर्स, ट्रैवल से जुड़े सामान, स्किन एवं हेयर केयर, कलरफुल आई पैलेट जैसे ढेरों प्रोडक्ट लेकर आया है। यहां आप वैन ह्यूजन, वेरो मोडा, बीबा, जैक एंड जोन्स, लिवाइज, एडिडास, प्यूमा, जीवा, ज़वेरी पर्ल्स, क्रॉक्स, मोची, टॉमी हिलफिगर, फास्ट्रैक, टाइटन, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अमेरिकन टूरिस्टर, मायग्लैम, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, चोपर्ड, एल्डो, डेविडऑफ, जिनी आदि जैसे टॉप फैशन एंड ब्यूटी ब्रांडों के सबसे आधुनिक संग्रह से खरीदारी कर सकते हैं। इस बार स्प्रिंग समर सीजन में आपके लुक को और खूबसूरत और स्टाइलिश बनाने के लिए यह संग्रह पेश किया गया है।

**कुछ सबसे ट्रेंडिंग समर स्प्रिंग फैशन एवं ब्यूटी ब्रांडों पर पाएं न्यूनतम 50 प्रतिशत की छूट**

# 28 मार्च को जिला अस्पताल में मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा




## रायपुर एम्स के डॉक्टर गंभीर मरीजों का करेगे इलाज

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के संयुक्त प्रयास से आगामी 28 मार्च 2023 को जिला अस्पताल जशपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। कैंप में मरीजों का निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। कैम्प का आयोजन प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। मेगा हेल्थ कैम्प में रायपुर एम्स के डॉक्टर आएंगे और गंभीर बीमारियों का ईलाज करेगें। कैम्प में मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल होगे। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मेगा कैम्प का अपने-अपने विकास खंड में व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा हैं। ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज मेगा कैंप में उपस्थित होकर लाभ उठा सके कलेक्टर ने बताया कि मरीजों को विकासखंड से लाने के लिए बस की व्यवस्था की जा रही हैं। ताकि मरीजों को जिला अस्पताल तक आने में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सकें।

# अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने कुपोषण से निपटने के लिए मिलेट बार के साथ पोषण पहल का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश और सुश्री प्रिया अग्रवाल हेब्बार, चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, गैर-कार्यकारी निदेशक, वेदांता लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड की उपस्थिति में आज वाराणसी में मल्टी मिलेट न्यूट्री बार वितरण के साथ बच्चों के लिए अपने सबसे बड़े पोषण कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर श्री एस राजलिंगम, जिलाधिकारी, वाराणसी और श्री हिमांशु नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी भी मौजूद रहे। कुपोषण मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में काशी विद्यापीठ स्थित आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र नंद घर में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने न्यूट्री बार विकसित करने के लिए हैदराबाद स्थित ट्रू गुड के साथ साझेदारी की है। श्री राजू भूपति, संस्थापक और सीईओ ट्रू गुड ने अपनी टिप्पणी करते हुए कहा कि ट्रू गुड अपने मालिकाना मल्टी मिलेट न्यूट्री बार के साथ बच्चों में पोषण की कमी से निपटने के लिए अनिल अग्रवाल फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित है। यह देश के लिए एक मजबूत, स्वस्थ और सक्षम अगली पीढ़ी के पोषण और निर्माण में मदद करेगा। इस अनूठी और महत्त्वपूर्ण पहल के लिए हम अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के आभारी हैं। आईआईएमआर के साथ हमारे सहयोग ने हमें मिलेट आधारित उत्पादों को विकसित करने में मदद की है, जिसका उद्देश्य बच्चों में अधिक-से-अधिक पोषण को बढ़ावा देना है। इस न्यूट्री बार के साथ, हम देश के मिलेट मिशन का समर्थन करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं।

# मां शारदा लोक कलामंच एवं अखिल जन कल्याण संघ के द्वारा विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**जशपुरनगर।** विगत दिवस ग्राम पंचायत पतराटोली के शासकीय माध्यमिक शाला में छात्र छात्राओं द्वारा विश्व जल संरक्षण दिवस के उपलच्छ में जागरूकता रैली,चित्रकला,हैंडवाश का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवम जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई जिसमे माँ शारदा लोक कलामंच के जिला समन्वयक दीपक मिश्रा एवम अखिल जन कल्याण संघ जिला समन्वयक निरंजन सोनी एवं ग्राम के सरपंच उपस्थित थे

# सेव के सहयोग से आजादी के वर्षों बाद मिरतुर (बीजापुर) में पहुंचीं बैंकिंग सेवाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता के वर्षों बाद तक छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में बैंकिंग सेवाएं ग्राम सभाओं तक नहीं पहुंची थी। बीजापुर जिले की मिरतुर ग्राम सभा भी उनमें से एक थी। यहां के स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने के लिए करीब 20 किलोमीटर दूर बैंक शाखा जाना पड़ता था। जिससे स्थानीय लोगों की दिहाड़ी का नुकसान होने के साथ ही साथ आने-जाने में अलग से पैसा खर्च होता था। बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग कई सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से भी वंचित रह जाते थे। हालांकि, अब मिरतुर में चीजें बदल गई हैं। 2018 में, सेव सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने यहां स्टेट बैंक ऑफइंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र आवंटित किया है। ग्राहक सेवा केंद्र की वजह से यहां क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। एक बड़ा फायदा यह है कि वे लोग भी बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे हैं, जिनके लिए बैंकिंग सुविधाएं उनकी पहुंच से बाहर हुआ करती थीं। एक अन्य सकारात्मक प्रभाव यह देखने को मिल रहा है कि स्थानीय ग्रामीण महिलाएं भी अपने गांवों में बैंकिंग सेवाओं से जुड़ रही हैं और स्वयं सहायता समूहों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही हैं।

# आईसीएफएआई विश्व विद्यालय कुम्हारी के वार्षिकोत्सव आई-फेस्ट 2023 कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




दआईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी में वार्षिकोत्सव आई फेस्ट 2023 का आयोजन विश्वविद्यालय के विशाल परिसर में भव्य रूप से संपन्न किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी दुबे और विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मनीष उपाध्याय मुख्य अतिथि राजेश्वर सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी की गरिमामई उपस्थिति में हुआ । सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित की गई तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति ने वार्षिक प्रतिवेदन में विश्व विद्यालय परिवार की विविध उपलब्धियों को विस्तार से बताया जिसमें प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियां भी सम्मिलित थी उनकी विस्तृत जानकारी उनके द्वारा प्रदान की गई एवं विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं एवं विकास के बारे में विस्तार से बताया एवं शैक्षणिक गतिविधियों में मेरिट एवं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बधाई और आशीर्वाद के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही वर्षगांठ के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में, खेलों में जिन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सशक्त प्रदर्शन किया उन सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित भविष्य में भी विश्व विद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु उत्साहवर्धन किया इस आयोजन में पुरस्कार भी वितरण किए गए जिनमें एकेडमिक एवं शैक्षणिक सांस्कृतिक एवं खेल में अपनी प्रतिभागिता देने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया सांस्कृतिक आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रत्यूष एवं समूह ने बैंड के साथ एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुति दी छत्तीसगढ़ी नृत्य में बी एड के विद्यार्थियों ने समा बांधा दक्षिण भारतीय नृत्य रितु एवं ग्रुप ने प्रस्तुत किया साथ ही राजस्थानी गीतों पर नृत्य की थाप लेकर और संगीता एवं उनके साथी ने प्रस्तुति दी पंजाबी गिद्धा और भांगड़े कि ताल पर मनजीत कौर एवं उनके साथी ने छात्रों को अभिभावकों को सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया । मुख्य अतिथि के आसन से अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा की शिक्षा को उच्च स्तर पर ले जाने वाली यह एक अच्छी संस्था है जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु कार्य करती है विद्यार्थियों के विकास हेतु प्रतिबद्ध भी हो सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संभावनाएं और बेहद अवसर आप सभी के पास हैं इसका पूरा पूरा लाभ उठाना चाहिए ताकि भविष्य में आप अपने परिवार का गुरुजनों का विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर सकें । साथ ही हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के इस मंदिर मे आप सभी ढेरों सफ्लता अर्जित करें । इस आयोजन में नगर के गणमान्य अतिथि गण अभिभावक गण विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कर्मचारी गण के साथ समस्त विद्यार्थी गण भी उपस्थित रहे इस आयोजन की सफ्लता के लिए विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की अनुशासित कार्य कुशल तत्परता एवं संपादन की प्रशंसा करते हुए कुलपति एवं कुलसचिव महोदय ने बधाई प्रेषित किया ।

# सोनी इंडिया ने सबसे हल्का नॉइज कैंसलिंग ओवरहेड वायरलेस हेडफोन डब्लू एच-सीएच 720 एन लॉन्च



**नई दिल्ली।** सोनी इंडिया ने डब्लूएच-सीएच 720 एन हेडफोन लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे श्रोताओं के लिए संगीत का आनंद लेने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिस तरह से कलाकार का इरादा था एक कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर में उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो के साथ। ओवर-ईयर डब्लूएच-सीएच 720 एन वायरलेस हेडफोन में नॉइज कैंसलिंग प्रदान करने के लिए डुअल नॉइज सेंसर तकनीक और सोनी का इंटीग्रेटेड प्रोसेसर चिप शामिल है। इसके अलावा, एक हल्का डिजाइन और 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ आपको बिना बैकग्राउंड व्यवधानों के लंबे समय तक संगीत का आनंद लेने देती है। इसमें डिजिटल साउंड एनहांसमेंट इंजन भी है, जो उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि का उत्पादन करता है, जैसा कि कलाकार करना चाहता था और साथ ही उपकरणों के बीच आसान कनेक्टिविटी के लिए मल्टीपॉइंट कनेक्शन भी है।

## मूल प्रमाण पत्र गुमा

कॉलेज/स्कूल की छात्रा कु. लोपिका देवी पिता श्रीराम सा. जैन भवन साहू आटा चक्की के बाजू, कोटा, थाना- सरस्वती नगर की निवासी है कि उक्त छात्रा सत्र 2015-16 से छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर से जी.एन.एम. प्रथम वर्ष में शामिल हुई थी। (परीक्षा परिणाम फेल, प्रथम, तृतीय पेपर) जिसका मूल प्रमाण पत्र कॉलेज/स्कूल कार्यालय से गुम हो गया है जिसका रोल नं. 12187 है जिसकी गुमने की सूचना अभियोगी द्वारा लिखित में प्रस्तुत करने पर अभियोगी को गुमने एवं द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु फरमाईश तलाश की राय दी गई है।

**थाना प्रभारी**
**थाना न्यू राजेन्द्र नगर**
**रायपुर (छ.ग.)**

# सचिव द्वारा कार्यभार नहीं देने से पंचायत का कार्य अटका

■ ग्राम पंचायत कंढार का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत ठंढार में पूर्व सचिव द्वारा नए सचिव को कार्यभार नहीं सौपने की वजह से पंचायत के जरुरी कार्य अटक गए हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में आलाधिकारियों को कई मर्तबा शिकायत भी की है। बावजूद इसके अधिकारी समस्या को दूर करने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।इसका खामियाजा ग्रामवासियो को भुगतना पड़ रहा है। यह समस्या विगत तीन माह से बनी हुई है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत ठंढार के सचिव लोकेश जंघेल का स्थानांतरण 22 दिसंबर 2022 को जामगांव के लिए हुआ था और उसके स्थान पर जामगांव के सचिव अखिलेश्वर बाघ को ग्राम ठंढार का पदभार दिया गया था। लेकिन नए पंचायत का पदभार ग्रहण करने से पहले ही लोकेश जंघेल को कलेक्टर के आदेश पर मानपुर नाका के लिए पोस्टिंग दे दी गई। यह आदेश 28 दिसंबर 2022 को आया।

इसके बाद 13 मार्च 2023 को प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालयीन व्यवस्था के तहत जनपद पंचायत छुईखदान ने आगामी आदेश तक जनपद कार्यालय में संलग्न किये जाने का आदेश जारी किया गया।इस बीच ग्राम ठंढार के लिए स्थानांतरित सचिव अखिलेश्वर बाघ को पूर्व सचिव लोकेश जंघेल द्वारा कार्यभार नहीं दिया जा रहा है।जिसकी वजह से ग्राम पंचायत के कार्यों में विगत 3 माह से ग्रहण लगा हुआ है। पूर्व सचिव लोकेश जंघेल ने नए सचिव को प्रभार नहीं दिये जाने का कारण पंचायत का न्यायालय में प्रकरण होना बताया है। जबकि ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को किये शिकायत पत्र अनुसार पंचायत का कोई भी प्रकरण न्यायालय में नहीं होने की बात कही है। साथ ही ग्रामीणों ने सचिव लोकेश जंघेल पर जानबूझकर प्रभार नहीं देने का आरोप लगा रहे हैं। वजह जो भी हो लेकिन संबंधित आलाधिकारियों और सचिव की कारनामें से पंचायत का कार्य अधर में लटका हुआ है। अब देखना यह है कि इस समस्या का हल कब तक हो पायेगा।

### मांग को लेकर पंचों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

पूर्व सचिव लोकेश जंघेल के स्थानांतरण होने के बाद भी पंचायत का प्रभार नए सचिव को नहीं दिये जाने और आये दिन ग्रामीणों को बरगला कर पंचों के विरुद्ध झूठी शिकायत कराने के चलते प्रभारी सरपंच एवं पंचगण विकास कार्यो को सम्पन्न नहीं करा पा रहे हैं। जिसकी वजह से ग्राम के 15 पंचों में से 13 पंचों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है, हालांकि जनपद और कलेक्टर ने पंचों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। इसकी प्रतिलिपि पंचों ने राजनांदगांव प्रभारी मंत्री अमरजीत सिंह भगत और रविंद्र चौबे भी भेजी है।

प्रभार के लिए जनपद से आदेश नहीं निकाला गया है। साथ ही जनपद ने जिला कलेक्टर का आदेश का उल्लंघन करते हुए मुझे ऑफिस अटैच कर दिया है। स्थानांतरण के विरुद्ध हाईकोर्ट और संभाग में मेरे द्वारा आवेदन लगाया गया है, न्यायालय में प्रकरण होने की वजह से नए सचिव को प्रभार नहीं दिया गया है।
**-लोकेश जंघेल,** पूर्व सचिव ग्राम पंचायत ठंढार

अभी हड़ताल में हूँ, बाद में जानकारी देता हूँ, आप सरपंच से जानकारी ले सकते हैं।
**-अखिलेश्वर बाघ,** नव पदस्थ सचिव ग्राम पंचायत ठंढार

इस संबंध में संबंधित सचिव से स्पष्टीकरण लिया गया है, आगे की कार्यवाही उच्च अधिकारियों द्वारा की जाएगी। फिलहाल सचिवों की हड़ताल चल रही है, हड़ताल खत्म होने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी।
**- जेएसराजपूत,** जनपद सीईओ छुईखदान

# जिला स्तरीय संत माता कर्मा जयंती व कलश यात्रा का आयोजन

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई नगर में गुरूवार को जिला स्तरीय संत माता कर्मा जयंती व कलश यात्रा का सफल आयोजन साहू समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान भी किया गया।

सुबह लगभग 11:00 बजे समाज के महिलाओं द्वारा कवर्धा रोड में स्थित कर्मा भवन से कलश यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए मां गंगई मंदिर पहुंची। बस स्टैंड से होते हुए धमधा- दुर्ग रोड कार्यक्रम स्थल यात्रा पहुंची। अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मां कर्मा की सामूहिक महाआरती की गई। उसके बाद कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम पंडवानी गायन से स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का भी सफल आयोजन किया गया था जिसमें समाज के युवक-युवतियां और बड़े -बुजुर्गो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भूरभुसी निवासी परेटन बाई साहू ने पिछले साल गांव में हुए दामाखेड़ा से पधारे प्रकाश मुनि साहेब के कार्यक्रम में अपनी 17 एकड़ जमीन दान में दिया है उसका भरे मंच में स्वागत किया गया। वही अतिथियों को समाज के लोगो ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के अशोक साहू ने किया। कार्यक्रम में साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू,पूर्व विधायक कवर्धा डॉक्टर सियाराम साहू, पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक खेदू राम साहू, विप्लव साहू, घम्मन साहू, शगुन हिरवानी, विषेसर साहू, सेतराम साहू, काशीराम साहू, दशरथ साहू, आनंद साहू, रामविलास साहू, परमानंद साहू,लीला साहू,रामा साहू,मनोज साहू, भुनेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, मिथलेश साहू, लीलाराम साहू, उमेंदी साहू, मिथलेश साहू, छन्नी साहू सहित समाज के महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे। अंत में सामाजिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की तगड़ी सुरक्षा रही।

## प्रेस क्लब को आवासीय भूमि के बाद अब विकास कार्यों के लिए 1.80 करोड़ रूपए जारी

**राजनांदगांव।** पत्रकार सुरक्षा कानून की खुशी के बीच गुरुवार को राजनांदगांव जिले के पत्रकारों के लिए राज्य सरकार ने हर्षित करने वाला आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव जिले के पत्रकारों से किया वादा एक वर्ष के भीतर ही पूरा कर दिया है। वर्ष 2022 में 10 एकड़ आवासीय भूमि देने वाली भूपेश सरकार ने अब उस भूमि में मूलभूत विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 80 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। इस राशि से पत्रकारों के लिए पनेका में आबंटित आवासीय भूमि पर सड़क, पानी, बिजली व नाली निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा।

# मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना से किसान होंगे समृद्ध : महेंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने विश्व वानिकी दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने द्वारा लोकार्पित की गई मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना को छत्तीसगढ़ के कृषकों के लिए उपयोगी व वनसंपदा के संरक्षण और विस्तार के लिए प्रशंसनीय प्रयास बताया है।

जिपंसदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि राज्य के सभी 33 जिलों के 42 स्थानों में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए यह सराहनीय कदम है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसान इस वर्ष 12 प्रकार की प्रजाति के वृक्ष का रोपण किया कर पाएंगे। इनमें क्लोनल यूकलिप्टस, रूटशूट टीक, टिश्यू कल्चर, चंदन, मेलिया दुबिया, सामान्य बांस, टिश्यू कल्चर बम्बू, रक्त चंदन, आंवला, खमार, शीशम तथा महानीम आदि के पौधे रोपे जाने का सिलसिला शुरु हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा है।

# 26 को मुख्यमंत्री, 28 को प्रदेश अध्यक्ष का खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में दौरा, तैयारियां जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 मार्च को कंवर महोत्सव एवं किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। इसी तरह 28 मार्च को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम छुरिया में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में शिरकत करेंगे। इन प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की छुरिया स्थित तहसील साहू संघ के सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित हुई। मुख्य रुप से विधायक छन्नी चंदू साहू,प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल बैठक में शामिल हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आगमन, स्वागत व कार्यक्रम को लेकर तय रुप रेखा पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी 26 मार्च को यहां कंवर महोत्सव और किसान सम्मेलन के लिए आ रहे हैं। यह एक बड़ा आयोजन है होने वाला है जिसके लिए अभी से तैयारियां जारी हैं। इस कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम जी क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में शामिल होंगें। मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हम सबके लिए एक गौरान्वित करने वाला पल है। इससे कार्यकताओं के मनोबल में वृद्धि होगी।

प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने बैठक में कहा कि - क्षेत्र के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमने किसानों के जेब मे पैसे डालकर विकास को नई दिशा दी गई। आगे आने वाले समय में हमें इसका ध्यान रखना है कि यह विकास का क्रम अनवरत जारी रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष का आगमन हम सबके लिए सुखद खबर है। एकजुट होकर हमे कार्यक्रम को सफल बनाना है।

उक्त बैठक में पीसीसी के सदस्य सूर्यकुमार खिलाड़ी,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन,जिला महामंत्री चुम्मन साहू,जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी,जिला सहसचिव विपिन यादव,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा,एकनाथ सिन्हा,महिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा,अंजलि घावड़े,ईश्वरी बाई मिरी, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, भीखम देवांगन,सूरज साहू, खिलेश्वर प्रसाद, रामगुलाल घावड़े, लेखचन्द वर्मा, देवधर सिन्हा, जयपाल यादव, जोधी लाल साहू, दिनेश साहू, भोलाराम उइके, जनक बंजारे, एससी सेल अध्यक्ष रेवा राम लादेकर, धनेंद्र कोठारी,गौकरण साहू, महानंद खोब्रागडे, पीताम्बर साहू, दौलत राम, सेक्टर प्रभारी विजय साहू, एल्डरमैन शकील कुरैशी, पार्षद सुनील लारोकर, अमित अग्रवाल, भावेश सिन्हा, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, किशोर टेमरे, प्रदीप पटेल, अकील मेमन, राजू सिन्हा, अश्वन सिन्हा के साथ साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# सांसद ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ग्राम मनेरी में सांसद संतोष पांडेय ने नवरात्रि के प्रथम तिथि को मनेरी के शीतला मंदिर परिसर में सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। सांसद के मुख्यआतिथ्य में अध्यक्षता जिपंसदस्य जागृति चुन्नी यदु ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठनेतागण दिनेश गाँधी, भरत वर्मा, डॉ नीरेंद्र साहू, पूर्णिमा साहू, नरबद चन्द्रवँशी, सरपंच जुगत पोहन साहू, अंजू त्रिपाठी व ग्राम अध्यक्ष केवल साहू शामिल हुए। उक्त अवसर पर टीकाराम चंद्रवंशी, उपसरपंच,पोहन दास साहू, अनीता साहू, ताराचंद साहू, हेमंत साहू, रूखम लाल, अनुराम, अश्वनी कुमार, तिलकराम, धूमल लाल, कुमेश्वरी साहू, पार्वती साहू, निर्मला साहू, शीला ,गीताबाई, सोनीता साहू, बबीता विश्वकर्मा,कुमारी बाई, सुदामा दास, ताराचंद साहू, कुमेश्वर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# माटीपुत्र भूपेश बघेल किसानों की मेहनत का असल सम्मान कर रहे हैं : मदन साहू

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश में किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी की निर्धारित मात्रा को बढ़ाकर 20 क्विंटल करने का ऐलान किया है। प्रति एकड़ 5 क्विंटल की बढ़ोतरी का लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। इस घोषणा के लिए जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया है।उन्होंने बताया किङ्क25 मार्च को किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की एक और किस्त की भुगतान मुख्यमंत्री करेंगे। यह राशि प्रदेश के लाखों किसानों के खाते में एक साथ जाएगी। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने इस घोषणा पर कहा कि-माटीपुत्र भूपेश बघेल प्रदेश की उत्पादन क्षमता और किसानों की मेहनत का असल सम्मान कर रहे हैं। उनकी सरकार ने हमेशा ही कृषि को बढ़ावा दिया है। इस नई घोषणा के बाद राज्य आने वाले समय में धान उत्पादन में अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा।

उन्होंने कहा कि - कांग्रेस सरकार में मिल रहे प्रोत्साहन के बाद कृषि का रकबा बढ़ने के साथ ही, किसानों की संख्या भी बढ़ी है। इस वर्ष ही 26 सौ रुपए के समर्थन मूल्य में भूपेश सरकार ने अब तक की रिकॉर्ड खरीदी दर्ज की। इसे देखते हुए ही प्रति एकड़ के लिए निर्धारित मात्रा को 5 क्विंटल बढ़ाया गया है।

जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि- राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से सरकार ने किसानों से उचित दर में धान की खरीदी शुरु की। इससे वे संपन्न हुए और कृषि में निवेश के साथ ही उत्पादन भी बढ़ा। हालही में सरकार ने अगले वर्ष से 28 सौ रुपए में धान खरीदी की घोषणा की है। पूरे देश में ऐसा समर्थन किसानों को और कहीं नहीं मिल रहा है। अब उन्होंने 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी का ऐलान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए और भी बड़ा अवसर मुहैया करा दिया है। साहू ने कहा कि- धान का कटोर कहलाने वाला राज्य अपनी मुख्य फसल से ही काफी कुछ हासिल कर सकता है। बेहतर उत्पादन का लाभ सिर्फ किसानों को ही नहीं बल्कि दूसरे वर्गों के लोगों को भी लाभ पहुंचाएगा। खरीदी की सीमा बढ़ने के बाद अब किसान पूर लगन से उत्पादन बढ़ाने के लिए मेहनत करेंगे।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी ऐतिहासिक : रोहित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी खरीफ सीजन से छग के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा कर दी है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस महामंत्री रोहित सोनकर ने कहा है कि मुख्यमंत्री का निर्णय क्रांतिकारी एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने साबित कर दिया कि वे छग के किसानों के सच्चे हितैषी हैं। सोनकर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की बागडोर संभालते ही सर्वप्रथम किसानों का कर्ज माफ़ किया। पश्चात किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। सोनकर ने ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## राशन कार्ड होगा परिवार की इकाई, फ़ोटो, आधार, आवास और शौचालय होंगे उपलोड

# एक से शुरू होगा सर्वे : एक टीम को 4 सौ परिवारों का टारगेट, एप में ऑनलाईन होगी एंट्री, शौचालय की तस्वीर भी खिंचेंगे

■ सर्वे के एप में होगा ऑनलाइन एंट्री, जिला कार्यालय में बनेगा कंट्रोल रूम, मिलेगा तकनीकी सहयोग

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के दौरान कलेक्टर डॉ जगदीश सोनकर ने सभी को मुख्यालय में रहने के आदेश देते हुए अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। सर्वेक्षण कार्य 1 से 30 अप्रैल 2023 तक प्रस्तावित है। सर्वे के दौरान एप में ऑनलाइन एंट्री होगी। इस काम में शिक्षक, रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं और पर्यवेक्षक संकुल समन्वयक की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

केसीजी कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण महत्वपूर्ण कार्य है, अधिकारी इस बात पर ध्यान दे कि सर्वे में कोई भी परिवार छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक के लिए आवश्यक कार्य योजना बनाते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। सर्वे में राशन कार्ड परिवार की इकाई की होगी। एप में फ़ोटो, आधार, आवास और शौचालय को करेंगे अपलोड।

केसीजी कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर ने लोगो के कहा कि सर्वेक्षण में जिला के सभी परिवार शामिल हो, पात्र परिवार शासकीय योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। जिले में निवासरत ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है।

**एप में होगी ऑनलाइन एंट्री :** सर्वे के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक प्रगणक दल बनेगा, जिसमे एक महिला सदस्य और एक पुरुष सदस्य शामिल होंगे। ऐसे ग्राम पंचायत जहां परिवारो की संख्या अधिक हो वहां एक से अधिक प्रगणक दल का गठन किया जा सकेगा। दल के किसी एक सदस्य के पास स्मार्ट फोन होना अनिवार्य है। जिसमे एप्प के माध्यम से डाटा एंट्री की जाएगी। जिस ग्राम पंचायत में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या होगी, उस ग्राम पंचायत में एप्प में डाटा एंट्री का कार्य ऑफलाइन किया जाएगा तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी उपल्ब्ध होने पश्चात डाटा को ऑनलाइन सिंक किया जाएगा।

### एक टीम 400 परिवार का करेगी सर्वे

यदि किसी कारण से एप्प में किसी प्रकार की समस्या आती है या एंट्री नहीं हो पाती है तो उस स्थिति में डाटा इंट्री का कार्य प्रपत्र में भरकर किया जाएगा। साथ ही टेक्निकल टीम को समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान पूछ कर एप्प में एंट्री का कार्य करना अनिवार्य होगा। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे।

### अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 दिनांक 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी समय सीमा में भेजने हेतु अधिकारियों को मुख्यालय में रहना अनिवार्य है। जिले में कार्यरत समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि सर्वेक्षण सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी कलेक्टर डॉ जगदीश सोनकर की अनुमति बिना अवकाश पर नहीं जावेंगे न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे।

## बारिश से चना और गेहूं की फसल बर्बाद, जल्द मुआवजा दें राज्य सरकार : विक्रांत



**खैरागढ़।** बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश से खेतों में पककर कटने के लिए तैयार खड़ी चना और गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। फसल बर्बाद होने से प्रभावित किसानों के सामने आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रभावित किसानों को जल्द ही क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित किसानों को देने की मांग की है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सिंह ने कहा कि तीन चार दिन पूर्व मौसम में अचानक आए परिवर्तन से बेमौसम बारिश हुई। इन दिनों नवगठित जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव जिले में हजारों एकड़ में चना एवं गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है। कई किसानों ने फसल की कटाई शुरू भी कर दी थी। कुछ किसान सप्ताहभर बाद फसल की कटाई करने वाले थे। ऐसे में बेमौसम बारिश किसानों पर आफत बनकर बरस पड़ी। उन्होंने कहा कि- हजारों एकड़ में लगी चना एवं गेहूं की फसल बर्बाद हो गई, जिसके कारण प्रभावित किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है. उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी द्वारा फसल का बीमा किया जाता है। अति वृष्टि,ओलावृष्टि की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा 6/4 के तहत प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआयजा देने का प्रावधान है। ऐसे में बेमौसम बारिश से हुए फसल का शीघ्र मौका मुआयना कर किसानों को पर्याप्त मुआयजा प्रदान किया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार बेरोजगारी भत्ता योजना और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 1 अप्रैल से होगा शुरू

## विभिन्न विभागों की बैठक लेकर समय पूर्व संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता योजना और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 1 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बैठक लेकर दोनों योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए समय पूर्व संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में 1 अप्रैल से प्रारंभ किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए जिला स्तर पर समन्वय, क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण एवं संचालन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में निवासरत ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण कार्य 30 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक प्रगणक दल का गठन किया जाएगा। जिसमें एक महिला एवं एक पुरूष सदस्य शामिल होंगे। ऐसे ग्राम पंचायत जहां परिवारों की संख्या अधिक है वहां एक से अधिक प्रगणक दल गठित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर सुश्री चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को 1 अप्रैल 2023 से 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की योजना की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होने बेरोजगारी भत्ता योजना के मापदंड, पात्रता, भत्ते की स्वीकृति की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी दी। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत केवल ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए एनआईसी द्वारा वेब पोर्टल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शीघ्र ही इस बेवपोर्टल का लोकार्पण करेंगे। बेरोजगारी भत्ता का भुगतान आवेदक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र शिक्षित युवा को प्रथमतः एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष को एक वर्ष की उक्त अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी। आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। आवेदन किये जाने वाले वित्तीय वर्ष के 1 अप्रेल को आवेदक की

# श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन राजस्थान भवन में आरंभ



पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन राजस्थान भवन में आरंभ हुआ. 3 दिनों तक चलने वाले इस सत्संग का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुये विनया स्वरूपा माता जी तत्व प्रवचन कर्ता चेन्नई मद्रास का स्वागत राजस्थान भवन एवं आंनद आश्रम सतसंग समिति के सदस्यों ने किया. उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुये माताजी ने दैनिक जीवन में अध्यात्मिकता विषय पर बोलते हुये कहा कि हम अपने जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश कैसे करें. भगवान श्री कृष्ण ने जब अर्जुन को गीता का उपदेश दिया तो वे युद्ध लड़ने को तैयार होगा गये. भगवत गीता भगवान द्वारा गाया हुआ गीत है. जैसे हनुमान जी को उनकी माता अंजनी के नाम पर आँजनेय कहा जाता है. कुंती के पुत्रों को भी उनकी माँ के नाम से जाना जाता है. वर्तमान में हम अपनी जड़ से हटते जा रहें हैं. कुछ भी नहीं बदला, सिर्फ हमारे विचार बदले हैं. ऐसे में भागवत गीता हमारे लिए एक समाधान है. मूल रूप में कुछ भी परिवर्तन नहीं हुआ है. हम उसको किस भाव, किस रूप में परोसते हैं यह मुख्य बात है.धार्मिक आयोजन में सुरेश दवे,श्याम सुंदर पोद्दार, अधि. आशीष सिंह, पंकज गोयल, जयंती यादव, मनोज कक्कड, गोविन्द अग्रवाल, हिम्मत लाल चावड़ा,ज्ञान चंद्र वैश्य, ज्योत्स्ना शेजपाल, ममता सोनी, रुक्मणि खोबरागढ़े, राखी सिंह,कांति भाई समेत क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे.

# संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम स्थल सरगांव का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नगर पंचायत सरगांव में 25 मार्च को प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर राजस्व संभाग के संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आईजी बद्रीनारायण मीणा के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की और कार्यक्रम स्थल पर तमाम आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार चंदेले, बिलासपुर कलेक्टर सौरभ कुमार, मुंगेली कलेक्टर , मुंगेली पुलिस अधीक्षक , वनमंडलाधिकारी मुंगेली श्रीमती शमा फारूखी, अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, नवीन भगत, श्रीमती प्रिया गोयल, मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर उपस्थित थे। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 25 मार्च को प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर भी लगातार कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

# अब निजी अस्पताल के चिकित्सक भी जिला चिकित्सालय में सिजेरियन प्रसव में सेवाएं दे सकेंगे

## कलेक्टर ने किया सिजेरियन प्रसव के लिए निजी अस्पताल के चिकित्सक को सम्मानित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश में मुंगेली पहला ऐसा जिला है, जहां निजी अस्पताल के चिकित्सक सिजेरियन प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मुंगेली में निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा सिजेरियन प्रसव की शुरुआत हो गई है। इसी कड़ी में जिले के निजी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एम. भवानी राव ने जिला चिकित्सालय में 21 मार्च को 04 उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन प्रसव कराया। कलेक्टर ने विगत दिनों जिला चिकित्सालय पहुंचकर निजी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एम. भवानी राव से मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जिले में आर्थिक रूप से कमजोर गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन प्रसव जैसी आपातकालीन सेवा शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क मिल सके। इस हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् निजी अस्पताल के चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय में 04 गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन प्रसव कर इसकी शुरूआत हुई। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए जिला चिकित्सालय की पूरी टीम भी बधाई के पात्र है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में सतत् रूप से सेवायें देने वाले निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा स्मृति लाल सहित सिजेरिन प्रसव में कार्यरत पूरी टीम को भी पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सिजेरियन ऑपरेशन कराने के लिए मोबाईल नंबर 9406275514 एवं 8962736900 भी जारी किए। जिसमें फोन कर निःशुल्क सिजेरियन ऑपरेशन संबधी जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने प्रसूता माताओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने प्रसूता माताओं एवं बच्चों के लिए उपहार स्वरूप आवश्यक सामग्री प्रदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय, बीएमओ कमलेश खैरवार सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष पर जरहागांव में विशाल भव्य भगवा रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर जरहागांव में विशाल भव्य भगवा रैली का आयोजन किया गया। बुधवार को शाम 3:00 बजे से डीजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाला गया।जो कुटेलीपारा के हनुमान मंदिर/शनि मंदिर से प्रारंभ होकर, बजरंग मंदिर, महामाया मंदिर, जैतखाम में पहुंचकर श्रीफल अर्पण कर हिंदू एकता की मिशाल पेश किया गया। जरहागांव में जगह-जगह भगवा ध्वज लहराया गया। जहाँ रैली के दौरान लोगों ने जमकर आत्मीय स्वागत किया।रामचंद्र साहू, धीरसिंह बंजारे, शैलेंद्र राठौर, शत्रुहन साहू एवम् राजकुमार कश्यप (मसनी) वाले ने सभा को संबोधित किया।भारत में हजारों सालों से हिन्दू समुदाय द्वारा विक्रम संवत पर आधारित कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को नए साल की शुरुआत के रूप में मनाया जा रहा है.।विक्रम संवत पर आधारित कैलेंडर के अनुसार मनाया जाने वाले हिन्दू नववर्ष को हिंदू नव संवत्सर या नया संवत के नाम से भी जाना जाता है।पूरी दुनिया में एक जनवरी को नया साल का दिन मनाया जाता है।लेकिन भारतीय संस्कृति के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत इस साल 22 मार्च को हो रही है। दरअसल हिंदू नववर्ष पंचांग के अनुसार चैत्र माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को मनाया जाता है।और इस साल नए साल की शुरुआत 22 मार्च 2023 को हिंदू नववर्ष के रूप में मनाया गया।जरहागांव बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर होते हुए हनुमान मंदिर छतौना पहुंचा। से रैली का कारवां जगत जननी दुर्गा मंदिर, बैगा चैरा, मुनि बाबा, शिव मंदिर से होते हुए बरम बाबा के दर्शनों के लिए भरेवाडीह पहुंचा। शाम 6.30 से 7.00 बजे के मध्य भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में इनकी उपस्थित व सहभागिता महत्वपूर्ण रही।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में सर्वधर्म समभाव एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न





पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम के साथ वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में विद्यालय की परम्परा के अनुरूप सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया और परम्परानुसार ही सत्र के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के द्वारा सत्र 2022-23 में किए गये उत्कृष्ठ कार्य हेतु वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर व कार्यक्रम में आये अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से किया गया। इसके पश्चात संस्था प्राचार्य के द्वारा कार्यक्रम में आये अतिथियों को अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार उद्बोधन किया गया । प्राचार्य श्रीमती इंद्रा सेंगर ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। विद्यालय में अपनी परंपरा के अनुरूप प्रति वर्ष सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न धर्मो के धर्म गुरूओं, प्रतिनिधियों, ज्ञानियों, अथवा गुणीजनों को आमंत्रित किया जाता है। इस क्रम में इस वर्ष ईसाई धर्म से सी.एम.सी. चर्च रेवरेस्ट

# तत्कालीन उप पंजीयक कोरोना काल में बना रहे थे शांति और कानून व्यवस्था

## इधर उनके कार्यालय में डिजिटल सिग्नेचर चोरी कर किया गया भारी फर्जीवाड़ा

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



तत्कालीन उप पंजीयक एवं वर्तमान में सूरजपुर में डिप्टी कलेक्टर ने 27 जुलाई 2021 को उप पंजीयक मनेंद्रगढ़ को कार्यालय पत्र प्रेषित करते हुए स्पष्ट किया था कि 14, 15 एवं 26 जून को पंजीकृत दस्तावेज में उनके द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया है इसके बाद भी अभी तक मामले में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं. मनेन्द्रगढ़ जिला पंजीयक कोरिया बैकुण्ठपुर (छ.ग.) ने माह जून 2021 के रजिस्ट्री दस्तावेजों का परीक्षण करने के सम्बन्ध में एक पत्र तत्कालीन उप पंजीयक को लिखा था. जिसके जवाब में तत्कालीन उप पंजीयक ने बताया कि दिनांक 14.06.2021 टोकन क्रमांक 02,06 एवं दिनांक 15.06.2021 टोकन क्र.05 तथा 26 जून2021 टोकन क्र. 7, 8, 8(प्रस्तुती 02 जून 2021) व टोकन क्र. 12 दिनांक 26 जून2021 पंजीकृत दस्तावेज में मेरे द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त दैनिक सेवा प्रतिवेदन (सेवा प्रभार शुल्क विवरणी के जनन हेतु)14, 15 एवं 26 जून2021, भी मेरे द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है । उप पंजीयक मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त उक्त दस्तावेजों के परीक्षण से स्पष्ट है कि उक्त टोकन क्रमांको के रजिस्ट्री दस्तावेजों में किया गया हस्ताक्षर मेरे मूल हस्ताक्षर से बिलकुल भिन्न एवं मिलान नहीं होता है। उक्त फर्जी हस्ताक्षर के समय मैं उप पंजीयक कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में उपस्थित नही या बल्कि तहसील मनेन्द्रगढ़ में अन्यत्र शांति कानून व्यवस्था, कोरोना रोकथाम एवं अन्य प्रशासनिक, न्यायालयीन कार्य में व्यस्त था। रजिस्ट्री दस्तावेजों में हस्ताक्षर उप पंजीयक कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में रखे गये कम्प्यूटर सिस्टम एवं नेटवर्क से ही संभव है। उक्त रजिस्ट्री दस्तावेजों में फर्जी हस्ताक्षर आईटी सॉल्यूशन कम्पनी के ऑपरेटर द्वारा किया जाना प्रतीत होता है। उप पंजीयक की कुर्सी के समक्ष रखे गये कम्प्यूटर सिस्टम जिसमें उप रजिस्ट्रार का पासवर्ड आईडी सेव्ड या का अनाधिकृत उपयोग करके मेरे हस्ताक्षर बनाने का प्रयास किया गया है। रजिस्ट्री दस्तावेजों में फर्जी हस्ताक्षरों के समय अभिषेक चक्रवर्ती उप पंजीयक कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में उपस्थित रहे हैं एवं फर्जी हस्ताक्षर में उनकी संलिप्तता प्रतीत होती है।

### जून 2021 के रजिस्ट्री मामलों में भारी फर्जीवाड़ा उजागर

तत्कालीन रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री के मामले में कहा नहीं है मेरे हस्ताक्षर. डिजिटल सिग्नेचर की चोरी कर किया गया भारी फर्जीवाड़ा.छत्तीसगढ़ के विधायक धरमलाल कौशिक ने विधानसभा में उठाया मामला. रजिस्ट्रार की आपत्ति के बाद भी किया गया 6 रजिस्ट्रीओं का नामांतरण. 7वे रजिस्ट्री के नामांतरण की भी चल रही है तैयारी. मनेंद्रगढ़ में भू माफिआओं की स यता से सफेदपोश नेताओं की चांदी. तत्कालीन रजिस्ट्रार बोले मैं कर रहा था कोरोना काल में ड्यूटी और मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर किया गया फर्जीवाड़ा. बड़ा सवाल क्या प्रशासन पर इन फर्जी रजिस्ट्रीओं को करेगा विलोपित, और दोषियों पर करेगा कार्यवाही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन




**मुंगेली ।** भवानी साव रामलाल साव कृषि अभियान्यत्रकी महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र, मुंगेली के महाविद्यालय इकाइ द्वारा अधिष्ठाता डॉ एम पी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम चालान जिला मुंगेली में किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक ने बताया की शिविर के पांचवे दिन नुक्कड़ नाटक द्वारा नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। छठवें दिन ग्राम वासियों को मिनी राइस मिल का प्रशिक्षण हिमांशु एक्का, सहायक प्राध्यापक द्वारा दिया गया. कार्यक्रम में सरपंच संतोष सप्रे, गांव वासी एवं राष्ट्रीय सेवा

# पचास हजार लेकर भी कर दी धारा 151 की कार्रवाई हुई शिकायत

## थाना प्रभारी व आरक्षक की शिकायत पहुंची एसपी तक कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




बिजली विभाग करनौद में आपरेटर के पद पर कार्यरत राहुल साहू ने अपनी सिकायत मे बताया है की दिनांक 14 मार्च को दोपहर लगभग दो बजे सब स्टेशन करनौद में ड्यूटी कर रहा था तभी थाना बिर्रा से आरक्षक राजेश कौशिक और थाना प्रभारी बिर्रा आए और कहने लगे की तुम सट्टा खेलाते हो ऐसा बोल कर मेरे साथ मार पीट किया मेरी तलाशी ली गई तलाशी में जेब में लगभग दस हजार रुपए राशन हेतु रखा था जिसे आरक्षक द्वारा मेरे जेब से निकाला गया उसके बाद वहा मौजूद थाना प्रभारी को दे दिया गया उसके बाद मुझे पुलिस गाड़ी में जबरदस्ती बैठा कर बिर्रा थाना लेजाया गया जहा मुझसे पूछा गया तेरा मोबाइल कहा है तब मैने बताया मेरा मोबाइल तालदेवरी और करनौद के बीच कही घूम हो गया है तब उनके द्वारा कहा गया और तुम्हारे घर में तो मोबाइल होगा तब मैने बताया की मेरी मां मोबाइल चलाती है उसके बाद थाना प्रभारी ने पुलिस भेज कर मेरी मां की मोबाइल को जबरदस्ती छीन कर थाना लाया गया उसके बाद में उसे जप्त कर दिया गया । इसके बाद फिर से मुझे फिर से आरक्षक के द्वारा मुझे दो झापड़ मारा गया यह कहने के लिए मुझे मजबूर करने लगे की बोलो तुम सट्टा खेलाते हो मेरे द्वारा इनकार करने पर मुझे धमकी देते हुए यह कहा गया की तुमको अब जेल भेजना पड़ेगा तभी तुमको समझ आएगा नही तो एक लाख रुपए दो और इन सब से मुक्ति पाओ अगर नही दोगे तो गंभीर धारा जोड़कर तुमको जेल भेज दूंगा की धमकी दी गई तब मै डर कर अपने मामा के पास फोन कर 50000 हजार रुपए मंगाया और थाना प्रभारी को उनके कच्छ मे 50000 हजार रुपए दिया इसकी बाद भी मुझसे शेष राशि की मांग करने लगे नही दे पाने पर मेरे खिलाफ एक सप्ताह बाद दिनांक 20 मार्च को मेरे खिलाफ धारा 151 के तहत फिर से कार्रवाई कर दिया गया है।

### आखिर किस ने दे दिया पुलिस को मारने का अधिकार साहब

आखिर किस ने राहुल साहू को मारने का अधिकार आरक्षक को किस ने दे दिया है जिसका अधिकार पाके आरक्षक ने राहुल को मार दिया सिकायत कर्ता राहुल साहू ने पुलिस अधीक्षक से की सिकायत मे साफतौर पर जि किया है कि उसे आरक्षक ने मारा है और उसके जेब की तलाशी भी ली गई है जब कि पुलिस को मारने का अधिकार ही नही है पर पुलिस की धौंस जमाने के चक्क र मे आरक्षक ने राहुल से मारपीट कर दी है जिसकी लिखित सिकायत की गई है।

### आये दिन सुर्खियों मे रहती है बिर्रा पुलिस

जांजगीर चांपा जिले के बार्डर मे स्थित बिर्रा थाना आये दिन सुर्खियों मे बना रहता है यहां की पुलिस को बडे बडे मामलो में लेन देन कर मामला रफा दफा करने में महारत हासिल है जिसको लेकर आये दिन बिर्रा पुलिस सुर्खियों में बनी रहती है यहां शराब तस्कर अपनी दुकानदारी खुल कर चला रहे है और पुलिस इन पर मेहरबान बनी बैठी है इसके साथ ही क्षेत्र मे लगातार जुआ चलने की बात भी सामने आ रही है पर बिर्रा पुलिस अंजान बनी हुई है।

मारपीट तो कही नही किया गया है आदमी स्वतंत्रत है कही भी कुछ भी सिकायत कर सकता है वह पुराना सट्टोरीया है जिसके खिलाफसट्टा की कार्रवाई और 151 की कार्रवाई की गई है जिससे कारण वह सिकायत कर रहा है

अविनाश श्रीवास थाना प्रभारी बिर्रा

# छ.ग.में दूसरा एम्स खोलने के लिए नेताम ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,जनजाति मोर्चा,पूर्व गृहमंत्री, छ.ग.शासन,पूर्व सांसद राज्यसभा रामविचार नेताम ने केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली मनसुख मंडावी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के अंबिकापुर में एक और एम्स की स्थापना करने की मांग की गई है। रामविचार नेताम ने अपने लिखे हुए पत्र में कहां है कि रायपुर के अलावा दूसरे क्षेत्र में एक और एम्स की स्थापना अत्यंत पिछड़ा एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सरगुजा संभाग अम्बिकापुर का भू-भाग झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के सीमा से भी जुड़े होने से छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं प्रदेश से अन्यत्र क्षेत्र के लाखो मरीज अम्बिकापुर पर आश्रित है। वही अम्बिकापुर शहर एवं शहर से अन्यत्र लगभग 350 कि.मी. परिक्षेत्र में कोई भी बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध नही है। सरगुजा के अम्बिकापुर में बेहतर आवागमन की सुविधा,रेल मार्ग एवं वायु मार्ग उपलब्ध है। इन सभी सुविधाओं को देखते हुए प्रस्तावित एम्स की स्थापना करने की कृपा करें।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403